नयनतारा- टॉक्सिक में करीना की ...

हिन्दी दैनिक
दबंग हिन्द
जन की बात, सबके साथ
RNI NO. JHAHIN/2013/54377
रांची संस्करण

शुभमन गुजरात टाइटंस की कप्तानी ...

वर्ष : 12 | अंक : 123 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | बुधवार, 08 मई 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य – ₹ 2

असम में सर्वाधिक 74.9 और महाराष्ट्र में सबसे कम 53.4 फीसदी मतदान

शाम पांच बजे तक औसतन 60.2 फीसदी वोटिंग

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के तहत आज मंगलवार को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 94 सीटों पर वोट डाले गये. खबर है कि शाम 5 बजे तक 60.2 फीसदी वोटिंग दर्ज की गयी है. राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें तो शाम 5 बजे तक सबसे ज्यादा वोटिंग असम में 74.9 फीसदी और सबसे कम महाराष्ट्र में 53.4 फीसदी मतदान हुआ है.

बिहार में 56.01 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 66.87 फीसदी मतदान : शाम 5 बजे तक बिहार में 56.01 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 66.87 फीसदी, दादर और नगर हवेली और दमन और दीव में 65.23 फीसदी, गोवा में 72.52 फीसदी गुजरात में 55.22 फीसदी कर्नाटक में 66.05 फीसदी, मध्य प्रदेश में 62.28 फीसदी, उत्तर प्रदेश में 55.13 फीसदी और पश्चिम बंगाल में 73.93 फीसदी वोटिंग हुई है. पहले दो चरणों में लोकसभा की 543 सीट में से 189 सीटों पर मतदान हो चुका है. चौथे, पांचवें, छठे और सातवें चरण के चुनाव क्रमशः 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे. मतगणना चार जून को होगी.

भाजपा के कई बड़े केंद्रीय मंत्री आजमा रहे किस्मत : गुजरात की गांधीनगर सीट से गृह मंत्री अमित शाह चुनाव लड़ रहे हैं. उनका मुकाबला कांग्रेस की सोनल रमनभाई पटेल से है. महाराष्ट्र की बारामती सीट की बात करें तो शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार आमने-सामने है. ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), नारायण राणे (रत्नागिरी सिंधु दुर्ग सीट), श्रीपद यसो नाइक, (उत्तर गोवा), देवुसिंह चौहान (खेडा सीट), भगवंत खुबा (बीदर सीट), पुरुषोत्तम रूपाला (राजकोट), प्रह्लाद जोशी (धारवाड़) और एसपी सिंह बघेल (आगरा) से चुनाव लड़ रहे हैं. वहीं विपक्ष से दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव सहित कई की साख दांव पर है.

अमित शाह ने मतदान के बाद कामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में एक मतदान केंद्र पर वोट डाला. इसके बाद नारणपुरा स्थित कामेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की. अमित शाह गांधीनगर लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार हैं. कांग्रेस ने अपनी पार्टी सचिव सोनल पटेल को गांधीनगर से मैदान में उतारा है. कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ. उमेश जाधव ने कलबुर्गी में एक मतदान केंद्र पर मतदान किया. बाहर निकलने के बाद उन्होंने अपनी उंगली पर अमिट स्याही का निशान दिखाया. डॉ. उमेश जाधव का मुकाबला कांग्रेस पार्टी के प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि से है. इसके अलावा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मध्य प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष व खजुराहो सीट से भाजपा उम्मीदवार वीडी शर्मा ने मतदान किया. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बारामती में वोट डाला. बॉलीवुड अभिनेता व अभिनेत्री भी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं. रितेश देशमुख और उनकी पत्नी जेनेलिया देशमुख ने लातूर के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला.

मतदान करें और वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनायें : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद के निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में मतदान किया. साथ ही आम जनता से भी वोट की अपील की. उन्होंने लिखा कि तीसरे चरण के सभी मतदाताओं से मेरा आग्रह है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और वोटिंग का एक नया रिकॉर्ड बनायें. आप सभी की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र के इस महोत्सव की रौनक को और बढ़ायेगी.

मुर्शिदाबाद में बीजेपी प्रत्याशी और टीएमसी के बूथ प्रेसीडेंट की झड़प

असम के गुवाहाटी में रात भर भारी बारिश हुई. इसके बावजूद यहां मतदाताओं की लंबी कतारें लगी हैं. छत्तीसगढ़ के रायपुर और बंगाल के मुर्शिदाबाद में लंबी कतारें नजर आ रही हैं. इस बीच खबर आ रही है कि मुर्शिदाबाद में मतदान के बीच कांग्रेस नेता के घर पर क्रूड बम फेंका गया है. इतना ही नहीं मुर्शिदाबाद के जांगीपुर में एक मतदान केंद्र पर भाजपा उम्मीदवार धनंजय घोष के साथ तृणमूल कांग्रेस के बूथ प्रेसीडेंट की झड़प हुई.

एक नजर

रांची के सदर थाना क्षेत्र में दो लोगों ने की आत्महत्या

रांची। जिले के सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो लोगों ने आत्महत्या कर ली. पहला मामला सदर थाना क्षेत्र के चुना भट्ठा का है. यहां सिंकू पासवान नाम के एक युवक ने आत्महत्या की. वहीं दूसरी घटना सदर क्षेत्र के भाभा नगर में हुई है. यहां 56 वर्षीय विजय राम ने अपने ही घर में आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुट गयी. सिंकू पासवान रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला था. वह चुना भट्ठा स्थित अपने ससुराल आया था. परिजनों के अनुसार, ससुराल में ही उसका अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर सोमवार की रात झगड़ा हुआ था. इसी बात से नाराज होकर सिंकू पासवान ने आत्महत्या कर ली. मंगलवार की सुबह सिंकू का शव कमरे में पड़ा मिला. वहीं विजय राम रांची के एक डॉक्टर का गाड़ी चलाता था.

आईआरबी जवानों से भरी बस पलटी, एक की मौत, चार घायल

बगोदर। बगोदर थाना क्षेत्र झरी पुल घाघरा कॉलेज के समीप मंगलवार की दोपहर आईआरबी जवानों से भरी बस असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. जिसमें एक जवान की मौके पर ही मौत हो गयी. वही करीब दस जवान घायल हो गए हैं. मृतक जवान की पहचान विकास भगत के रूप में की गई है. सभी आईआरबी के जवान है जो गिरिडीह से गढ़वा जा रहे थे, इसी दौरान बस असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. इस बाबत बताया जाता है कि शिखर ट्रेवल्स नामक बस जो कि जीटी रोड़ डुमरी की तरफ से बगोदर आ रही थी. तभी बस का चालक एक बाइक को बचाने के क्रम में असंतुलित होकर डिवाइडर में चढ़ गयी और बस का टायर फटने से सीधे सड़क पर जाकर पलट गयी. इस घटना में बस में सवार एक पुलिस जवान की मौके पर ही मौत हो गयी. वंही बस में सवार 12 जवान घायल हो गए.

धनबाद में सड़क हादसा, दो सगी बहनों की मौत

धनबाद। धनबाद जिले के धनबाद थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में दो छात्राओं की मौत हो गयी है. इससे आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया. सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया गया. मृतकों में इशिका होरो और जिया होरो शामिल हैं. ये दोनों सगी बहनें हैं. इनके पिता जय होरो शिक्षक हैं. बताया जा रहा है कि छोटी बहन जिया होरो को बड़ी बहन इशिका स्कूल से लेकर स्कूटी से घर लौट रही थी, तभी स्कॉर्पियो ने स्कूटी को टक्कर मार दी. इससे दोनों बहनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. धनबाद थाना क्षेत्र के अशर्फी अस्पताल के निकट तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार को धक्का मारा और घटनास्थल पर ही दोनों छात्राओं की मौत हो गयी. मौत से आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन करने लगे. इसकी खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी समझाने-बुझाने के बाद शव उठाया गया.

चाईबासा में जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा, राहुल ने कहा

आदिवासी महिलाओं की संवारेंगे जिंदगी बनाएंगे लखपति, जोबा मांझी को दे वोट

दबंग हिन्द संवाददाता

गुमला/चाईबासा। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया. राहुल गांधी ने कहा कि जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है. कांग्रेस इस अधिकार को किसी भी कीमत पर खत्म होने नहीं देगी. राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग आदिवासियों को वनवासी कहते हैं, यानी आदिवासी लोग जंगलों में रहते हैं. आरोप लगाया कि भाजपा के लोग जंगल में अब अदानी और अंबानी को प्रवेश करवा रहे हैं. इससे एक दिन जंगल खत्म हो जायेंगे. आपसे कहा जायेगा कि अब आप लोग यहां से चले जाइए. जंगल में आप लोगों के लिए रहने की जगह नहीं है.

भाजपा के लोग संविधान को बदलना चाहते हैं : अपने भाषण के क्रम में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग संविधान को बदलना चाहते हैं. उस संविधान को बदलना चाहते हैं. जिसके जरिए आदिवासी, दलित और पिछड़ों को नौकरी, शिक्षा, भोजन तमाम तरह के अधिकार मिलते हैं. आरक्षण भी इसी संविधान के तहत मिलता है, इसलिए संविधान बदलकर आदिवासी, दलित एवं पिछड़ों का अधिकार यह लोग खत्म करना चाहते हैं, मगर कांग्रेस किसी भी कीमत पर संविधान को बदलने या खत्म करने नहीं देगी. राहुल ने कहा कि इसके लिए जो भी कुबार्नी देनी पड़ेगी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग देने को तैयार है.

झारखंड के आदिवासी हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं : राहुल गांधी ने कहा कि एक साजिश के तहत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया है. मगर किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है. हम सभी मिलकर उन्हें जेल से निकालेंगे. कहा कि कल्पना सोरेन, चंपई सोरेन और झारखंड के तमाम आदिवासी हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं.

महिलाओं के अकाउंट में हर साल डालेंगे एक लाख : राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन अगर सत्ता में आया तो देश की गरीब महिलाओं का और परिवारों का सर्वेक्षण कराया जायेगा और हर परिवार की एक महिला को उसके अकाउंट में हर वर्ष 100,000 रुपये डाले जायेंगे. आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का मानदेय दुगना कर दिया जायेगा. राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 22 पूंजीपतियों को अरबपति और करोड़पति बना रहे हैं, मगर हम देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनायेंगे.

2014 से पूरे देश में हो रही है झूठ की खेती : चंपाई सोरेन

बीजेपी है झारखंड के पिछड़ेपन का जिम्मेवार, बीजेपी मिटाना चाहती है इतिहास

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि 2014 से पूरे देश में झूठ की खेती हो रही है. बीजेपी ने झारखंड में सबसे ज्यादा शासन किया, लेकिन झारखंड को अलग दिशा में ले गए. सीएम मंगलवार को बसिया में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ेपन की जिम्मेदार बीजेपी है. रोजगार और आदिवासी मूलवासी कल्याण की बात नहीं करते. 10 साल से केवल जुमलेबाजी हो रही है. उन्होंने लोगों से अपील करते हुये कहा कि पांच साल में मिला एक मौका नहीं गंवाना है. उन्हें सत्ता से बेदखल करना है. वे झारखंड के किसानों का हित नहीं सोचते. मुट्ठी भर पूंजीपति के लिए सरकार है. पीएम मोदी ने कभी नहीं सोचा कि आदिवासी अस्मिता कैसे बचेगी. परंपरा कैसे बचेगी. शिक्षा की व्यवस्था नहीं की. केवल जुमला ही इनका कार्य है.

देश के लिए निर्णायक है यह चुनाव : सीएम ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए निर्णायक है. हम सब इंडिया गठबंधन के हैं. देश में तानाशाही है. लोकतंत्र को बचाना है. संविधान को खतरा है. आदिवासी मूलवासी अस्तित्व बचाने के लिये सरना धर्म कोड बनाया, लेकिन बीजेपी ने रोक दिया. ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की, लेकिन वो आगे नहीं बढ़ा. बीजेपी पूरी तरह से आदिवासी-मूलवासी, पिछड़ा, दलित, गरीब विरोधी है.

बीजेपी मिटाना चाहती है इतिहास : डबल इंजन की सरकार ने प्राइमरी स्कूल बंद किए. गांव के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई. इनकी मंशा आदिवासी कल्याण की नहीं है. बीजेपी यहां का इतिहास मिटाना चाहती है. जंगल के भीतर भी योजना पहुंची. सर्वजन पेंशन स्कीम हम लाए. ये बीजेपी वाले झारखंड को आगे बढ़ाना कभी नहीं सोचे. केवल खनिज का व्यापार किया. पूंजीपतियों को सब सौंप दिया. झारखंड खुद अपने पैरों पर खड़ा होगा. राहुल गांधी युवा सम्राट हैं. चुनाव संविधान बचाने के लिए है. लोकतंत्र को बचाने के लिए है. तानाशाही को मिटाना है. तानाशाही की वजह से ही आपके नेता हेमंत सोरेन जेल में हैं. हमें मजबूती से संघर्ष करना है. हमने अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ लड़ाई की. हमें सुखदेव और कालीचरण को जीतना है. झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करनी है.

दूसरे दिन सात नये ठिकानों पर ईडी की छापेमारी कांट्रेक्टर राजीव सिंह के ठिकाने से डेढ़ करोड़ बरामद

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसके नौकर समेत कई अन्य लोगों ठिकानों पर ईडी ने सोमवार को छापेमारी की थी. यह छापेमारी खत्म होने के बाद दूसरे दिन मंगलवार को ईडी की टीम एक साथ सात नये ठिकानों पर रेड मारी है. जानकारी के मुताबिक, सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ-साथ रांची के रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डरों के यहां छापेमारी चल रही है. दूसरी तरफ ईडी की टीम ने रांची के डोरंडा इलाके में रहने वाले कांट्रेक्टर राजू सिंह के ठिकानों पर छापा मारा है. इस दौरान ठेकेदार राजू सिंह के यहां से करोड़ों नगद बरामद हुए हैं. बरामद पैसों की गिनती के लिए बैंक से नोट गिनने वाली मशीन मंगवायी गयी है.

सोमवार की छापेमारी में 35.23 करोड़ हुए थे बरामद : गौरतलब है कि इससे पहले सोमवार को हुई ईडी की रेड में 35.23 करोड़ बरामद किये गये थे. इस मामले में ईडी ने छापेमारी के बाद देर रात मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसके नौकर को गिरफ्तार कर लिया.

मंत्री आलमगीर के ओएसडी संजीव और जहांगीर से 13 मई तक ईडी करेगी पूछताछ : ईडी की टीम ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर को सोमवार की देर रात गिरफ्तार करने के बाद आज मंगलावर को कोर्ट में पेश किया. एजेंसी ने रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट से संजीव लाल और जहांगीर से पूछताछ करने के लिए दस दिनों की रिमांड मांगी है. जिसके बाद कोर्ट ने सात दिनों की रिमांड की मंजूरी दी. बता दें कि ईडी ने सोमवार की सुबह मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल समेत कई अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी, जो देर रात तक चली.

जम्मू कश्मीर में सेना ने सर्च ऑपरेशन में 3 आतंकियों का किया एनकाउंटर

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में सेना को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कश्मीर के कुलगाम में चल रहे सर्च ऑपरेशन में सेना के जवानों ने 3 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया है। खबरों की मानें तो सेना को करीबी सूत्रों से कुलगाम में आतंकियों के होने की सूचना मिली थी। ऐसे में सेना के जवानों ने सोमवार की रात इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था, जो कि मंगलवार की सुबह पूरा हुआ। आतंकियों के साथ हुई मठभेड़ में सेना ने तीनों को ढेर कर दिया। कुलगाम में मारे गए तीन आतंकियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा की शाखा ळफ्फ्क्का मुखिया बसीत डर था, जिसे सुरक्षा बलों ने कुलगाम के रेडवानी इलाके में मार गिराया है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने न्यूज 24 से बातचीत में बताया कि बसीत का नाम अ++ आतंकियों की फेहरिस्त में शामिल था और उसके ऊपर 10 लाख रुपए का इनाम रखा गया था। बसीत 2021 से घाटी में एक्टिव था। वहीं सुरक्षा बलों से लेकर आम नागरिकों की मौत के पीछे अक्सर बसीत का नाम सामने आता था। सर्च ऑपरेशन में मारे गए तीनों आतंकियों के शव को सुरक्षा बलों ने कब्जे में ले लिया है और उनके बारे में अधिक जानकारी पता लगाने में जुटे हैं।

जेएमएम ने चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित किया, लोहरदगा से निर्दलीय लड़ रहे चुनाव

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के बागी विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है. साथ ही उन्हें पार्टी के सभी पदों से भी मुक्त कर दिया गया. इससे संबंधित पत्र पार्टी के महासचिव विनोद पांडे ने जारी किया है. पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में आपने (चमरा लिंडा) महागठबंधन के खिलाफ जाकर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है. ऐसे में केंद्रीय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर आपको पार्टी के सभी पदों से हटाया जाता है. साथ ही पार्टी की सदयस्ता से भी निलंबित किया जाता है.

लोहरदगा सीट से चमरा लिंडा ने निर्दलीय किया है नामांकन : मालूम हो कि चमरा लिंडा लोहरदगा संसदीय सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. हालांकि पार्टी ने उन्हें नाम वापसी की तिथि तक अंतिम मौका दिया था. लेकिन उन्होंने नाम वापस नहीं लिया. जिसके बाद पार्टी ने चमरा लिंडा पर कार्रवाई करते हुए सभी पदों से हटा दिया और पार्टी की सदयस्ता से भी निलंबित कर दिया. आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गुमला में चुनावी सभा है, इसको देखते हुए पार्टी ने यह निर्णय लिया है. झामुमो के केंद्रीय कमेटी ने बिशुनपुर विधानसभा चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया है. इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है. ये कारवाई पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश के आलोक में की गयी है. जारी अधिसूचना में उन पर गठबंधन धर्म के विपरीत कार्य करने की बात लिखी गयी है. पार्टी ने उन्हें निलंबित करते हुए सभी पदों से मुक्त कर दिया है.

राजधानी रांची में बारिश की हल्की फुहारों से मौसम हुआ सुहाना, गर्मी से मिली थोड़ी राहत

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है. गर्मी का पारा डाउन हो गया. राजधानी में बारिश की हल्की फुहारों से मौसम सुहाना हो गया है. वहीं राजनीति का पारा हाई हो गया है. मौसम विभाग के अनुसार 13 मई तक बारिश होगी. आंधी चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका भी है. इसका प्रभाव राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा. इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है. मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री की गिरावट हो सकती है. इसके बाद अगले 3 दिनों में इसमें कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है.

8 और 9 मई को भी मध्यम दर्जे की होगी बारिश : मौसम केंद्र के अनुसार 8 और 9 मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यतम दर्जे की बारिश हो सकती है. राज्य में कुछ स्थानों पर 10 और 11 मई तक बारिश होगी. राज्य में कहीं-कहीं 12 मई को बारिश होगी. राज्य में कुछ स्थानों पर 13 मई को बारिश होगी.

30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा : मौसम केंद्र के अनुसार 8 से 10 मई को राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है. इस दौरान हवा की स्पीड 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है. राज्य में 11 मई को कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है. झारखंड के कई जिलों के लिए तत्कालिक अलर्ट जारी किया गया है. मौसम केंद्र के मुताबिक इसका प्रभाव गढ़वा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, रांची, सिमडेगा जिले के कुछ भागों में देखने को मिलेगा.

पीएम मोदी ने कहा, देश वोट जिहाद से चलेगा या रामराज्य से, यह लोगों को तय करना होगा

एजेंसी

मध्य प्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोगों को यह तय करना होगा कि देश वोट जिहाद से चलेगा या राम राज्य से. मध्य प्रदेश के खरगोन में एक रैली को संबोधित करते हुए मंगलवार को मोदी ने विपक्षी कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि उसकी मंशा बहुत खतरनाक है और वह उनके खिलाफ वोट जिहाद का आह्वान करती है उन्होंने कहा, भारत इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है. आपको यह तय करना होगा कि देश वोट जिहाद से चलेगा या राम राज्य से. मोदी ने कहा, विपक्ष के इंडी गठबंधन के सहयोगियों को जनता के भाग्य की चिंता नहीं है वे अपने परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं. अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जैसे ही उन्होंने विपक्ष के एजेंडे को उजागर किया है, विपक्ष ने उनके खिलाफ अपना पूरा गालियों का शब्दकोष खाली कर दिया है.

भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया : मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, आपके वोट ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है, अनुच्छेद 370 (जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था) को हटा दिया है, एक आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया है और आपके वोट ने भारत में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है. उन्होंने कहा, आपके वोट ने अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनाने के लिए 500 साल का प्रतीक्षा समाप्त कर दी. मोदी ने कहा कि लोगों के प्रयासों से देश आगे बढ़ रहा है. प्रधानमंत्री ने आज लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के पहले दो घंटों में मतदान की गति पर भी संतोष व्यक्त किया.

मुसलमानों को पूरा आरक्षण मिलना चाहिए : प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में भी सभा को संबोधित किया. कहा कि मुसलमानों के आरक्षण को लेकर कांग्रेस चुप है लेकिन आज उसके एक सहयोगी ने इंडिया गठबंधन के इरादों की पुष्टि की. उनके नेता जो चारा घोटाले के सिलसिले में जेल में हैं और उन्हें सजा हुई है कोर्ट से. वह अभी जमानत पर बाहर आया है. उसका कहना है कि मुसलमानों को पूरा आरक्षण मिलना चाहिए. पूछा कि क्या एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय को पूरा आरक्षण मिलना चाहिए और मुसलमानों को पूरा आरक्षण देना चाहिए.

ठनका गिरने से एक की मौत, पांच लोग झुलसे

दबंग हिन्द संवाददाता

चक्रधरपुर। गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुमडी गांव में सोमवार की शाम ठनका गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. जबकि पांच लोग झुलस गए. इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर है. घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. सभी लोग कुमडी में मुर्गा पाड़ा में मौजूद थे. शाम करीब पौने पांच बजे अचानक मौसम खराब होते ही वज्रपात हुआ. जिससे मुर्गा पाड़ा में मौजूद साल मोहन की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं पांच लोग आसमानी बिजली की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर गए. मृतक साल मोहन सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड अंतर्गत जोरोड़ा गांव का निवासी है. जानकारी के अनुसार पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती के उपलक्ष्य में कुमडी गांव में मेला लगा था. वहीं मुर्गा पाड़ा भी चल रहा था. पाड़ा की भीड़ में अचानक वज्रपात हो गया. साल मोहन के अलावा गोइलकेरा के कातिंगकेल निवासी 32 वर्षीय संतोष गुड़िया, आनंदपुर निवासी 30 वर्षीय इसराइल लुगुन, गोइलकेरा निवासी श्याम गुप्ता, मछुवा टोली के सुनील और सुनील मछुवा को भी आसमानी बिजली का झटका लगा और वे बेहोश होकर गिर गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अकबर खान को इसकी जानकारी दी. जिसके बाद उन्होंने अस्पताल से एम्बुलेंस भेजकर घायलों को अस्पताल लाने की व्यवस्था की. गंभीर रूप से घायल इसराइल लुगुन और संतोष गुड़िया को सीएचसी में भर्ती कराया गया है. जबकि अन्य घायलों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है.

मतदाता जागरूकता को लेकर वॉकथॉन सहित अन्य कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

नई पहल, निमंत्रण पत्र देकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया गया आमंत्रित।

मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगनों के साथ बड़ी संख्या में छोड़े गए गुब्बारे

दबंग हिन्द संवाददाता

रामगढ़। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। निर्वाचन के दौरान रामगढ़ जिले में प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को मतदाता जागरूकता के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया सर्वप्रथम रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से सुभाष चौक रामगढ़ तक वॉकथॉन वॉक फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित अन्य स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं सहायिकाओं, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों, सहित बड़ी संख्या में जिले वासियों ने वॉकथॉन में हिस्सा लिया।

वॉकथॉन के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न स्लोगन सहित अन्य रचनात्मक तरीके से लोगों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने, मतदान के महत्व आदि के प्रति जागरूक किया गया। वॉकथॉन संपन्न होने के उपरांत सुभाष चौक रामगढ़ के समीप सभी ने मतदाता जागरूकता के तहत स्वयं मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को मतदान के महत्व के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि अक्सर हम देखते हैं कि शहरी क्षेत्र में रहने वाले मतदाता सभी तरह से जागरूक होने के बावजूद मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं। हमारा वोट हमारा भविष्य तय करता है इसलिए यह बहुत जरूरी है की प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करें वहीं उन्होंने सभी से स्वयं मतदान करने एवं अपने आसपास रहने वाले अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए सभी को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की शुभकामनाएं दी एवं सभी से निर्वाचन के दौरान 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को उनके मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने का कार्य किया वहीं उन्होंने सभी से स्वयं एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की अपील की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने नई पहल करते हुए लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को सांकेतिक रूप से निमंत्रण पत्र देकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया।

होली चाइल्ड स्कूल के बच्चों ने मतदाताओं को रैली निकाल कर किया जागरूक

दबंग हिन्द संवाददाता

कोडरमा। कोडरमा लोकसभा में 20 मई को मतदान होना है और इसको लेकर मंगलवार की सुबह झुमरीतिलैया के बिशुनपुर रोड स्थित होली चाइल्ड स्कूल की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली गई इस जागरूकता रैली में स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका ओझा सहित सभी शिक्षकगण व नवमी और दशमी के बच्चे शामिल थे यह रैली बिशुनपुर होते हुए कोरिया बस्ती , नवादा बस्ती , सीडी कॉलोनी और नरेश नगर होते हुए पुनः स्कूल जाकर एक अच्छे भारतीय होने की शपथ लेते हुए कार्यक्रम में तब्दील होते हुए समाप्त हो गई रैली में शिक्षक व बच्चों ने अलग-अलग स्लोगन की तकक्तियां जैसे पहले मतदान फिर जलपान, वोट देने जाना है अपना फर्ज निभाना है, 20 मई को वोट करेगा कोडरमा आदि जैसे नारों से लोगों को जागरुक कर रहे थें शिक्षक गण व बच्चों ने लोगों को अपने साथ-साथ आसपड़ोस में रहने वाले लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दियो प्रिंसिपल प्रियंका ओझा ने बताया कि स्टूडेंट्स की अपील का लोगों पर काफी प्रभाव पड़ता है और इसी को ध्यान में रखकर होली चाइल्ड स्कूल द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गयो प्रियंका ने लोगों से अपील करते हुए कहा की 20 मई को छुट्टी का दिन न समझें, बल्कि इस दिन को सबसे अहम दिन मानते हुए जलपान से पहले मतदान करें एक अच्छी सरकार बनने से ही देश व समाज की तकदीर बदल सकती है कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका सीमा सिंह,मुस्कान सिन्हा, प्रीति सिंह, काजल कुमारी, साध्वी पांडे, काजल सिन्हा, पायल कुमारी, सृष्टि कुमारी, पूनम सिन्हा, रूपाली कुमारी सहित शिक्षक शौर्य चौधरी, निशिथ ओझा, महेश सिंह, गोपाल पांडे,कुणाल कुमार, प्रवीण कुमार यादव, अफजल हुसैन, असगरी खातून, रितु कुमारी सहित सभी बच्चे शामिल थे।

जल्द से जल्द विद्यालय खोलने का आदेश करें सरकार: अध्यक्ष संदीप

बड़कागांव। झारखंड में अब सभी विद्यालयों को सुबह 6:00 से 10:00 तक खुलने का आदेश सरकार के द्वारा दे देना चाहिए क्योंकि विद्यालय बंद रहने से बच्चों का पठन-पाठन कार्य ठप है और उनका भविष्य अंधेरे में है। सरकार ने बढ़ते लू और गर्मी के हवाला देते हुए विद्यालय बंद कराया था। इसके आदेश को पालन करते हुए हम सभी निजी विद्यालय में विद्यालय बंद कर दिया था। जिसके बाद अभी बदलते मौसम को देखते हुए सुबह के 10:00 बजे तक ठंडा मौसम रहने की वजह से सरकार को पुन विद्यालय खोलने का आदेश देना चाहिए। उक्त बातें बड़कागांव प्रखंड निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष सह बी.एम. मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। आगे उन्होंने कहा कि वैसे भी लगातार 2 साल कोविड के रहने की वजह से बच्चों का पठन-पाठन में काफी असर पड़ा है। और अभी फिर से विद्यालय बंद करना बच्चों की पढ़ाई बिल्कुल बर्बाद हो रहा है। चुकी अभी जून महीने में गर्मी की छुट्टी फिर से होगी। सरकार का आदेश पर बड़कागांव सहित अन्य जगहों के सभी विद्यालयों को पूर्णता बंद कर दिया गया है।

उपायुक्त ने किया पॉलीटेक्निक कॉलेज में अस्थाई रूप से बने स्ट्रॉन्ग रूम एवं रिसीविंग रूम के स्थल का निरीक्षण

दबंग हिन्द संवाददाता

लोकसभा चुनाव 2024 के निमित मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के पॉलीटेक्निक कॉलेज में अस्थाई रूप से बने डिस्पैच एवं रिसीविंग रूम के स्थल का निरीक्षण किया। उस दौरान उन्होंने ईवीएम कमीशनिंग, स्ट्रॉन्ग रूम समेत अन्य कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और प्रतिनियुक्त कर्मियो को सक्रिय होकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी कोषांगो के वारिया एवं प्रभारी पदाधिकारी भी मौजूद रहें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मटेरियल वितरण हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान पदाधिकारियों के लिए आवागमन की सुविधा को दुरुस्त करने की बात कही। इसके आलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने माइक सिस्टम की व्यवस्था करने, शौचालय तथा पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, जिला अपर समाहर्ता, PD ITDA, एसडीओ चैनपुर, निदेशक डीआरडीए सहित अन्य सर्बधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

नागफेनी गांव में निमार्णाधीन कुएं में गिरने से इलाज के क्रम में मजदूर की हुई मौत

दबंग हिन्द संवाददाता

गुमला। सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत नागफेनी पोढ़ा पहन टोली निवासी 55 वर्षीय बबलू खड़िया की कुएं में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गांव में मनरेगा के तहत सुकरा खड़िया का कुआं बन रहा है जिसमें 6 मजदूर काम कर रहे थे। टक्कर आने के बाद मजदूर पीठ के बल कुआं मे गिर गया। कुआं की गहराई करीब 20 फिट है इसके बाद वह बेहोश हो गया तत्काल उसे कुएं से निकाल कर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई वहीं। फिलहाल शव को शव गृह में रखा गया है। घटना की जानकारी के बाद सीएफटी यूआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान अपने सहयोगी जावेद आलम के साथ सदर अस्पताल पहुंचे वहीं परिजनों से मुलाकात की जुम्मन खान ने मृतक मजदूर के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है कहा मजदूर का परिवार अत्यंत गरीब है और उन्हें आगे की जीवन जीने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा प्रशासन मजदूर के परिजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी दे। गुमला जिला वा झारखंड प्रदेश के सभी प्रवासी श्रमिकों से मजदूर संघ उ.ऋळ.व.क प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं समस्त टीम की ओर से अपील करते हुए कहा है कि आप जहां कहीं भी काम करने गए हैं। वोट से एक दो दिन पहले समय निकाल कर अपने अपने घर वापस आ कर अपने मत का उपयोग करें। मत का दुर ?उपयोग होंने से बचावें। क्योंकि यह मौका पांच साल में एक बार आता है। इसलिए आप अपना मत का उपयोग करें। आपका एक एक मत उपयोगी है।तथा सरकारी बनाने में अहम भूमिका निभाने का काम करेगा। इस बार जो लोग मजदूर वर्ग को तरह तरह के लालच देकर वोट मांगने का काम कर रहे हैं उन्हें मोह तोड़ जबाब मिलेगा। क्योंकि प्रवासी श्रमिक या संगठित मजदूर वर्ग या फिर अंसगठित मजदूर वर्ग हों सभी एक जुट हो चुके हैं हम उसी प्रत्यासी को अपना मत देंगे जो मजदुरों का दुःख तकलीफ में बराबर का हिस्सेदारी देंगे।अब कोई मजदूर वर्ग नहीं बिकेंगे।

लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने बड़कागांव में किया प्रेस वार्ता

दबंग हिन्द संवाददाता

बड़कागांव। बडकागांव लोकसभा क्षेत्र में तमाम मीडिया बंधुओ के साथ रुक्मणी भवन बडकागांव में एक प्रेस वार्ता किया। जहाँ बडकागांव मीडिया बंधु को संबोधित करते हुए राजनीति में आने के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य समाज सेवा, समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना, देश की बहन बेटियों की सुरक्षा, भष्टार्चार, बेरोजगारी दूर करने के साथ-साथ समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना है। आज बडकागांव क्षेत्र की जनता जिन समस्याओं से जूझ रही है वो अछुता नही है। इस क्षेत्र में विकास के नाम राजनीति कर लोगों को ठगने का काम किया गया है। ऐसी ठग वाली राजनीति से लोगों को बचाना है। यहां के लोगों को उनका सही हक और न्याय दिलाने का काम करूँगा। इस मौके पर हिन्दू युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मेहता ने कहा कि मेरे संघ का समर्थन श्री केशरी के साथ है। आज जिस तरह से क्षेत्र में भष्टार्चार और बेरोजगारी, को बढ़ावा देते हुए क्षेत्र के विकास को ठेंगा दिखाया गया है। वैसे में जरूरत है श्री केशरी जैसे कर्मठ युवा समाजसेवी के हाथों में कमान सौंपने का। सूजीत मेहता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम सेवा संगठन ने कहा कि जिस तरह से जात-पात की राजनीति कर नेताओं ने हम लोगों को ठगा है आज समस्त हिन्दू परिवार आहत है। इसलिए हम सब संगठन एकजुट होकर श्री केशरी के समर्थन में खड़े है। मौके पर दीप प्रकाश नारायण संगठन महासचिव हिन्दू राष्ट्र संघ झारखण्ड ने कहा कि श्री केशरी का राजनीति में आना आज समय की मांग है। संघर्षों से हमेशा नाता रहा है ऐसे में हर संघर्षशील युवा के प्रेरणा है श्री केशरी। आज हर कोई गंदी मानसिकता वाली राजनीति के षडयंत्रो का शिकार है। ऐसी मानसिकता वाली राजनीति से हजारीबाग संसदीय क्षेत्र को बचाकर मजबूत लोकतंत्र की स्थापना करने की जरूरत है। अंत में सभा को संबोधित करते हुए मीडिया बंधु के माध्यम से लोगों से अपील करते हुए श्री केशरी ने कहा कि मैं लोगों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़ा हुआ हूँ। मेरा चुनाव चिह्न गुब्बारा छाप है। अपना प्यार और आशीर्वाद मुझे दे। मैं आपके विश्वास पर हमेशा खरा ऊतरूँगा। हमेशा आपके साथ खड़ा रहूँगा।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने संत जेवियर्स बालक उच्च विद्यालय को एक विकेट से हराया

दबंग हिन्द संवाददाता

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे 13वीं ज्ञान चंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत आज खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में पी० एम० श्री केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर ने संत जेवियर्स बालक उच्च विद्यालय चाईबासा को मात्र एक विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की। आज की जीत के साथ हलांकि केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर ने चार अंक हासिल कर लिए परंतु सुपर डिवीजन में क्वालीफाई करने से वंचित रह गयी।

अपने तीनों ग्रुप लीग मैच खेलकर एक जीत एवं दो पराजय के साथ केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर के कुल चार अंक ही हुए हैं और अंक तालिका में ये तीसरे स्थान पर है। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए संत जेवियर्स बालक उच्च विद्यालय चाईबासा की पूरी टीम 13.2 ओवर में 89 रन पर सिमट गई। सचिन बिरुली ने चार चौकों की सहायता से 23 रन की पारी खेली जबकि प्रिंस दास ने 10 रन बनाए। अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाया। पी० एम० श्री केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर की ओर से देव महतो ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र आठ रन देकर चार खिलाड़ियों को चलता किया।

ओम कुमार मंडल, वैभव प्रधान एवं नवीन मुंडा को दो-दो सफलता हाथ लगी। जबाबी पारी खेलने उतरी पी० एम० श्री केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर ने 13.4 ओवर में 92 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। हलांकि इस चक्कर में उनके नौ बल्लेबाज पैविलियन लौट गए। एक समय तो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि शायद केंद्रीय विद्यालय की टीम हार जाए परंतु एक छोर पर ओम कुमार मंडल ने 15 नाबाद रनों की पारी खेलकर टीम की नैया पार लगा दी। इस टीम की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज एन० कार्तिक ने छः चौकों की मदद से 26 रनों की शानदार पारी खेली जबकि वैभव प्रधान ने 17 रन बनाए। संत जेवियर्स बालक उच्च विद्यालय की ओर से कनिष्क गोराई ने 23 रन देकर चार विकेट हासिल किए। आयुष मेहता एवं प्रिंस दास को दो-दो विकेट मिला। मैच समाप्ति के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव एवं अपने समय के मशहूर क्रिकेटर रहे अनूप बर्मन ने पी० एम० श्री केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर के देव महतो को उसके शानदार गेंदबाजी के लिए मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

एक नजर

विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सचिव श्री राम कुमार लाल गुप्ता ने किया संस्थाओं का दौरा

गुमला। जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र की निदेर्शानुसार ,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, श्री रामकुमार लाल गुप्ता के द्वारा संप्रेषण गृह नारी निकेतन वृद्धाश्रम मुख बधिर विद्यालय का दौरा किया गया ।साथ में अस्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह, पैनल अधिवक्ता नवनीत कुमार ,डीएलएफ से सहायक प्रकाश पांडे उपस्थित थे। माननीय सचिव महोदय ने संप्रेषण गृह के बच्चों से मुलाकात किया और कहा की जो भी बच्चे यहां किसी कारण से आ गए हैं वह समय का सदुपयोग करें पढ़ाई लिखाई कंप्यूटर प्रशिक्षण आदि का लाभ उठाएं और भविष्य में अच्छे रास्ते में चलकर अपने परिवार का नाम रोशन करें। और यदि कोई भी बच्चा जो संप्रेषण गृह में है वह अपना वकील नहीं रख पा रहा है तो मुझे तुरंत आवेदन दें ताकि मैं उन्हें पैनल अधिवक्ता मुहैया करा सकूं उन्होंने पीएलबी तेतरु उरांव को भी निर्देश दिया कि वैसे बच्चों को चिन्हित कर उनका आवेदन लेकर डीएलएसए को तुरंत दें। उन्होंने संप्रेषण गृह के अधीक्षक अविनाश कुमार गिरी से भी यह बात कही तथा संप्रेषण गृह में उनकी व्यवस्था को सराहा। साथी ही सचिव महोदय ने वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना पश्चात मुक बधिर विद्यालय का दौरा किया और बच्चों से भी मिलकर उनके पढ़ाई खान-पान के विषय में संस्था के डायरेक्टर से जानकारी लिया तथा नारी निकेतन का भी दौरा उन्होंने किया।

शहरी क्षेत्र के बनिसबत ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता मतदान के विषय में जागरुक : संतोष झा

स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकताओं ने गुमला के बिशनपुर क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया मंच के जिला संयोजक संतोष झा ने कहा कि शहरी क्षेत्र के वनिस्बत ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता मतदान के विषय में ज्यादा जागरूक हैं जबकि विकास के सभी आयाम का अत्यधिक लाभ पाने की अभिलाषा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को ही रहती है और लाभ मिलता भी है ऐसे में शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की जिम्मेदारी मतदान में सर्वाधिक होनी चाहिए अतः स्वदेशी जागरण मां सभी मतदाताओं से विनम्र निवेदन करता है कि सरकार के द्वारा किए जा रहे उत्कट प्रयासों को ध्यान में रखें समाज सेवी संगठनों के द्वारा किए गए आग्रह को ध्यान में रखें और मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदान करें प्रशासन को चाहिए कि विविध सामाजिक संगठनों से आग्रह करें सभी बूथ पर चना गुड़ पानी छाता टोपी आदि मतदान को सुलभ करने वाली व्यवस्थाएं करने का प्रयास करें और निर्वाचन पदाधिकारी भी इस तरह के काम में बढ़ चढ़कर और इन सभी सुविधाओं की जानकारी विविध माध्यम से मतदाता तक भी पहुंचाएं जिससे मतदाता निर्भीक होकर मतदान में अपनी भागीदारी निभाएं जागरूकता अभियान में शम्मी जी संजय वर्मा कपूर्री ठाकुर विनोद सिंह योगेश कुमार शिम्पी संदीप जयसवाल ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

झारखंड में लुटेरों की है सरकार: लोकनाथ महतो

बड़कागांव। बड़कागांव थाना रोड स्थित सुबोध जयसवाल के आवास में भाजपा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं प्रदीप प्रसाद में संयुक्त रूप से किया। उपस्थित कार्यकताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर पुष्प अर्पित किया भारत माता की जय, वन्दे मातरम् के नारे लगाए। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता व संचालन भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने किया। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि जनता मन बना ली है भाजपा को वोट देना है। जनता ने 400 पार करने का मन बना लिया है। झारखंड में लुटेरों की सरकार है। मंत्रियों के पीए व नौकरों पास करोड़ों रुपए की निकल रहे हैं, तो मंत्रियों का क्या हाल होगा। तथा प्रदीप प्रसाद ने भी भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जीताने के लिए कार्यकताओं में जोश भरी।मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, भाजपा किसान मोर्चा रामगढ़ प्रभारी राजू साव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, अनिल मिश्रा, मूलचंद साव ,आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस, रामेश्वर महतो, पूनम साहू, बेचन साव, रामपति राम, नरेश साव, टुकेश्वर प्रसाद, शिव शंकर उर्फ शिबू कुमार, इंद्रभूषण ,अवध किशोर यादव, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी,धनु प्रसाद निराला, कैलाश साहू ,उदय मेहता ,उपेंद्र प्रसाद, मनीष पांडेय, अजय कुमार सिंह, कृष्णा राम, नरसिंह प्रसाद,सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।

हथियार सहित पकड़ा गया 2 युवकों पर फायरिंग करने वाला अपराधी

जमशेदपुर। जमशेदपुर शहर के सोनारी में फायरिंग की घटना में दो युवकों के घायल होने की खबर है। इस घटना में अभय और सूर्या हेंब्रम नामक युवक के घायल हुआ है।फायरिंग की इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।जानकरी के मुताबिक गोली लगने के बाद घायलों को टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।बताया जाता है कि बिष्टुपुर स्थित सीएच एरिया में मंगलवार की दोपहर आरोपी आकाश सिंह उर्फ बाटला ने अभय गोप और सूर्य हेंब्रम नाम के दो युवकों गोली मार दी। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों के इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश सिंह को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने नाकेबंदी कर बाटला को हथियार के साथ धर दबोचा। फिलहाल पुलिस बाटला से पूछताछ कर रही है।फायरिंग के कारणों की जानकारी नहीं मिल पायी है। बताया जा रहा है कि घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत पोस्टल बैलट के माध्यम से किया जा रहा है मतदान

रामगढ़। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से आकस्मिक सेवाओं के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, मतदान कर्मियों आदि के द्वारा मंगलवार को अपने-अपने केंद्र पर मतदान किया गया वहीं पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां निम्न है। पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों के मतदान हेतु 13 मई 2024 से 16 मई 2024 तक पुलिस लाइन रामगढ़ दो (सुविधा केन्द्रों पर) 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़, 24 मांडू, 25 हजारीबाग सहित अन्य विधानसभा के मतदान कर्मियों के लिए 13 मई 2024 से 16 मई 2024 तक गांधी मेमोरियल जिला सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस रामगढ़। आवश्यक सेवाओं, चालकों, कंडक्टर, सफाई कर्मियों सहित अन्य कर्मी 6 मई 2024 से 30 मई 2024 तक समाहरणालय परिसर रामगढ़ में कार्यालय अवधि के दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से अपना मतदान कर सकेंगे।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 142 अफसरों की वरीयता सूची जारी

बीपीएससी से नियुक्त हुए थे अफसर

आइएएस संवर्ग में प्रमोशन का रास्ता होगा साफ

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। राज्य प्रशासनिक सेवा के 142 अफसरों की वरीयता सूची जारी कर दी है. ये अफसर बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त हुए थे. राज्य गठन के बाद इन्होंने झारखंड कैडर चुना. अब राज्य प्रशासनिक सेवा के तहत इन अधिकारियों की 1 जनवरी 2024 की तिथि से औपबंधिक रूप से वरीयता का निर्धारण कर दिया गया है. वरीयता सूची के निर्धारण के बाद राज्य सेवा के अफसरों का आइएएस संवर्ग में प्रमोशन का रास्ता भी साफ हो गया है.

यूपीएससी के निर्देश के बाद हुआ वरीयता सूची का निर्धारण : संघ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा से आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति देने के समय इस बिंदु पर गंभीरता से विचार किया गया. यूपीएससी ने भी इस ओर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है. इससे पहले बीपीएससी से नियुक्त हुए अफसरों की वरीयता सूची निर्धारण का मामला लंबे समय से झारखंड सरकार के समक्ष विचाराधीन था. यूपीएससी के द्वारा उठाये गये बिंदुओं के बाद सरकार ने यह निर्णय विचार करने के बाद लिया है.

कार्मिक ने जारी किया आदेश : बीपीएससी से नियुक्त अफसरों की वरीयता सूची निर्धारण का आदेश कार्मिक विभाग ने जारी कर दिया है. साथ ही वैसे पदाधिकारियों से आपत्ति मांगी है, जिन्हें इस औपबंधिक वरीयता सूची में आपत्ति है. सरकार ने आपत्ति के लिए एक महीने का समय दिया है. आपत्ति के बाद फिर से एक नई सूची जारी की जाएगी.

बाबूलाल ने सीएम को पत्र लिख कहा- ईडी रेड में मुख्य सचिव का पत्र मिलना गंभीर

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि ईडी रेड के दौरान ईडी कार्यालय द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र की प्रति मिलना एक गंभीर मामला है. इस पर बिना देर किए प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की अनुशंसा करें. अन्यथा यह माना जाएगा कि भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में आप चुप रहे और यह सब कुकृत्य देखते रहे. झारखंड की जनता भी आपसे यह सवाल पूछेगी. अगर आप और मुख्य सचिव यह सब जानने और संज्ञान में आने के बाद भी उपरोक्त कार्रवाई के अनुरोध पर कार्रवाई नहीं करेंगे तो देर-सबेर आप भी इस गंभीर मामले में आपराधिक षड्यंत्र का आरोपी बनने से बच नहीं पायेंगे.

देशभर में हो रही है चर्चा : मरांडी ने पत्र में लिखा है कि देशभर में नोट के बंडल के साथ मुख्य सचिव का पत्र मिलने की चर्चा हो रही है. झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है. मुझे विश्वास है कि आप भी यह देखकर आश्चर्य चकित होंगे. आगे लिखा है कि प्रवर्तन निदेशालय, रांची द्वारा दिनांक 8 मई 2023 को मुख्य सचिव, झारखंड को पत्र लिखा जाता है और दूसरे दिन 9 मई को मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया जाता है. आश्चर्य है कि सचिव ने इस संवेदनशील मामले में कार्रवाई करने में कोई रूचि नहीं दिखाई. गंभीर मामला यह भी है कि ईडी द्वारा लिखा गया गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के कर्मचारी जहांगीर आलम के घर से ईडी की छापेमारी में नोटों के बंडल में मिलता है. जिस पत्र के आधार पर सचिव को भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करनी थी, इसे ही दबाकर भ्रष्टाचार के जरिए अकूत सम्पत्ति अर्जित करने का धंधा चलता रहा. एक तो भ्रष्टाचार करना और दूसरी ओर गोपनीय पत्र नौकर के आवास में नोटों के बंडल में मिलना अति गंभीर मामला है.

पत्र के जरिए ये उठाए सवाल : बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाते हुए सीएम से पूछा है कि आखिर यह गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के आवास में कैसे पहुंचा. इसमें किस पदाधिकारी की भूमिका है. जांच कराना आवश्यक है. साथ ही इस पत्र के संज्ञान पर भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होनी थी, उन्हें बचाया गया, इस षड्यंत्र में किसकी-किसकी भूमिका है? झारखंड की जनता को इसे जानने का अधिकार है. मुझे उम्मीद है कि आप इस मामले को गंभीरता से लेंगे.

सीसीएल में नवनियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। बुधवार को सीसीएल में प्रतिभा को निखारने और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ नवनियुक्त अधिकारियों को कम्पनी के विविध कार्यो से परिचित कराने के उद्देश्य से मैनेजमेंट ट्रेनी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। अवसर विशेष पर सीसीएल निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, जीएम (एचआरडी) आर के पांडेय,जीएम (अधिकारी स्थापना) एसके ठाकुर, जीएम (ऑपरेशन) मेराज अहमद और एचओडी (श्रमशक्ति) श्रीमती कविता गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में निदेशकगणों ने प्रशिक्षुओं के लिए अमूल्य सलाह दिए एवं अपने कायार्नुभवों को साझा किया।

आज कुल 12 प्रबंधन प्रशिक्षुओं ने कंपनी में अपने पेशेवर जीवन के यात्रा शुरू की। इनमे एक महिला खनन इंजीनियर भी शामिल थी जो कंपनी के कार्यबल में विविधता और समावेशिता को प्रदर्शित करता है। जीएम (एचआरडी) आर के पांडेय ने कार्यक्रम के आरम्भ में सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। सत्र के दौरान, निदेशकगणों और मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सौंपी गई भूमिकाओं को पूरा करने में समर्पण और ईमानदार प्रयास के महत्व को रेखांकित किया साथ ही प्रशिक्षुओं से अपने अनुभवों को समृद्ध करने के लिए वरीय अधिकारीयों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने का सलाह दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास विभाग एवं अधिकारी स्थापना विभाग द्वारा किया गया, जिससे प्रशिक्षुओं के लिए कोल इंडिया/सीसीएल में एक प्रभावशाली शुरूआत सुनिश्चित हो।

रांची सिविल कोर्ट से जयराम महतो को बड़ी राहत, पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक

रांची। जेबीकेएसएस के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार जयराम महतो को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है. साथ ही रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त (एजेसी - 15) की कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट के समक्ष डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. अब इस मामले में कोर्ट 21 मई को सुनवाई करेगा. बता दें कि जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48 में वारंट लिया था. इसके बाद रांची पुलिस ने गिरिडीह में जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी. लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया.

ईडी की रेड के बाद छोटू उर्फ गजनफर इमाम के नाम की चर्चा तेज

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के करोड़पति सरकारी सचिव संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर की गिरफ्तारी के बाद एक नया नाम काफी चर्चा में है. यह नाम है छोटू उर्फ गजनफर का. इस नाम की चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि आलमगीर के यहां सहायक के पद पर कार्यरत छोटू की मर्जी के बिना आप मंत्री जी से मिल भी नहीं सकते. करीब एक दशक से छोटू मंत्री जी के साथ साये की तरह है. छोटू तब भी आलमगीर आलम के साथ था, जब वह पावर में नहीं थे. छोटू का घर वैसे तो रांची में ही है. लेकिन पाकुड़ में भी उसने अच्छी पैठ बना ली है. मंत्री जी से मिलना हो, उनसे कोई काम हो तो इसका पूरा ब्यौरा आपको सबसे पहले छोटू को देना होगा. छोटू चाहेगा तभी आपका काम होगा. लोग बताते हैं कि मंत्री जी भी छोटू पर आंख मूंद कर भरोसा करते हैं. किसी भी पैरवी के लिए अधिकारियों को छोटू का ही फोन जाता है. इससे पहले छोटू पूर्व मंत्री बंधू तिर्की का भी सहयोगी रह चुका है. पार्टी के सेकेंड लाइन के नेता और कार्यकर्त्ता छोटू के आगे नतमस्तक रहते हैं. छोटू उर्फ गजनफर इमाम भी ईडी की रडार पर है.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया बुंडू में मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिया निर्देश

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार निरीक्षण कर निर्देश दे रहे हैं. इसी कड़ी में मंगलवार को रांची के बुंडू प्रखंड क्षेत्र के दो मतदान केन्द्रों का उन्होंने निरीक्षण किया. उन्होंने बुंडू के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के मतदान केंद्र संख्या 69 और राजेंद्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 72 का निरीक्षण किया. उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण व अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ (एएसडी) सूची के अद्यतीकरण कार्य की गहराई से छानबीन की. उपरोक्त कार्य में शिथिलता मिलने पर नाराजगी जतायी.

पदाधिकारी की लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई : इससे आगे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अगर संबंधित पदाधिकारी की लापरवाही से किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार के प्रयोग में परेशानी की शिकायत आई, तो कड़ी कार्रवाई होगी. निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य समय पर संपन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के लिए कैलेंडर तय है. जिनकी भी जहां जिम्मेवारी है उन्हें निर्धारित समय से पूरा करना है. उन्होंने निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने का निर्देश दिया. साथ ही शिथिलता बरते जाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी. उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका और वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण में तेजी लाते हुए शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. साथ ही एएसडी की अपूर्ण सूची को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया. उन्होंने मतदाताओं की सहायता के लिए नियुक्त किये जाने वाले वालिंटियर से संबंधित सूची और मतदान केंद्र जागरूकता समूह की सूची का भी अवलोकन कर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया.

सुलह के माध्यम से वादों का निश्तारण का सुलभ माध्यम है लोक अदालत : शिवानी सिंह

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। डोर-टू-डोर कार्यक्रम को जारी रखते हुए ईटकी प्रखण्ड के कुंडी पंचायत भवन में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसीएस अधिवक्ता शिवानी सिंह, पीएलवी बेबी देवी, उमेश कुमार, रीना लिंडा, संगीता सिंह एवं राजा वर्मा, उपस्थित थे। अधिवक्ता, शिवानी सिंह ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने हेतु उपाय के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी बतायी। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेबी देवी, सतीश एवं उमेश ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। अंत में पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने की बाते कहीं। सुश्री सिंह ने एमएसीटी वादों पर मुआवजा प्राप्त करने की जानकारी भी साझा की। ज्ञात हो कि दिनांक 08 जून को आयोजित होनेवाली मोटर वाहन दुर्घटना वादों से संबंधित विशेष लोक की जानकारी पीएलवी के द्वारा दी गयी। उन्होंने कहा 03 जून से 07 जून तक प्री-लोक-अदालत की बैठके कर एमएसीटी से संबंधित वादों को माननीय न्यायालय में सुना जा रहा है। दिनांक 08 जून को उपस्थित होकर वादों को निश्तारण करा सकते है।

तैयारी जोरों पर राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जूलाई को : यह भी ज्ञात हो कि 13 जूलाई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी।

बरियातू पेट्रोल पंप से हिल व्यू चौक तक चला अतिक्रमण मुक्त अभियान, 6 ठेले जब्त

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। नगर प्रशासक के आदेशानुसार, रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों को जाम मुक्त व अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लगातार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में मंगलवार को रांची नगर निगम ने अतिक्रमण मुक्त अभियान बरियातू पेट्रोल पंप से हिल व्यू चौक होते हुए बूटी मोड़ तक दंडाधिकारी व पुलिस बल की उपस्थिति में चलाया. इस दौरान अवैध रूप से लगाए गए अस्थायी दुकानों को जेसीबी से हटाया गया. साथ ही सामान जब्त किया गया तथा नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा, गुमटी और बांस-बल्ली को हटाया गया. वहीं सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करते हुए 6 ठेलो को जब्त किया. बता दें अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्व सभी दुकानदारों और विक्रेताओं को माइकिंग के माध्यम से खुद अतिक्रमण हटाने का निदेश निगम द्वारा दिया गया था. लेकिन जब दुकानदारों ने दुकान नहीं हटायी तो निगम ने कार्रवाई करते हुए सामान जब्त किया गया.

स्क्रूटनी के बाद रांची लोकसभा से 27 प्रत्याशी मैदान में, 6 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। रांची संसदीय क्षेत्र के लिए स्क्रूटनी की प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न हुई. समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या 207 में सुबह 11 बजे से अभ्यर्थियों और उनके प्रस्तावकों की उपस्थिति में 08-रांची संसदीय क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बारी-बारी से सभी 33 प्रत्याशियों ने नाम-निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की. इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वरनाथ आलोक, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

27 प्रत्याशियों के नॉमिनेशन पत्र स्वीकृत

स्क्रूटनी के बाद रांची लोकसभा से 27 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाये गये.

1. मिंटू पासवान, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट).
2. रामहरि गोप, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया.
3. अरशद अयूब, निर्दलीय.
4. पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक).
5. संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी.
6. हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी.
7. अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी.
8. धनंजय कुमार भगत, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल.
9. मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय.
10. मनोज कुमार, बहुजन समाज पार्टी.
11. निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी.
12. धर्मेंद्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा.
13. बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड पार्टी.
14. देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय.
15. प्रवीण कच्छप, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी.
16. कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय.
17. सर्वेश्वरी साहू, एकल सनातन भारत दल.
18. सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी.
19. यशस्विनी सहाय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस.
20. श्याम बिहारी प्रजापति, भागीदारी पार्टी.
21. विनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी
23. रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए)
24. प्रबीण चन्द्र महतो, निर्दलीय
27. ऐनुल अंसारी, निर्दलीय.
28. संतोष कुमार जायसवाल, निर्दलीय.
29. हेमंती देवी, समता पार्टी
31. कोलेश्वर महतो, निर्दलीय

स्क्रूटनी के दौरान 6 अभ्यर्थियों के नामांकन रद्द

1. संदीप उरांव, निर्दलीय.
2. संजय कुमार महतो, निर्दलीय.
3. अमरेंद्र कुमार, झारखंड जनक्रांति मोर्चा.
4. प्रेमनाथ बड़ाईक, निर्दलीय.
5. मंजू देवी, निर्दलीय.
6. सुशील कुमार, स्वराज एकता पार्टी.

एक नजर

मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

रांची। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. मनोज कुमार वर्तमान में पर्यटन सचिव के पद पर कार्यरत हैं. बता दें उमाशंकर सिंह ओडिशा में चुनाव प्रेक्षक के रूप में 5 मई को ही चले गये हैं. ऐसे में उनके स्थान पर मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है.

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में अवेकेंड सिटिजन कार्यक्रम का आयोजन

रांची। सीबीएसई ने रामकृष्ण मिशन, गुड़गांव के सहयोग से 6 मई 2024 को सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में अवेकेंड सिटिजन कार्यक्रम (प्रिंसिपल ओरिएंटेशन ऑन वैल्यु एजुकेशन) का आयोजन किया. कार्यक्रम का उद्घाटन समरजीत जाना, डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर, प्राचार्य, जवाहर विद्या मंदिर, रांची और परमजीत कौर, डेप्युटी सिटी कॉर्डिनेटर और प्राचार्या, सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची की उपस्थिति में किया गया. सत्र के मुख्य वक्ता स्वामी शंतात्मानंद जी थे. सत्र के अन्य वक्ता डॉ. नंदिनी शेषाद्रि और डॉ. उर्मिला सिंह थी. कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमद्भगवद गीता के श्लोकों से किया गया. सत्र की शुरूआत इस चर्चा से हुई कि नैतिक मूल्य हमारे जीवन में क्यों महत्वपूर्ण हैं तथा छात्रों को इन मूल्यों को प्रदान करना किसकी जिम्मेदारी है? अनुभावात्मक शिक्षा, कार्यप्रणाली और जीवन जीने के मॉडल और आंतरिक मूल्यों को विकसित करने पर भी चर्चा की गई. सत्र में झारखंड के विभिन्न स्कूलों के 60 से अधिक प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया. प्रचार्या परमजीत कौर ने स्कूलों में ऐसे जागरुकता बढ़ाने वाले सत्र आयोजित करने पर बल दिया. कहा कि यह एनईपी 2020 के अनुरूप है और हमें अपने समाज में मूल्यों को आत्मसात करने के सार का एहसास कराता है और भविष्य के नागरिकों को हमारे मूल्यों के प्रति समर्पित होने में मदद करता है.

पुरी से दिल्ली के लिये ग्रीष्मकालीन ट्रेन शुरू, राज्य के यात्रियों को मिलेगा लाभ

रांची। रेलवे की ओर से झारखंड बिहार ओड़िशा से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को नयी सौगात मिली है. रेलवे की ओर से पुरी से आनंद विहार तक एक विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन परिचालित होगी. भारतीय रेलवे ने ओडिशा के पुरी से झारखंड, बिहार के साथ उत्तर प्रदेश से होते हुए नई दिल्ली तक एक और विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन शुरू करने का फैसला किया है. इस ट्रेन के शुरू होने से कोल्हानवासियों को आनंद विहार के लिए एक अतिरिक्त ट्रेन सेवा मिलेगी. रेलवे ने इस संबध में एक नोटिफिकेशन जारी कर बताया है की यह ट्रेन 24 जून 2024 तक प्रति सोमवार को पुरी से आनंद विहार जायेगी. वापसी के वक्त प्रत्येक बुधवार को आनंद विहार से पुरी के लिए प्रस्थान करेगी. यह ट्रेन खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जवापुरा, हरिचंदपुर, केदुझारगढ़, नयागठ कॉस, बासपानी, डोगापोशी, चाईबासा, चांडिल, मुरी और बोकारो स्टील सिटी समेत अन्य स्टेशनों पर होगा.

सातवें चरण में राजमहल, दुमका व गोड्डा में वोट, अधिसूचना जारी

रांची। चुनाव आयोग ने सातवें फेज के लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है. सातवें चरण का चुनाव 1 जून शनिवार को होगा. बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और चंडीगढ़ में चुनाव होना है. झारखंड की तीन सीट राजमहल (अ.ज.जा), दुमका (अ.ज.जा), व गोड्डा में चुनाव होगा. मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा. नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई, नामाकंन की समीक्षा 15 मई नाम वापसी की समय-सीमा 17 मई रखी गयी है. मतदान की पूरी प्रकिया 6 जून तक समाप्त कर दी जायेगी.

आंधी तूफान में उड़ा घर का करकट

लेडगाई। मंगलवार को आंधी तूफान में लेडगाई गांव पोस्ट ऑफिस + थाना बरवाडीह के मुकेश यादव का घर जो स्कूल के बगल में है 3 करकट का रूम आंधी तूफान से उड़ गया जिससे भारी मात्रा में नुकसान हुआ है घर के अंदर रखा समान बर्बाद हो चुका है ये गरीब परिवार के लोग हैं अंचल अधिकारी से आग्रह है कि इनको जल्द से जल्द मौजा देने की कोशिश करें । पूरा परिवार आपके आभारी रहेंगे।

हज में जाने वाले लोगो से मिले डॉ. परमेश्वर भगत



मांडर। मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम डुमरी और नवाटांड़ के जनाब जफर अंसारी साथ ही उनकी पत्नी एवं सोबराती अंसारी साथ ही उनकी पत्नी हज के लिए आज रवाना हो रहे है। पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने उक्त दोनों के घर जाकर सम्मान एवं स्वागत के साथ शुभकामना संदेश देते हुए बधाई दिए। उन्होंने विशेष रूप से उनके धार्मिक यात्रा की सफलता की कामना की। इन्होंने इस मौके पर लोगों को आध्यात्मिक उत्साह और प्रेरणा भरे संदेश दिए। इन्होंने मानवता और सद्भावना के महत्व को भी बल दिया। मौके पर डॉ नाफर अली, मुस्ताक आलम, ऐनुल अंसारी, जमाहीर अंसारी, जबार अंसारी, मोजाहिद अंसारी, अजहर अंसारी सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सरना टोला में चुनावी सभा का आयोजन

कैम्बो। मंगलवार को कैम्बो पंचायत के गुड़गुड़ जाड़ी गांव में सरना टोला में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। बैठक में केन्द्र की भाजपा सरकार के गलत नीतियों और पिछले दस साल के नाकामी को बतलाया गया और यह बतलाया गया कि किस प्रकार भाजपा सरकार देशवासियों को ठगने का काम कर रही है। वहीं कांग्रेस पार्टी के अच्छाई और गारंटी कार्ड में किये गये वादों को समझाया गया। और देश के इस तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस पार्टी को वोट कर श्री राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करें। बैठक में मुख्य रूप से शमसुल शेख,सेरोफीना मिंज, पंचायत अध्यक्ष विनोद उरांव, तबरेज अंसारी, के अलावा बुथ अध्यक्ष, टोला कमिटी के अध्यक्ष और गांव के बहुत सारे ग्रामीण महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

टीपीसी उग्रवादियों के खिलाफ चला अभियान

रांची। बुढ़मू थाना क्षेत्र में टीपीसी उग्रवादियों के खिलाफ मंगलवार को अभियान चलाया गया. एसएसपी चंदन सिन्हा को बुढ़मू इलाके में टीपीसी उग्रवादियों के जमावड़े की सूचना मिली थी. जिसके बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया. इस दौरान पुलिस की भनक लगते ही उग्रवादी जंगल में भागने लगे. पुलिस टीम ने दूर तक इनका पीछा किया गया, लेकिन उग्रवादी घने जंगल और पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे. पुलिस टीम ने सर्च के दौरान उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त एक लूटा हुआ अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया.

चिन्मय विद्यालय में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो सिटी। बच्चे भविष्य के नागरिक हैं उनके मतदान से ही भविष्य की सरकार बनेगी और देश का भविष्य बनेगा मतदान के महत्व समझाने के लिए तथा इसके प्रति जागरूकता उत्पन्न करने को लेकर चिन्मय विद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया मतदान के महत्व को समझाया गया और संकल्प लिया कि जब वह मतदान के अधिकारी होंगे तब निश्चित सभी मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के नीति निर्धारण में अपना योगदान देंगे और वर्तमान में अपने माता-पिता सगे संबंधी एवं पड़ोसी को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बाध्य करेंगे ताकि मत का प्रतिशत बढ़े देश का लोकतंत्र मजबूत बने और सही निर्णय लेने वाली सरकार बने इस अभियान में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उत्साह दिखाई कार्यक्रम में नारा लेखन प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता नुक्कड़ कर्नाटक

प्रतियोगिता एवं बैनर बनाकर मतदाताओं में बोर्ड के प्रति चेतना उत्पन्न करना जागरूक बनाना और अंतिम कार्यक्रम था बच्चों द्वारा शपथ ग्रहण सभी छात्र-छात्राओं ने शपथ लिया कि वह अपने माता-पिता सो जाना परिजन को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बाध्य करेंगे ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़े इस मौके पर प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से छात्र भविष्य के एक जागरूक नागरिक बनेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे विद्यालय की ओर से व्हाट्सएप ग्रुप के द्वारा सभी अभिभावक एवं कर्मियों को मतदान में भाग लेने के लिए संदेश भेजें जाने की बात कही गई तथा विद्यालय स्तर पर इलेक्ट्रोल लिटरेसी कलाम की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य भविष्य के मतदाताओं को तैयार करना और उन्हें जागरूक करना था इस मौके पर स्वामिनी संजुक्तानंद सरस्वती आचार्य चिन्मय मिशन विश्व रूप मुखोपाध्याय अध्यक्ष महेश त्रिपाठी सचिव रन मलिक कोषाध्यक्ष प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य ने मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम संपन्न करने के लिए बच्चों शिक्षकों तथा अभिभावकों की प्रशंसा की।

नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर में 500 विद्यार्थियों की हुई जांच

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। मंगलवार को रोटरी क्लब बोकारो ने 11वा निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर पीपीएच अपना नंबर जाने न्यू श्री दुर्गा मेडिकल लक्ष्मी मार्केट परिसर में आयोजित किया शिविर में पारस अस्पताल रांची के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 55 लोगों के ब्लड प्रेशर शुगर वजन आदि की जांच की गई टीम का नेतृत्व पारस अस्पताल रांची के डॉक्टर एस के ओझा प्रबंधक शशि आनंद मिस मीणा और श्री शंकर ने किया अध्यक्ष ने इस तरह की नियमित जांच पर जोर दिया क्योंकि यह जांच गंभीर जटिलता को रोकने में मदद करती है बताया गया कि क्लब प्रत्येक महीने इस तरह के शिविर का आयोजन करता रहा है और इससे कई वांछित व्यक्ति को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गंभीर समस्याओं से निपटने में मदद मिलती है अध्यक्ष ने पारस अस्पताल की टीम और न्यू श्री दुर्गा मेडिकल के मालिक चिराग राज को धन्यवाद दिया मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष घनश्याम दास रोटेरियन अशोक तनेजा डॉक्टर अनिल त्रेहन अशोक केडिया डॉक्टर आर एन प्रधान ने सहयोग दिया क्लब द्वारा दो दिवसीय नेत्र एवं दंत जांच शिविर का केंद्रीय विद्यालय एक में समापन हुआ जहां नेतृत्व रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज कुमार उनके सहायक बजरंगी कुमार डॉक्टर शिवम त्रिपाठी द्वारा नेत्र जांच और दांत की जांच की गई दोनों दिन मिलकर कक्षा 9 से 12 तक के करीब 500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं की जांच की गई जिन्हें समस्या थी उन्हें डॉक्टर कुणाल और डॉक्टर शिवम के क्लीनिक में जाने की सलाह दी गई अध्यक्ष घनश्याम दास ने प्रधानाचार्य मनोज कुमार को धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जांच शिविर समस्याओं का जल्द पता लगाने में मदद करता है इस मौके पर रोटरी क्लब से घनश्याम दास डॉक्टर प्रधान अशोक तनेजा अशोक केडिया उपस्थित थे।

भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ ने भाजपा प्रत्याशी को दिया समर्थन

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ ने भारतीय जनता पार्टी के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी डालो महतो को समर्थन दिया है यह जानकारी महामंत्री प्रेम कुमार ने दी इस बाबत हुई बैठक में प्रत्याशी उपस्थित थे बैठक की अध्यक्षता महामंत्री प्रेम कुमार संचालन संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र महतो ने किया इस मौके पर प्रत्याशी श्री महतो ने बोकारो इस्पात संयंत्र के कर्मचारी एवं ठेका मजदूरों को संबोधित किया और संघ से समर्थन मांगा इसके बाद महामंत्री प्रेम कुमार ने समर्थन देने की घोषणा की इस मौके पर संयोजक वीरभद्र सिंह राज्य स्तरीय नेता रोहित लाल सिंह श्री शेखर अशोक कुमार पप्पू

भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री सीताराम यादव सत्यनारायण ठाकुर शंभू कुमार संयुक्त महामंत्री मुकेश कुमार सुशील कुमार कमलेश कुमार राम श्लोक शर्मा सुशील कुमार कमलेश कुमार मुकेश कुमार रामविलास सिंह तुलसी साहू पंकज कुमार अशोक शर्मा सौरभ गुप्ता रामप्रवेश यादव मुकेश कुमार राय वीर सिंह अमर मिश्रा सुनील कुमार सुनीता देवी सतेंद्र कुमार रंजीत कुमार मंटू राय सहित अन्य उपस्थित थे।

रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स ने लगवाया वॉटर प्यूरीफायर सह कूलर

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स द्वारा मंगलवार को सिटी सेंटर में गर्मी के दौरान लोगों को राहत प्रदान करने के लिए वॉटर प्यूरीफायर सह कूलर लगवाया ताकि लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़े मुख्य बाजार होने के कारण अधिकांश लोग यहां खरीदारी के लिए आते हैं लेकिन उन्हें गर्मी में शुद्ध पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ता है अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि धूप और गर्मी से पीड़ित लोगों को अब पीने के पानी के लिए भड़काने की जरूरत नहीं होगी प्लॉट ए 1 के नीचे ही उन्हें सांप शुद्ध और ठंडा पानी

उपलब्ध मिलेगा रोटेरियन शिव अग्रवाल ने कहा कि रोटरी मिडटाउन अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए इस प्रचंड गर्मी में सिटी सेंटर में आने वाले ग्राहकों को शुद्ध जल की व्यवस्था कर समाज की सेवा कर रहा है इसके लिए एक व्यक्ति को भी इसकी देखभाल के लिए रखा गया है ताकि उसके रखरखाव कीजिए मैदान लेकर समय पर पानी उपलब्ध करा सके और किसी को और सुविधा नहीं हो मौके पर शिव अग्रवाल अनूप अग्रवाल रंजन गुप्ता पुनीत जौहर राजा मनीष आदि उपस्थित थे।

महिला प्रत्याशी के आने से बड़े दलों के प्रत्याशियों में बेचैनी : रामकिंकर

दबंग हिंद संवाददाता

फुसरो (बेरमो)। सुशासन दल के अध्यक्ष रामकिंकर पांडे ने अपने कारगली स्थित आवासीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता में कहा कि गिरिडीह संसदीय चुनाव के इतिहास में पहली बार एक सशक्त और सुशिक्षित प्रत्याशी डॉक्टर उषा सिंह के चुनाव लड़ने से बड़े दलो के प्रत्याशी काफी बेचैन है। डॉक्टर उषा सिंह के पक्ष में शिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, अभियंता सहित सभी बुद्धिजीवी वर्ग की गोलबंदी डॉक्टर उषा सिंह के पक्ष में होने से दिखावा करने वाले तथा जनता की आकांक्षाओं के विपरीत प्रत्याशी पड़ोसे

जाने से आक्रोशित मतदाताओं को जो नोटा का बटन दबाने का मन बना चुके थे, उन्हें अब डॉक्टर उषा सिंह के रूप में मनपसंद प्रत्याशी मिल गया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर सिंह गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र के चार विधानसभा क्षेत्र में अपने काम के कारण पिछले 4 दर्शकों से चर्चित व ख्याति प्राप्त रही है। उनके निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने से लोगों में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया 2024 में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सर्वकालिक रिकॉर्ड वोट से डॉक्टर उषा सिंह को चुनाव जितवाकर एक नया इतिहास बनाने का काम करेगी। श्री पांडेय ने कहा कि गिरीडीह संसदीय क्षेत्र में जल से भरी दामोदर, कोनार, बोकारो,बराकर सहित कई छोटी बड़ी नदियां और उप नदिया है जिससे हर महीने पर्याप्त मात्रा मे जल रहता है। गिरिडीह रत्न गर्भा है। कहा कि इस बार गिरिडीह संसदीय क्षेत्र का चुनाव परिणाम चौंकाने वाला होगा।

सरदार पटेल पब्लिक स्कूल ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। सरदार पटेल पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 के छात्र-छात्राओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया इस क्रम में प्रभात फेरी निकाली गई कार्यक्रम प्राचार्य सुमित कुमार के निर्देश पर आयोजित किया गया प्रचार ने कहा कि किसी भी हाल में कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे मतदान करना सभी का कर्तव्य है।

इस कार्यक्रम में उप्राचार्य पूनम सिंह अनुशासन एवं गतिविधि प्रभारी श्रीकांत सिंह कौशल विधान चंद्र महतो सुमन कुमार ठाकुर गीता सिंह तथा विद्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

बीएसएल के डीएन डब्ल्यू विभाग के केबुल टनल में किया गया अग्नि सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के डीएन डब्ल्यू विभाग के में स्टेप डाउन सब स्टेशन के बेसमेंट और उससे जुड़े केवल टनल में फायर रिटाडेन्ट डोर और फायर बैरियर पैनल का उद्घाटन अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन राजन प्रसाद के द्वारा किया गया इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक पी के बैसाखिया मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्नि संबंध सेवा बीपी सरतापे मुख्य महाप्रबंधक न भाटिया वितरण तंत्र विभाग सुरक्षा अभियंत्रण विभाग सीईडी अग्नि सेवाएं एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे जानकारी के मुताबिक पावर सप्लाई का वितरण केबल के माध्यम से समस्त विभागों को किया जाता है इसे सुचारु रूप से वितरित करने के लिए प्लांट के

सभी विभागों को एचटी केबल नेटवर्क से जोड़ा गया है अग्नि रोधक द्वार की उपयोगिता तब होती है जब किसी कारण केवल टनल में आग लग जाती है। अग्नि रोधी द्वार आग को एक कंपार्टमेंट से दूसरे कंपार्टमेंट में जाने से रुकती है पैनल केबल के आज को बढ़ाने से रुकती है जिससे की जान माल का नुकसान कम से कम होता है और प्लांट को सुचारू रूप से चलने में मदद मिलती है डीएन डब्ल्यू विभाग के अग्नि सुरक्षा के प्रबंधन के संदर्भ में दिलीप कुमार गौड़ महाप्रबंधक ने बताया कि केवल टनल में अग्नि सुरक्षा के लिए और भी कदम उठाए जा रहे हैं तथा इसके लिए अग्नि अवरोधक पैनल जैसे उपकरण का उपयोग किया जा रहा है।

10 मई को राजनाथ सिंह चुनावी सभा को करेंगे संबोधित : विरंची

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। आगामी 10 मई को सेक्टर 2 सी दुर्गा पूजा मैदान में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा प्रत्याशी डालो महतो का पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे उक्त आशा की जानकारी देते हुए बोकारो विधायक विरंची नारायण ने कहा कि कुशल संगठन करता प्रखर वक्ता केंद्रीय रक्षा मंत्री पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है उनके सभा को सुनने के लिए क्षेत्र की जनता भी उत्साहित है श्री नारायण के आवासीय कार्यालय में सभा की सफलता को लेकर जिला अध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में तैयारी समिति की बैठक हुई जिसमें लोकसभा के संयोजक रोहित लाल सिंह शरद महतो शशि भूषण ओझा मुकुल कमलेश राय जिला महामंत्री संजय त्यागी वीरभद्र प्रसाद सिंह इंद्र कुमार झा माथुर मंडल विनय किशन मनोज सिंह अनिल सिंह अभय कुमार गोलू राजू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

हवन के साथ जारंगडीह मे नौ दिवसीय महायज्ञ का पूणार्हुति

दबंग हिंद संवाददाता

जारंगडीह। जारंगडीह मे 67 वां राम चरित्र मानस महायज्ञ बनासो से आए आचार्य पुरेंद्र जी महाराज के द्वारा श्री रामचरित मानस का आज मंगलवार को इस महायज्ञ में विधि विधान व मंत्रोच्चारण हवन कराकर पूणार्हुति किए।इसमें काफी संख्या में महिला, युवतियों, पुरुष, युवक बढ़ चढ़कर इस हवन में भाग लिया और पुण्य के भागी बने और सभी ने परिक्रमा भी किया। बता दे की इससे पहले 6 मई सोमवार को रात्रि में राम राज शुभ अवसर पर पहुंची बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी ने झांसी से आई महिला प्रवक्ता हर्षिता किशोरी जी को माला पहना कर सम्मानित किया ,महिला लोग भी माला पहना कर सम्मानित किया हर्षिता किशोरी जी एक से बढ़कर एक प्रवचन किया और सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया वहीं अयोध्या से आए जगद्गुरु राम दिनेशा आचार्य जी महाराजको भी कमेटी के सभी ने भी माला पहना कर सम्मानित किया। महाराज ने अपने वाणी से प्रवचन कर सभी का मण मोह लिए कहा कि जो श्रद्धालु भक्त सच्ची मन से राम सीता कथा सुनते हैं व भाग लेते है तथा दान पूर्ण करते हैं। पुरोहित

कपिलदेव पंडित जी ने नेतृत्व एवं समस्त पदाधिकारी गण भी मौजूद थे। इस मौके पर श्री रामचरित्र मानस यज्ञ कमिटी अध्यक्ष जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुईन ,खान प्रबंधक बाल गोविंद नायक सचिव बसंत ओझा कोषाध्यक्ष जोगेंद्र सोनार, अंजनी कुमार सिंह,लालेंदर झा, वासुदेव मंडल, अशोक ओझा, नेमचंद मंडल, नंदकिशोर पंडित, रामदास केवट,धीरज बरनवाल, लखन चौहान, मदनलाल वैद्य सहित हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, युवक, युवतियों मौजूद रहे।

एक नजर

निर्वाचन आयोग ने नियुक्त किया पुलिस व व्यय प्रेक्षक

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक पुलिस प्रे क्षक एवं व्यय प्रेक्षक को नियुक्त कर दिया है। सभी का आगमन जिले में हो गया है सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अभ्यर्थी आम मतदाता उनसे अपनी बात रखने एवं किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधित शिकायत के लिए अपराह्न 4:00 बजे से 5:00 तक बोकारो परिषदन आना सभा कक्ष में मिल सकते हैं। दी गई जानकारी के मुताबिक सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू जिनका मोबाइल नंबर 903183 2024 है इसके अलावा पुलिस ऑब्जर्वर मोहित चावला जिनका मोबाइल नंबर 9031 0820 24 तथा व्यय ऑब्जर्वर अर्जुन लाल जाट जिनका मोबाइल संख्या 903163 2024 है इसे सभी राजनीतिक दल अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता एवं आम मतदाता आवश्यकता के अनुसार उक्त मोबाइल नंबर पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर पुलिस सुरक्षा जवानों ने किया मतदान

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। लोकसभा आम निर्वाचन के तहत आगामी 13 में को पश्चिम सिंहभूम खूंटी लोहरदगा एवं पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है इससे संबंधित जिले के पुलिस जवान झारखंड सशस्त्र पुलिस बल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल आदि सुरक्षा बलों ने डाक मत पत्र के माध्यम से मताधिकार का इस्तेमाल किया इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर दो सुविधा केंद्र प्रशिक्षण केंद्र बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 2 सी तथा पुलिस केंद्र सेक्टर 12 में स्थापित किया गया था जहां जवानों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया दोनों स्थापित सुविधा केंद्र में मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी दोनों केंद्र पर कुल 248 मतदाताओं ने मतपत्र के माध्यम से मताधिकार का इस्तेमाल कर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हुए आज पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 72 मतदाता लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 62 मतदाता खूंटी संसदीय क्षेत्र के लिए कॉलेज 96 मतदाता एवं पश्चिम से एवं संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 18 मतदाताओं ने मतदान किया।

विप्र समाज मनाएगा परशुराम का जन्म उत्सव

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो सिटी। बोकारो जिला संपूर्ण विप्र समाज के पदाधिकारी विष्णु शंकर मिश्रा ने जानकारी दी है कि 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन स्थानीय आशा लता परिसर स्थित मानसरोवर गार्डन में भगवान परशुराम का जन्म उत्सव उल्लास के साथ मनाया जाएगा श्री मिश्र ने सभी विप्र से अपने परिवार तथा बंधु बंधावों के साथ काफी संख्या में निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर भगवान परशुराम का आशीर्वाद लेने की अपील करते हुए विप्र एकता का परिचय देने को कहा है।

बीएसएल में इन हाउस प्रोसेस ऑप्टिमाइजेशन से उत्पादन की गुणवत्ता में वृद्धि

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट में कोल्ड रोल्ड कॉइल्स हरियाणा के उत्पादन के लिए कोल्ड रोलिंग मिल एक और दो में डीसीआर मिल की सुविधा है जहां कॉइल्स को वंचित मैकेनिक गुण प्रदान करने के लिए 4 हाई ट्विन स्टैंड रोल द्वारा पास कराया जाता है इससे पहले कोल्ड रोलिंग मिल तीन से प्राप्त इनपुट कॉइल्स को सी सी ए एल लाइन के माध्यम से पर किया जाता है जिसमें स्ट्रिप्स को इलेक्ट्रोलाइट रूप से साफ किया जाता है जिसके कारण उत्पादन में बेहतर चमक प्राप्त होती है और फिर निरंतर एनीलिंग द्वारा बेहतर एज और कम वेबिनेसस के साथ बेहतर उत्पाद गुणवत्ता होती है उत्पाद आयाम में मोटी 0.35 और 0.80 मिमी और चौड़ाई 876-1000 मिमी शामिल है।अबतक डीसी आर उत्पाद की आपूर्ति आई एस 513 सी आर 1 के के रूप में की जाती थी ग्राहकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण कोल्ड रोल्ड स्टील आई एस 513 सी आर 2 के की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बोकारो स्टील प्लांट के आर एंड सी लैब और कोड रोलिंग मिल एक एवं दो की टीम के प्रयासों से डीसीआर उत्पाद के गुना में महत्वपूर्ण सुधार लाया गया है इसके तहत फर्नेस के विभिन्न जीवन के तापमान और लाइन गति जैसी प्रक्रिया मापदंडों का ऑप्शन शामिल है फर्नेस के अलग-अलग जोन में तापमान के ऑप्टिमाइजेशन के लिए मुख्यतः हीटिंग जॉन एक और दो तथा तीन में बर्नर का मोडिफिकेशन तथा शॉपिंग जोन 4 तथा 5 और 6 में विद्युत ताप तत्वों का मोडिफिकेशन किया गया जिससे मैकेनिक गुना में वांछित सुधार एवं अभिवृद्धि लाई जा सके इसके अलावा रिफ्लेक टेन्स टेस्ट द्वारा सात की चमक में हुई वृद्धि की पुष्टि भी हुई इन प्रयासों में मिली सफलता की बदौलत अब बोकारो स्टील प्लांट सीसीएएल डीसीआर रूट से पतले गेज में ग्रेड स्टील की आपूर्ति करने में सक्षम है जिसकी बाजार में काफी मांग है यह उन्नयन न केवल बोकारो स्टील के उत्पादन के गुणवत्ता को बेहतर बना रहा है बल्कि बेहतर सेल्स रिलाइजेशन की दृष्टि कौन से भी उपयोगी है उत्पाद की गुणवत्ता में वृद्धि का यह इन हाउस पहल निदेशक प्रभारी बीके तिवारी के दिशा निर्देश में अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद मुख्य महाप्रबंधक मनोहर लाल महाप्रबंधक प्रभारी विश्वजीत मिश्रा के मार्गदर्शन में महाप्रबंधक रतन मलिक उप महाप्रबंधक डॉक्टर गदाधर साहू वरिष्ठ प्रबंधक अरिजीत बनर्जी प्रबंधक प्रिया पाठक प्रबंधक जितेंद्र कुमार प्रबंधक एसके घोष और उप प्रबंधक पी के राय की टीम ने कार्यान्वित किया।

एनडीए ही कर सकती है देश का विकाश : राज कुमार राज

दबंग हिंद संवाददाता

फुसरो। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने देर शाम फुसरो स्थित मनोज सिंह जीएसटी के आवास पर प्रेस वार्ता कर कहा की मोदी के नेतृत्व में एनडीए ही देश का विकास कर सकती है। कहा की इस बार 14 लोकसभा क्षेत्र में प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करना है। कहा की पूरा विश्व में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बजता है। हम देश के गरीब जनता को अनाज, गैस चूल्हा, आवास, आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज जैसे सैकड़ों कार्य किए जिससे गरीबों का भला हो सके। कहा के ऐसे यशस्वी प्रधानमंत्री को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से सिर्फ हमारा देश ही नहीं पूरा विश्व गौरवित महसूस करेगा। मौके पर लोजपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष नितेश सिंह, मनोज सिंह, कृष्ण कुमार, मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

साइम हरिजन टोला निवासी नीलम कुमारी ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई

दबंग हिंद संवाददाता

तेनुघाट। बेरमो अनुमंडल के गोमिया प्रखंड साडम हरिजन टोला निवासी नीलम कुमारी ने तेनुघाट थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है । नीलम कुमारी द्वारा बताया गया की उसके पति दिनांक 4 अप्रैल की शाम 07 बजे किसी काम से बाजार गए हुए थे । वही काफी देर हो जाने के बाद साडम बाजार और आस - पास के क्षेत्रो मे खोज बिन करने के बाद कुछ भी पता नहीं चला । तब रात्रि लगभग एक बजे तेनुघाट ओपी थाना के गस्ती दल के द्वारा फोन कर बताया गया की सुईया डीह सड़क के निकट तेनुघाट 3 नम्बर कृष्णा मंदिर के सामने गिरा पड़ा है । तब उसी समय उसके परिवार के लोग पहुचे और गस्ती दल के द्वारा उसके पति को घायल अवस्था मे घर पहुंचाया गया। वहीं दूसरे दिन ईलाज के लिए आनन फानन मे ईलाज के लिए रांची नागर माल मोदी सेवा सदन मे भर्ती करा दिया गया। वहीं ईलाज के दौरान पता चला की उनके साथ अत्यधिक मार पीट की गई है। वहीं ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई । वहीं मौत के पहले होश आने पर उन्होंने बताया की कृष्णा महतो चापी निवासी अन्य साथियो के साथ उसे बुलाकर कृष्ण मंदिर के समीप ले गया और अचानक उसके साथ मार पीट करने लगा। वही मारपीट के दौरान मेरे पति को मरा समझ कर छोड़ कर भाग गए । वही मृतक ने अपने ब्यान मे बताया की कृष्णा महतो ब्लु रंग के पल्सर मोटर साईकिल के साथ कृष्णा महतो सहित अन्य दो लोग थे । वहीं मृतक की पत्नी ने ने बताया की मारने से पहले उन्होंने मुझे वीडियो ब्यान मे पूछने के बाद सभी बातो का जिक्र किया है। वहीं मृतक की पत्नी ने तेनुघाट थाने मे कर्रवाई के लिए आवेदन दिया गया था। ओपी प्रभारी अजीत कुमार ने कहा उक्त मामले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

रेलकर्मियों की मांगें पूरी होने तक लंबित हो टूर कार्यक्रम : ईसीआरकेयू

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने मंडल रेल प्रबंधक धनबाद को ज्ञापन सौंपा कर रेलकर्मियों की विभिन्न मांगों को पूरा नहीं करने तथा बुनियादी सुविधाओं की बहाली के प्रति प्रशासनिक उदासीनता का विरोध किया गया। मांगों के समाधान का आग्रह के साथ रेल कर्मियों की लंबित समस्याओं के समाधान होने तक मंडलीय कर्मचारी कल्याण कोष की राशि से प्रस्तावित अंडमान टूर कार्यक्रम को स्थगित करने की मांग की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री एवं धनबाद मंडल पीएनएम प्रभारी ज्याऊद्दीन ने बताया कि इन मांगों को यूनियन पिछले दो साल से पीएनएम फोरम पर उठा रही है, लेकिन रेल प्रशासन उपेक्षित और उदासीन व्यवहार कर रहा है। प्रशासन की टालमटोल की नीति से मंडल के अधिकांश रेलकर्मी काफी आक्रोशित हैं। एक तरफ दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र में काम कर रहे रेलकर्मी पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव को झेलने को विवश हैं, वहीं रेल प्रशासन ने कर्मचारियों के कल्याण कोष के पैसों से अंडमान टूर पर जाने के लिए आवेदन पत्र मंगाये हैं। कठिन परिश्रम से रेलकर्मी धनबाद मंडल को नित नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं और बदले में प्रशासन उनके वाजिब भत्तों के भुगतान में असमर्थता जता रहा है। सेक्शन में कुछ सुपरवाइजर निरंकुश व्यवहार कर रहे हैं और मातहत कर्मचारियों का मानसिक व शारीरिक शोषण कर रहे हैं। मंडलीय अधिकारियों तक बात पहुंचाने पर वो सुपरवाइजर का ही पक्ष लेते हैं और

निचले स्तर के कर्मचारियों का स्थानांतरण कर देते हैं। उन्होंने कहा है कि ईसीआरकेयू की डिविजनल कमिटी की आपात जूम बैठक में इस बात को लेकर सर्वसम्मति हुई है कि रेलकर्मियों की मांगें जब तक पूरी नहीं होती हैं तब तक टूर कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए। ईसीआरकेयू ने अपनी मांगों की सूची और टूर कार्यक्रम को निलंबित करने का आग्रह पत्र मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी को सौंप दिया है और अब निर्णय मंडल रेल प्रशासन के हाथों में है। यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास में बताया कि डिविजनल कमिटी की जूम बैठक में अपर महामंत्री ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता और नेताजी सुभाष एवं एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा सहित चोपन-टू शाखा के सचिव सीपी पाण्डेय, चोपन-वन के सचिव उमेश सिंह, डाल्टेनगंज के सचिव सुनील कुमार सिंह, पतरातू-टू के सचिव अजीत कुमार, पतरातू-वन के सचिव आरएन चौधरी, बरकाकाना के सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, चन्द्रपुरा के सचिव चंदन शुक्ल, गोमो के सचिव पीके सिन्हा, गझंडी-कोडरमा के सचिव बीबी सिंह, धनबाद-वन के सचिव बीके दूबे, धनबाद-टू के सचिव आरके सिंह, धनबाद लाईन के सचिव जेके साव, कतरास के सचिव आईएम सिंह, पाथरडीह के सचिव बीके साव ने अपने विचार रखे। ज्ञापन में शामिल प्रमुख मुद्दों में ट्रैक मेन्टेनर के लिए 10 प्रतिशत इंडक्शन कोटा प्रक्रिया पूरी करना तथा प्रत्येक वर्ष समयानुसार आयोजित करना, धनबाद मंडल के फफराकुंड, मगरदहा, महदैया, मिचाधूरी, खुलदिल रोड आदि स्टेशनों पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था करना, मंडल रेल प्रबंधक भवन में शुद्ध पेयजल के लिए आरओ वाटर चिलर प्लांट लगाना, रेलवे बोर्ड के आदेश संख्या 155/2022 के आधार पर सभी विभागों के सुपरवाइजर के वेतन अन्ग्रेज करना, रेलवे बोर्ड के आदेश संख्या 35/2021 तथा 89/2023 के अनुसार रेलकर्मियों के वेतन निर्धारण का विकल्प स्वीकृत करना, लम्बी अवधि से बीमार रेलकर्मियों को मेडिकल बोर्ड बिठा कर स्वास्थ्य परीक्षण कर निर्णय लेना और जिन कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है, उन्हें कल्याण कोष से आर्थिक सहायता देना व अन्य शामिल हैं।

श्रद्धांजलि सभा में याद किये गये दिवंगत प्रकाश मिश्रा

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। प्रखण्ड साक्षरता कार्यालय गोविंदपुर में जिला नव साक्षरता समिति व ज्ञान विज्ञान समिति धनबाद द्वारा गोविंदपुर के प्रखण्ड समन्वयक स्व०. प्रकाश मिश्रा की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थापक सचिव जिला साक्षरता वाहिनी धनबाद सह भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. काशीनाथ चटर्जी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र सिंह द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पुष्प अर्पित करने के पश्चात एक मिनट मौन रखा गया। डॉ. काशीनाथ चटर्जी ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि स्व०. प्रकाश मिश्रा का कम उम्र में चल जाना बहुत ही दुःखद है। वे 1994 से साक्षरता आंदोलन से जुड़कर गोविंदपुर प्रखंड

के अंतर्गत कार्य कर रहें थे। जिला साक्षरता समिति व ज्ञान विज्ञान समिति में उनकी काफी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वे गोबिंदपुर साक्षरता आंदोलन के स्तंभ रहे। उनकी मृत्यु से सामाजिक आंदोलन की बहुत बड़ा हानि हुई है। उनकी याद में हर पंचायत में श्रद्धांजलि सभा और साक्षरता आंदोलन तथा सामाजिक आंदोलन के विस्तार के लिए बैठक आयोजित की जायेगी। मौके पर प्रखण्ड नव भारत साक्षरता समिति व ज्ञान विज्ञान समिति के मनोज कुमार पंडित, भोलानाथ राम, विवेकानंद पांडेय, सफीक आलम, रामदेव कुमार महतो, मुस्तकीम अंसारी, मिनाहुल्लाह अंसारी, फिरोज, उकेश्वर पांडे, विजया लक्ष्मी, अर्चना देवी, रेखा शर्मा, जोबा देवी, सपना देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, नीलम देवी, टूम्पा देवी, अताउल, सत्येंद्र रजक आदि ने अपने विचार रखे।

सड़क हादसे में मृत सगी बहनों का अंतिम संस्कार संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

गोमो। धनबाद स्थित बिरसा मुंडा पार्क के समीप कल हुए हृदय विदारक सड़क हादसे में होरो परिवार की दो सगी बहनों मौत से गोमो के लोग स्तब्ध हैं। सभी ने शोक की घड़ी में

होरो दंपति को ईश्वर से परिवारिक क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। पीड़ित परिवार के सदस्य सीएनआई संत मेरी चर्च, धनबाद से संबंधित है। मृत बहनों का अंतिम संस्कार गोमो में आज पूर्वाह्न 11:30 बजे किया गया। उपरोक्त जानकारी संत अंथोनी चर्च कमिटी के सदस्य शिशिर प्रभात तिर्की ने दी है।

डिनोबिली मुगमा की अर्पिता के स्कूल टॉपर बनने पर बधाइयों का तांता

दबंग हिंद संवाददाता

निरसा। डिनोबिली स्कूल मुगमा की छात्रा बानी अर्पिता चौबे ने मैट्रिक की परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल की टॉपर बनी। परीक्षा का परिणाम आते ही घर में खुशी का माहौल है तथा बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अर्पिता निरसा कांटा निवासी आलोक चौबे एवं वंदना चौबे की छोटी बेटी है।

अर्पित दो बहन एवं एक भाई में सबसे छोटी है। बड़ी बहन मेडिकल की पढ़ाई कर रही है, जबकि भाई इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। पिता आलोक चौबे हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं, जबकि माता वंदना चौबे कुशल गृहिणी हैं। अर्पित बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की रही है, जिसे इस बात से समझा जा सकता है कि इसी उम्र में वह दस भाषा की जानकार है। वह हमेशा अपने वर्ग में अव्वल रही है। नई चीज सीखने की ललक उसमें बचपन से ही रही है। अर्पित के अनुसार वह इंजीनियर बनना चाहती है। उसका कहना है कि स्कूल के शिक्षक सुमित सर के मार्गदर्शन में उसने तैयारी की और सफल रही। वह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ स्कूल के गुरु को देती है। उसकी सफलता से न केवल स्कूल, बल्कि निरसा का नाम रौशन हुआ है।

स्क्रूटनी में 3 प्रत्याशी का नामांकन अस्वीकार

नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 9 मई

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्राप्त सभी 28 नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की। स्क्रूटनी के दौरान कुछ उम्मीदवार स्वयं और कुछ उम्मीदवार के प्रतिनिधि मौजूद थे। स्क्रूटनी में 3 प्रत्याशी हीरा लाल शंखवार, नारायण गिरि तथा गौतम कुमार महतो का नामांकन अस्वीकार किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 9 मई को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है। धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। 4 जून को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। मौके पर सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, आरओ सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य मौजूद थे।

बलियापुर बीडीओ के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता और चेकनाका का निरीक्षण

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेर्शानुसार आज बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी शैलेश कुमार पांडेय की उपस्थिति में इलेक्शन एम्बेसडर अभियान के तहत सिंदरी नगर निगम क्षेत्र स्थित मतदान केंद्र संख्या 388 एवं 392 बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी ने बीएजी की बैठक हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए सभी सदस्यों को इस अभियान से जुड़ना है। इसके तहत एक कार्यक्रम डीएवी पब्लिक स्कूल रांगामाटी सिंदरी में

आयोजित हुआ। कार्यक्रम में इएलसी सदस्य छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता प्रतिशत, सेल्फी एवं जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक और सभी शिक्षकों ने भाग लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा भ्रमण के दौरान इंटरस्टेट चेकनाका डोमगढ़ एवं सिंदरी बस्ती का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गहन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिंदरी थाना प्रभारी शैलेश कुमार पांडेय भी उपस्थित थे।

पुटकी थाना प्रभारी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

दबंग हिंद संवाददाता

पुटकी। पुटकी थाना क्षेत्र में स्थानीय ग्रामीण मतदाताओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। पुटकी थाना प्रभारी मनोहर करमाली द्वारा सियालगुद्री पंचायत, दक्षिण पण्डरकनाली पंचायत के कई बूथों में मुखिया, वार्ड सदस्य, बीएलओ एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाकर संदेश दिया गया कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाता शांतिपूर्वक मतदान करें और लोकतंत्र की रक्षा में सहभागी बनें।

अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान को लेकर बैठक संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक कुमार सिंह ने डाकबंगला गोविंदपुर में इंडिया गठबंधन चुनाव संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि धनबाद की स्थिति कांग्रेस के अनुकूल है और कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत तय है। उन्होंने गठबंधन के सभी दलों के नेताओं और कार्यकताओं से समर्पित भाव से बूथ मैनेजमेंट में लगने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारी संभालें। संगठन द्वारा सारी व्यवस्था दी जाएगी और गोविंदपुर प्रखंड के सभी 231 मतदान केंद्रों में कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन होगा। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार हाडी ने

तथा संचालन युवा कांग्रेस के सिंदरी विधानसभा अध्यक्ष टिंकु अंसारी ने किया। सभा को राजद प्रखंड अध्यक्ष पूर्व मुखिया मोबिन अंसारी एवं शेखर यादव, कांग्रेस के जिला महासचिव मोइन अंसारी, कांग्रेस के गोविंदपुर प्रखंड प्रभारी अनिल कुमार साव, भाकपा माले के सोमनाथ चक्रवर्ती, अभिषेक अलख एवं संदीप कौशल, आप पार्टी के अयूब अंसारी आदि ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मजबूत स्थिति में है। ददई दुबे की भांति अनुपमा सिंह की भी जीत होगी। बैठक को गुलाम मुंतका, याकिब जावेद, अभिजीत चंद्रा, अशरफ अली, विश्वेश्वर सिंह, सद्दाम हुसैन, शरीफ अंसारी, मंजर आलम आदि ने भी संबोधित किया।

आईआरबी जवानों से भरी बस पलटने से एक की मौत, दर्जनों घायल

दबंग हिंद संवाददाता

गिरिडीह। बगोदर थाना क्षेत्र के घाघरा कॉलेज के समीप आज दोपहर जवानों से भरी एक बस असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिससे एक जवान की मौके पर मौत हो गयी, जबकि दर्जनों जवान घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत जवान की पहचान विकास भगत के रूप में की गयी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गिरिडीह एसपी समेत कई आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गये। बताया जाता है कि सभी आईआरबी के जवान गिरिडीह से गढ़वा जा रहे थे। बस में कुल 40 जवान सवार थे। इसी दौरान बस घाघरा कॉलेज के समीप

असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। शिखर ट्रेवल्स नामक बस जीटी रोड डुमरी की तरफ से बगोदर आ रही थी कि तभी बस एक बाइक को बचाने के क्रम में असंतुलित होकर डिवाइडर पर चढ़ गयी और टायर फटने से पलट गयी। बस पलटने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों भी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई और सभी जवानों को बचाने में जुट गये। घटना के तत्काल बाद घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ जवानों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर किया गया है, जबकि गंभीर घायल जवानों को रांची रिम्स भेजा गया है। आंशिक घायल जवानों का इलाज बगोदर अस्पताल में किया जा रहा है।

पेड़ो की अंधाधुंध कटाई का दंश झेल रहा धनबाद : हरे राम

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। धनबाद को देश की कोयला राजधानी के रूप में जाना जाता है। धनबाद जिला में करीब 189 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र है। परती व बंजर भूमि करीब 761 वर्ग किलोमीटर है। 346 वर्ग किलोमीटर में आंशिक खेती होती है और करीब 115 वर्ग किलोमीटर में खेती होती है। झरिया, कतरास, बाघमारा, निरसा क्षेत्र में कोयले का उत्पादन होता है। वर्तमान में खुली खदानों से कोयला का उत्पादन हो रहा है। माइनिंग क्षेत्र में वायु, जल, मिट्टी, ध्वनि प्रदूषण सामान्य स्तर से दो से तीन गुना अधिक है। इसलिए झरिया देश का सबसे अधिक प्रदूषित शहर है। कोलियरी क्षेत्र में कोयला उत्पादन का लिए पेड़ों को काटा जाता है। इसके बदले में बीसीसीएल को दस गुना अधिक पेड़ लगाना है, लेकिन यह काम पूरा हो नहीं पाता है। पत्थर एवं कोयले की सतहों में ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग की जाती है, जिससे धूलकण पीएम 2.5 या पीएम 10 बहुत ज्यादा मात्रा में वायु में मिल जाते हैं। झरिया कोलफील्ड में भूमिगत कोयले में सैंकड़ों बरसों से आग लगी हुई है। इस कारण विषैली गैसों का उत्सर्जन होता रहता है, जो स्वास्थ्य के लिए अति हानिकारक है। भारी मशीनों व ब्लास्टिंग से ध्वनि प्रदूषण होता है। शहर के बीचों-बीच की सड़कें बैंक मोड़ से बोकारो, बैंक मोड़ से सिन्दरी, सिटी सेंटर से बरवाअड्डा एवं गोल बिल्डिंग से काको मठ, महुदा तक सड़क बनाने के समय पुरानी सड़क के दोनों ओर के बड़े -बड़े पेड़ों को काट दिया गया और नयी सड़क

बनाने के बाद पेड़ नहीं लगाये गये हैं। चारों ओर चौड़ी सड़कों का निर्माण तो हो गया, लेकिन पेड़ों के बगैर शहर विरान हो गया है। ऐसा मानना है सेवानिवृत्त कोयला अधिकारी व समाजसेवी हरेराम पंडित का। श्री पंडित का कहना है कि देश ने 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया है। पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के महत्व की याद दिलाता है और कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करता है। अर्थात पृथ्वी और प्रकृति के साथ मानव जीवन व पशु-पक्षियों को बचाना है, तो अधिकाधिक पौधरोपण करना होगा और पौधों को बड़ा बनाना होगा।विकास और निर्माण के नाम पर जिन वनों का अंधाधुंध कटाई हो रही है, उस पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन काम करे। साथ ही जहां सड़क या भवन निर्माण होता है, वहां पेड़ लगाने की शर्त पर निर्माण का आदेश दिया जाये। पेड़ों के कटने से भू-गर्भ का जलस्तर बहुत नीचे जा रहा है। फलस्वरूप पीने व सिंचाई के लिए पानी का भी घोर अभाव हो रहा है और भविष्य में यह भयावह रूप लेगा। पेड़ों की कमी के कारण अभी रिकार्ड तोड़ गर्मी सहनी पड़ रहि है। पेड़ों की कटाई की विरानगी का विकल्प सिर्फ पौधारोपण ही है। वायु ,जल, ध्वनि, मिट्टी प्रदूषण धनबाद में रहने वाले लोगों को अनेकानेक बिमारियां दे रहा है। मानव व पशु-पक्षियों का जीवन दूभर हो गया है। धनबाद वासियों, वन विभाग, नगर निगम, पर्यावरण विभाग और बीसीसीएल को धनबाद को बचाने के लिए ओबी डंप में, सड़कों के बीच या किनारे में पेड़ अवश्य लगाने होंगे एवं धनबाद को हरा-भरा बनाकर जीवों को बचाना होगा। अतः सभी एजेंसियां ईमानदार प्रयास करें एवं पेड़ों की संख्या बढ़ायें।

आलोक बने प्रदेश असंगठित कामगार और कर्मचारी कांग्रेस संगठन सचिव

दबंग हिंद संवाददाता

तिसरा। गोल्डेनपहाडी के युवा नेता आलोक राज को झारखंड प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस का प्रदेश संगठन सचिव बनाये जाने पर गोल्डेनपहाड़ी स्थित उनके आवास पर आकर प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे ने नियुक्ति पत्र दिया। आलोक राज ने कहा कि धनबाद लोकसभा से अनुपमा सिंह को अपने जिता कर दिल्ली भेजने का काम करूंगा। बधाई देने वालों में पिंटु निषाद, जितेंद्र रजक, प्रमोद यादव, धनेश्वर राम, आशीष सिन्हा, दया कुमार, रणजीत दास, ऋषि कुमार, अंगद कुमार, टिंकु रजक, उषा देवी, दीपक राय, आकाश रजक, प्रेम निशाद, धनंजय रजक, सुमित, राहुल आदि उपस्थित थे।

एक नजर

छात्राओं की मौत पर जताया शोक

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। धनबाद में कल हुई सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्राओं की दर्दनाक मौत के बाद राजकमल नर्सरी मध्य विद्यालय चन्दौर तेतुलमारी में सभी शिक्षक-शिशिकाओ ने 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुःख व्यक्त किया। इस दुःख की घड़ी में भगवान से पीड़ित परिवार को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गयी। शोक सभा में कामू प्रसाद राय, पंकज कुमार मंडल, नागदेव राम, मनोज कुमार गोस्वामी, विरेंद्र मिस्त्री, मंजू कुमारी, सुशीला कुमारी, फरीद आलम, जावेद अख्तर अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

हैवी ब्लास्टिंग पर ग्रामीणों ने रोका कार्य

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। चेन्नई राधा एलपीपी आउटसोर्सिंग कंपनी में हैवी ब्लास्टिंग से उड़े पत्थर ननकु मल्लाह के घर में गिरने से चार बकरी मय गयी, जबकि टीवी, पलंग व अन्य सामानों को क्षति पहुंची है। लोगों का कहना है कि बिना सायरन के ब्लास्टिंग की गयी। डीजीएमएस के निदेर्शों को ताख पर रख कर कार्य किया जा रहा है। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने आउटसोर्सिंग का कार्य घंटों ठप्प कर दिया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

दबंग हिंद संवाददाता

पुटकी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह दंडाधिकारी धनबाद के आदेशानुसार आज मुनीडीह ओपी प्रभारी ने बूथ संख्या 404, 435, 436, 437 में समशिखरा पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, बूथ के बीएलओ एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ लोगों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई। ग्रामीण पुरुष व महिलाओं ने मतदान करने की शपथ ली।

आरएसपी कालेज बेलगढ़िया में चला मतदाता जागरूकता अभियान

दबंग हिंद संवाददाता

तिसरा। बलियापुर प्रखंड के बेलगढ़िया टाउनशिप में लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसको लेकर आरएसपी कॉलेज के कैंपस अम्बेसडर राहुल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आरएसपी कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉलेश सिंह ने कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं और अन्य मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलायी। मौके पर परीक्षा नियंत्रक कमरुद्दीन, अंशुमान, मनोरंजन, समीम, अनिल, रूबी, माधुरी, मनोज कुमार सिंह, रुपेश निषाद सहित दर्जनों छात्र मौजूद थे। सभी ने लोकतंत्र की रक्षा और मतदान के प्रति समाज को जागरूक करने की शपथ ली।

कोयला तस्करी पर वर्चस्व को लेकर फायरिंग से दहशत

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। अमलाबाद ओपी क्षेत्र में संचालित अवैध कोल डिपो में अवैध कोयले की खरीद-बिक्री में वर्चस्व को लेकर तस्करों के दो गुट के समर्थकों में बीती रात भौंरा ओपी एवं जोड़ापोखर थाना के सीमा क्षेत्र के कालीमेला बिनोद पुल के समीप जमकर मारपीट हो गयी। इस क्रम में एक गुट द्वारा हवा में दो चक्र फायरिंग करने से क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गया। मामले को लेकर भौंरा ओपी प्रभारी रंजीत राम ने क्षेत्र में मारपीट व फायरिंग होने से इंकार किया है। बताते हैं कि बोकारो जिला के अमलाबाद ओपी से महज एक किलोमीटर की दूरी पर दामोदर नदी के किनारे जंगल में महथा एवं महतो नामक कोयला तस्करों द्वारा अलग-अलग अवैध कोल डिपो संचालित किये जाते हैं। दोनों कोल डिपो में भौंरा एवं जोड़ापोखर क्षेत्र से बड़े पैमाने पर कोलियरियो से कोयला चोरी कर मोटरसाइकिलों से बिनोद पुल के पार अवैध डिपो में दिन-रात कोयला खपाया जाता है। कोयला चोरों से कोयला खरीदारी को लेकर दोनों डिपो संचालकों के समर्थकों में पिछले एक सप्ताह से विवाद होने की सूचना है। इस दौरान कल रात लगभग साढ़े नौ बजे दामोदर नदी किनारे पुल के समीप एक गुट के समर्थकों द्वारा कोयला लदी लगभग आधा दर्जन मोटरसाइकिलों को रोकेने के मुद्दे पर दोनों गुटों के समर्थक एक-दूसरे से भिड़ गये। दोनों गुटों में जमकर लाठी- डंडे से मारपीट हुई, जिसमें संतोष का माथा फूटने पर महतो गुट के समर्थक पिस्टल निकालकर हवा में फायरिंग करने लगे, जिससे कोयला चोरों में भगदड़ मच गयी। मामले कि गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आज क्षेत्र में कोयले की खरीद- बिक्री पर रोक लगा दी है।

इंडिया गठबंधन की एग्यारकुंड प्रखंड चुनाव संचालन समिति गठित

दबंग हिंद संवाददाता

मैथन। लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की एग्यारकुण्ड प्रखंड स्तरीय बैठक आज मैथन रोड स्थित माले कार्यालय में हुई, जिसमें गठबंधन के सारे दल के नेताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता माले नेता नागेन्द्र कुमार ने की बैठक में एग्यारकुण्ड प्रखंड स्तरीय 27 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन संयोजक बनाये गए और सह संयोजक झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन, माले के प्रखंड सचिव मनोरंजन मल्लिक, सीपीएम के प्रखंड सचिव सूमोना लाहिड़ी, सीपीआई के प्रखंड सचिव रामशोभित प्रसाद, राजद के घमण्डी यादव बनाये गये। मौके पर चुनाव प्रभारी श्यामल सरकार, सदन सिंह व संतोष घोष, शशिभूषण तिवारी, दुर्गा दास मुख्य रूप से उपस्थित थे।

डीसी ने स्ट्रांग रूम के लिये चयनित विद्यालयों का किया निरीक्षण

- सभी स्थानों पर एएमएफ की सुविधायों को हर हाल में बहाल रखने के निर्देश
- गर्मी के मद्देनजर बूथों पर पेयजल व धूप से मतदाताओं के बचाव को लेकर टेंट लगाने के निर्देश

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को सीएपीएफ को ठहारने के लिये चयनित राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय चैनपुर का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के आसपास फैले झाड़ियों को साफ-सफाई करने पर बल दिया।वहीं राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय में भी सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये चिन्हित सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय का भी जायजा लिया।उन्होंने चैनपुर बीडीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश

निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रंजन ने चैनपुर के बीडीओ को सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश दिये।इसके साथ ही सभी बूथों में एएमएफ के तहत सभी सुविधाओं को अनिवार्य रूप से बहाल करने के निर्देश दिये।इस दौरान विशेष कर पेयजल की सुविधा व धूप से बचने हेतु टेंट लगाने पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त व चैनपुर सीओ उपस्थित थे।

खुला भारतीय मानवाधिकार परिषद पलामू इकाई का जिला कार्यालय

दबंग हिंद संवाददाता

मेदनीनगर। शहर के सुदना में एल्युमिनियम फैक्ट्री के निकट भारतीय मानवाधिकार परिषद पलामू इकाई का जिला कार्यालय का उद्घाटन परिषद के अध्यक्ष संध्या देवी ने किया। मौके पर परिषद के जिला महासचिव महेंद्र नाथ शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ सीमा कुमारी, सचिव चंचला कुमारी व सह सचिव किरण कुमारी एवं अविनाश कुमार राजा, जिला समन्वयक शिला कुजूर व संजीव कुजूर एवं सक्रिय सदस्य असतोरा देवी सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत अध्यक्ष संध्या देवी ने वहां उपस्थित लोगों को मानवाधिकार के कर्तव्यों एवं दायित्वों के विषय में जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समाज के पीड़ित वैसे लोगों को जिन्हें न्याय नहीं मिल रहा हो या फिर बिलम्ब हो रहा है उसमें यथोचित सहयोग उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करने की प्रतिबद्धता दुहरायी। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग हैं जिन्हें उचित न्याय नहीं मिल पाता है वैसे लोग कार्यालय में पहुँचकर अपनी समस्या बताएं उन्हें हर सम्भव सहयोग कर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि कार्यालय खोलने की जानकारी जिले के तमाम अधिकारियों को दे दी गयी है। सभी लोगों ने सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिया है।

एक नजर

हर मोर्चे पर मोदी व सांसद बीडी राम विफल : झारखण्ड क्रांति मंच

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर के पटेल नगर स्थित आवास पर प्रेस बयान जारी कर कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का भगवान राम की मुर्ति के आगे साष्टांग दंडवत से ना तो उनके जघन्य पाप धूलने वाले हैं और ना ही इस बार भगवान राम उन्हें माफ करने वाले हैं। बयान में उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के निदेर्शानुसार जब भी पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी व नाकाम/नकारा सांसद श्री बी०डी०राम के लिए घर-घर वोट मांगने आयें तो मतदाता उनसे अवश्य पूछें कि बीफ कम्पनियों से इलेक्टोरल बॉण्ड के जरिए 200 करोड़ रुपए से ज्यादा चंदा लेने वाली व सरकार के कार्यकाल में गऊ माता का वध करवाकर बीफ निर्यात में भारत को शीर्ष देश बनानेवाली व हजारों करोड़ रुपए के भ्रष्टाचारियों व व्याभिचारियों को गले लगानेवाली पार्टी भाजपा को क्यों मतदान किया जाए? बयान में जेकेएम अध्यक्ष ने कहा है कि देश व पलामू के ज्वलंत मुद्दों पर बुरी तरह फेल हो चुके व एक शब्द नहीं बोलने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी व बाहरी व विफल सांसद प्रत्याशी श्री बी०डी०राम अब राम भरोसे रामलीला पार्टी की नाटक मंडली के जोकर बन चुके हैं। निश्चित रूप से वे और उनकी पार्टी विपक्ष की पार्टियों से ज्यादा भ्रष्ट हैं।अगर आज मंत्री श्री आलमगीर आलम व अन्य कैश कांड के आरोटी लोग मधु कोड़ा व गीता कोड़ा की तरह भाजपा शरणं गच्छामि हो जायें तो पीएम मोदी उनकी आरती उतारने लगेंगे? बयान के अंत में झारखण्ड क्रांति मंच के अध्यक्ष ने कहा है कि देश के लिए राहू-केतु बन चुके पीएम व गृह मंत्री अपनी निश्चित हार को देखकर बौखला गए हैं। जिस तरीके से गुजरात/मध्य प्रदेश में प्रत्याशियों की खरीद-फरोख्त के बाद उत्तर प्रदेश में कुछ पार्टियों व प्रभुत्व वाले क्षत्रपों को मैनेज करने की कवायद जारी रखी है,उससे स्पष्ट है कि अबकी बार,भाजपा की निश्चित हार तय है।जिसकी शुरूआत झारखण्ड में पलामू संसदीय क्षेत्र से होनेवाली है।

कोलवाहान हाईवा ने पेंड में मारी टक्कर, वाहन क्षतिग्रस्त

दबंग हिंद संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र के बघमरी गांव के समीप में तेज रफ्तार कोलवाहान हाइवा जेएच 02 बीपी 7750 अनियंत्रित हो सड़क किनारे महुआ पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे कोलवाहन हाइवा क्षतिग्रस्त हो गया। जबकी चालक को किसी तरह कुछ नहीं हुआ और बच गया। बताया गया कि हाइवा कटकमसांडी से कोयला डंप कर वापस केरेडाडी जा रहा था। इसी बीच बघमरी गांव समीप अनियंत्रित हो सड़क के किनारे महुआ पेड़ में टक्कर मार दिया। मालूम हो की चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क से कोलवाहन के गिद्धौर होते परिचालन से कई दुर्घटनाएं हुई है। उक्त सड़क में कई जगहों को भुतहा मोड़ के नाम से जाना जाता है। ऐसे में सड़क किनारे बसे आसपास के ग्रामीण काफी भयभीत रहते हैं। ग्रामीणों ने सड़क के किनारे महुआ पेंड हटाने की मांग विभाग से की है।

चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

दबंग हिंद संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान को लेकर स्कली छात्रों ने सीओ राकेश सहाय के नेतृत्व में मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय व मध्य विद्यालय गिद्धौर के छात्र-छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया। सीओ ने बताया कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पहले मतदान, फिर जलपान, निर्भीक होकर करें मतदान के नारे लगा रहे थे। अभियान में विद्यालय प्रधानाध्यापक ब्रजेश सिंह, सिद्धेश्वर पांडेय, शिक्षक डॉ. राजीव दास, गेंदों रविदास, संतोष सेठ के साथ छात्र-छात्राएं शामिल थे।

प्रत्याशियों को मिला चुनाव चिन्ह, किसी को मिला बाल्टी तो किसी को बल्ला

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा। नाम वापसी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन करने के साथ क्रम संख्या भी मिल गया है। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी में काली चरण सिंह भारतीय जनता पार्टी को कमल, कृष्णानन्द त्रिपाठी इंडियन नेशनल कांग्रेस को हाथ, नागमणि बहुजन समाज पार्टी को हाथी, पंजीकृत राजनैतिक दलों के सदस्य (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के अतिरिक्त) अर्जुन कुमार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया को बाल और हंसिया, कर्मलाल उरांव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) को फलों से युक्त टोकरी, कामदेव डिहो राणा राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी को ऑटो-रिक्शा, दर्शन गंझु झारखण्ड पार्टी को बल्लेबाज, दुलेश्वर साव भारतीय जवान किसान पार्टी को उपहार, विमल लकड़ा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया को कोट, महेश बाण्डो बहुजन मुक्ति पार्टी को चारपाई, लव कुमार पंडित भागीदारी पार्टी (पी) को फुटबॉल खिलाड़ी, संजय कुमार स्नेही लोकहित अधिकार पार्टी को सेब, सुमित कुमार यादव समता पार्टी को बैटरी टार्च मिला। वहीं अन्य अभ्यर्थी निर्दलीय मो. अबुजर खां को बल्ला, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह को बाल्टी, अमित कुमार सिंह को गैस सिलेण्डर, अर्जुन प्रजापति को एयरकंडीशनर, चंदन कुमार को अलमारी, दीपक कुमार गुप्ता को कैंची, योगेश कुमार सिंह को हीरा, विक्रांत कुमार सिंह को बेबी वॉकर, श्रीराम सिंह को मोतियों का हार चुनाव चिन्ह मिला है। बैठक में सामान्य प्रेक्षक निखिल निरमल, व्यय प्रेक्षक सैकत बासु, पुलिस प्रेक्षक गोपेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, सिमरिया, पांकी समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी के साथ उम्मीदवार स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

आंधी-पानी ने मचाई तबाही, कई जगहों पर गिरे पेड़, उड़े दर्जनों घरों के छप्पर

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा/पत्थलगड़ा। मंगलवार दोपहर बाद आई भीषण आंधी और पानी ने जिले के पत्थलगड़ा के अलावे आसपास के प्रखंड़ों में भारी तबाही मचाई। जहां दर्जनों झोपड़ी उड़ गए वहीं कई पेड़ भी उखड़ कर सड़क पर गिर गए। दोपहर के बाद अचान हुए मौसम में बदलाव में दिन में ही शाम का नजारा दिखा। वहीं तेज आंधी के चलते कई जगह बिजली के तार भी टूट गए जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। आंधी-पानी से आम के फल को भी भारी नुकसान पहुंचने से किसानों को भी आर्थिक क्षति हुई है। वहीं पिछले कई दिनों से तेज गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली और थोड़ी देर बाद तेज चली आंधी और उसके बाद हुई बरसात ने भारी तबाही मचाई। क्षेत्र के दर्जनों करकटनुमा मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई झोपड़ियां भी आंधी के आगोश में आने से तहस नहस हो गई।

ममता भुइया के पक्ष मे वोट करने की अपील की

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीपीआई राजद एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता केडी सिंह गौतम सागर राणा चंदन प्रकाश सिन्हा एवं संजर नवाज ने संयुक्त रूप से चराई हुटुकदाग मंझौली कंचनपुर बिल्टाडिह दिनादाग सहित दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया जिसमें लोगों को महागठबंधन के सरकार के द्वारा झारखंड में किए गए कामों के आधार पर ममता भुइंया के पक्ष में लालटेन छाप पर वोट देने की मांग की गई झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि भाजपा के सरकार में बृद्धा पेंशन पाने के लिए लंबी सूची होती थी और लोगों को पहले से सुविधा पा रहे लोगों के मृत्यु का इंतजार करना पड़ता था ताकि उन्हें सूची में शामिल किया जा सके और वृद्धा पेंशन दिया जा सके लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने इस बाध्यता को खत्म किया और 50 वर्ष से उम्र के सभी वृद्ध व्यक्तियों को पेंशन की सुविधा देना सुनिश्चित किया गया एक ही परिवार में बाप बेटे और दादा सभी पेंशन पा रहे हैं केडी सिंह ने कहा कि केंद्र की सरकार 400 पार का नारा लग रही है ताकि संविधान को खत्म किया जा सके जो कदापि नहीं होने दिया जाएगा संजर नवाज ने कहा कि केंद्र की सरकार हिंदू मुस्लिम करके हमें आपस में लड़वाना चाहती है और आपसी सौहार्द को खत्म किया जा रहा है ताकि उन्हें राजनीतिक लाभ मिल सके उपस्थित लोगों ने ममता भुइंया के पक्ष में नारे भी लगाए साथ में राजद के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव सीपीआई के जिला उपाध्यक्ष कपिल देव प्रजापति बदरुद्दीन विजय चंद्रवंशी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

न्यायरथ पहुँचा पोलपोल, लोगों ने रखी समस्याएं

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में मंगलवार को सदर प्रखंड के पोलपोल बाजार में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुँचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने आवास, वृद्धावस्था पेंशन ,राशन कार्ड, चापानल, व मुवावजा भुगतान नही किए जाने से सम्बंधित समस्याएं को रखा। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट पुष्कर राज ने कहा कि चलन्त लोक अदालत का आयोजन एक मई से आरंभ किया गया है जिसके तहत गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके।उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत मुआवजा राशि प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर नई दिशाएं के सचिव इन्दु भगत ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मध्यस्तता, लोक अदालत, विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। इससे लोगों में काफी जागरुकता आया है।

राजपूत करनी सेना करेगा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी का समर्थन

दबंग हिंद संवाददाता

मयूरहंड(चतरा)। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी का राजपूत करनी सेना करेगा समर्थन। इसकी घोषणा मंगलवार को करनी सेना के प्रदेश संयोजक शमशेर सिंह ने प्रत्याशी श्री त्रिपाठी के मयूरहंड प्रखंड के जनसंपर्क अभियान के दौरान की। श्री सिंह ने कहा जो राजपूत करनी सेना का सहयोग करेगा उसके साथ सेना पूरे मन से काम करेगी। इस दौरानकरनी सेना के प्रदेश संयोजक के साथ जिलाध्यक्ष सोनू नारायण सिंह, जिला सचिव कुंदन कुमार सिंह व अन्य सदस्यों श्री त्रिपाठी का भव्य स्वागत किया और भरपूर सहयोग करने की बात कही। चतरा लोकसभा में युवाओं को रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं किसानों के सिचाई उपलब्ध कराने की प्राथमिकता बताते हुए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। अभियान में पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, झामुमो नेता मनोज चंद्रा, बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव, प्रदीप कुमार सिंह, अलखदेव सिंह उर्फ डाक बाबू, शशिप्रमोद लाल, नकुल सिंह, रुस्तम अंसारी, सेवा यादव, सुरेश यादव, श्री यादव, मनीर आजाद आदि शामिल थे।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक सांसद बनने के बाद बनाएंगे आध्यात्मिक राजनीतिक पार्टी

- 20 मई को अपने बच्चों की भविष्य के लिए लोगों से की वोट करें की अपील, कहा मैं डॉक्टर हूं, बीमारियों का इलाज करना जनता हूं

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में चतरा लोकसभा में मतदान होना है, ऐसे में मैदान में उतरे 22 उम्मीदवारों में चुनाव जीतने का जुनून सर चढ़कर बोल रहा है। हर कोई बाजी मार लेने को लेकर संघर्ष कर रहे हैं और दावे भी कर रहे हैं। जबकी जीत के कामियाबी का रास्ता मतदाताता तय करेंगे। इसके बाबजूद हर उम्मीदवार अपनी जीत पक्की बताने में जुटे हैं। वहीं चतरा से निर्दलीय उम्मीदवार प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञय डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोग आगामी 20 मई को अपने बच्चों की भविष्य के लिए मतदान करें। मैं किसी पार्टी का एजेंट या दलाल नहीं हूं। मैं भगवान को खुश करने के लिए लोगों की सेवा करना चाहता हूं। चतरा लोकसभा क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। आजादी के बाद से यहां की समस्याएं विकराल रूप धारण कर ली है। यहां के जनप्रतिनिधि क्षेत्र की खनिज संपदा पर नजर गड़ाए हुए हैं। लेकिन मैं क्षेत्र की समस्याओं को देख रहा हूं और इसे दुर करने के लिए चुनाव मैदान में हूं। आगे कहा कि मैं डॉक्टर हूं बीमारियों का इलाज करना जनता हूं। फिलहाल अशांत और असभ्य समाज बना हुआ है। स्वास्थ्य, शिक्षा व बेरोजगारी की समस्याओं से यहां के लोग त्रस्त हैं। राष्ट्रीय राजनीतिक दलों में एक तरफ एनडीए के भाजपा प्रतियाशी दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रतियाशी को हराकर सांसद बनना मेरे लिए सौभाग्य होगा। चनाव जीतने के बाद एक आध्यात्मिक राजनीतिक पार्टी का बनाऊंगा। जिसका उद्देश्य धर्म जाति से उपर उठकर मानव जाति को नई दिशा प्रदान करना होगा।

नागमणी को कोर्ट से नहीं मिली राहत

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा। चतरा लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के दौरान गिरफ्तार किए गए बसपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रिय मंत्री नागमणी को कोर्ट से 5 वें दिन भी राहत नहीं मिली। ऐसे में नागमणी को अभी और कुछ दिन सलाखों के पीछे रहना होगा। क्योंकि न्यायालय ने उन्हें 9 मई की अगली तारीख दी है। ज्ञात हो कि नागमणि की गिरफ्तारी 3 मई को तब हुई थी जब नामांकन दाखिल करने के लिए समाहरणालय चतरा पहुंचे थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उलंघन का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें गिरफ्तारी वारंट भी जारी था। उपरोक्त मामले में ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नागमनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकी बेल के लिए अर्जी लगाई गई थी, पर बेल ना देकर 6 मई को सुनवाई के लिए डेट दे दिया गया था और उनकी गिरफ्तारी हो गई।

जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओ की हुई बैठक, कहा तीन वर्षों से झारखंड बचाने के लिए जनता की आवाज की जा रही बुलंद

दबंग हिंद संवाददाता

पत्थलगड़ा(चतरा)। पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित चिरचिरौना बागी में जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता सक्रिय सदस्य शशि भूषण प्रसाद ने की। जिसमें बैतोर मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा क्षेत्र से जेबीकेएसएस प्रत्याशी दीपक कुमार गुप्ता व जिलाध्यक्ष सुनील कुमार शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी बूथों पर कमेटी विस्तार करने को लेकर जिलाध्यक्ष ने सभी को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि दो दिनों के अंदर कमेटी विस्तार करलें। वहीं प्रत्याशी श्री गुप्ता ने कहा कि बड़े नेताओं की बात ही कुछ और है, किन्तु हम सभी जमीनी स्तर के लोग हैं, इसलिए हम जमीनी स्तर की लड़ाई लड़ रहे हैं और लड़ते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि चतरा लोकसभा की जनता अपना आशीर्वाद देती है तो समर्पित भाव से अपनी माटी की सेवा कर रहे हैं और करते रहेंगे। श्री गुप्ता ने आगे कहा कि जिस तरह पिछले तीन वर्षों से झारखंड बचाने के लिए हम लोगों ने जनता की आवाज बुलंद की है आगे भी सड़क से सदन तक झारखंडियों की हित में आवाज बुलंद करते रहेंगे, चाहे कोई भी बाधाएं आ जाए उसे भी पार कर चलते रहेंगे। कहा इस बार चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोग परिवर्तन कर दिखाएंगे। इस दौरान विस्थापन नीति, स्थानीय नीति, रोजगार नीति पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में रवि कुमार, रुपलाल प्रसाद, राजकुमार राणा, राजू कुमार, मोहम्मद जमाल मियां, संतोष यादव, लोचन साव, चंद्रदेव प्रसाद, विजय दांगी, मो. सरफराज, मो. कौशल आदि मौजूद थे।

चतरा महाविद्यालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चतरा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं शिक्षकेतर कर्मी शामिल थे। महाविद्यालय के कैंपस एम्बेसडर डॉ. बिस्मिल्ला खान एवं डॉ. एल्विन बखला विशेष रूप से विद्यार्थियों को मतदान में भाग लेने की अपील की। डॉ. बखला ने मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं लोकतंत्र में बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही छात्रों से कही। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने राजनीतिक अधिकार का प्रयोग कर अपनी सरकार चुनने के अधिकार का प्रयोग कर चतरा लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोट डालने का रिकॉर्ड बनाने की अपील की। उन्होंने 20 मई को सबसे पहले अपना कर्तव्य समझ कर बिना किसी प्रलोभन के सकारात्मक तत्वों के प्रेरित होकर व नकारात्मक तत्वों से प्रभावित ना होकर मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु सही प्रतिनिधि चुनने और अच्छा सरकार बनाने की बात कही। मौके पर मतदान संबंधी स्लोगन मतदान करेगा चतरा, आगे बढ़ेगा चतरा व मेरा वोट मेरा भविष्य सभी विद्यार्थियों द्वारा दोहराया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की अभ्यार्थियों संग बैठक, लोकसभा के महत्वपूर्ण बिन्दुओं से कराया अवगत, दी गई कई महत्वपूर्ण जानकारी

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संदर्भ में अभ्यर्थियों की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंगलवार को हुई। जिसमें विशेष रुप से मतदान केन्द्रों के रिलोकेशन से संबंधित जानकारी दी गई। उपायुक्त ने इस दौरान सभी को बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान 31 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। जिसमें स्क्रूटनी में 08 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र में त्रृटिपूर्ण रहने के कारण अस्वीकृत किया गया। वहीं नाम वापसी पर 6 मई को एक निर्दलीय उम्मीदवार जय प्रकाश सिंह भोगता ने अपना नामांकन वापस लिया और शेष 22 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। सभी उम्मीदवारों को निर्वाचन आयोग के नियमों का अक्षरशः पालन करने की बात कही गई। साथ ही कहा सभी प्रत्याशियों को गाईडलाइन से संबंधित पुस्तिका भी उपलब्ध करा दी गई है। इसमें निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का उल्लेख किया गया हैं। किसी भी सुरत में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसका खास ख्याल रखा जाय। जिला अग्रणी प्रबंधक को सभी प्रत्याशियों का नया खाता खोलने में सहयोग करने का निर्देश दिया। आगे बताया गया कि जिले में 09, 14 एवं 18 मई को लेखा व्यय पुस्तिका का मिलान व्यय प्रेक्षक के समक्ष किया जाएगा। किसी भी सभा का आयोजन, रैली आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार को लेकर कार्यक्रम के 48 घंटे पूर्व सूविधा ऐप पर ऑनलाईन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही बताया गया कि इस बार वैसे मतदाता जिनकी उम्र 85 वर्ष से उपर है और केन्द्र पर पहुंचने में असक्षम है, वैसे 40 प्रतिशत से उपर दिव्यांग हैं उनके लिए होम वोटिंग सुविधा की भी व्यवस्था की गई है। इस कार्य हेतु बूथ स्तर के पदाधिकारी के द्वारा डोर टू डोर जाकर फार्म 12 भी भरा लिया गया है। होम वोटिंग दो चरण में होगा प्रथम चरण 09 मई से 14 मई तक एवं दूसरा चरण 16 मई से 17 मई तक। वैसे मतदान पदाधिकारी, कर्मी, पुलिस पदाधिकारी, बीएलओ जो मतदान की तिथि को मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त रहेंगे, वैसे बीएलओ जिनकी प्रतिनियुक्ति उनके मतदान सूची में वर्णित पोलिंग बूथ के भिन्न दूसरे बूथ परिसर में होगी वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से विभिन्न तिथियों में मतदान करवाया जाएगा। आगे उन्होने बताया कि पोलिंग पार्टी का डिस्पैच एवं प्राप्ति तथा मतगणना का सम्पूर्ण कार्य चतरा कॉलेज से किया जाएगा। साथ ही बताया कि चतरा के वैसे बूथ जहां के मतदाताओं को 12-13 किमी की दूरी तय कर जाना पड़ता है वैसे तीन मतदान केन्द्रों के रिलोकेशन के लिए निर्वाचन आयोग रांची को भेजा गया है। इस पर सभी उम्मीदवारों नें अपनी सहमति जताई। बैठक में उपस्थित पांकी विधान सभा से आई अनुमण्डल पदाधिकारी ने भी जानकारी दिया कि 09 बूथ केन्द्रों को भी चिन्हित कर रिलोकेशन के लिए निर्वाचन आयोग रांची को भेजा गया है।

विजय सिन्हा बोले-राम कृपाल

यादव से लालू चप्पल उठवाते थे

भोजपुर। एनडीए समर्थित भाजपा पार्टी से आरा लोकसभा के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने मंगलवार को नामांकन किया। नामांकन से पहले वे लोगों से मिले। जनता से पूछा नामांकन करूं या नहीं। जानता ने समर्थक देते हुए कहा हां, बिल्कुल नामांकन करें। दो लाख वोट से विजयी बनाएंगे। उनके साथ उनकी पत्नी भी थीं। जिनके साथ आरके सिंह नामांकन से पहले मां आरण्य देवी मंदिर भी पहुंचे, जहां भाजपा महिला मोर्चा ने उनका और उनकी पत्नी का तिलक लगाकर स्वागत किया। आरके सिंह ने मां आरण्य देवी की आरती की। आरण्य देवी मंदिर परिसर में केंद्रीय मंत्री आरके सिंह का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में समर्थक मंदिर में पहुंचे हुए हैं। आरण्य देवी मंदिर परिसर से माता की आरती के बाद आरके सिंह नामांकन के लिए निकल गए हैं। आरके सिंह ने कहा कि मां आरण्य देवी का आशीर्वाद है कि विजय हमारी होगी, मोदी की होगी। यह देश महाशक्ति बनेगा। नरेंद्र मोदी पुनः प्रधानमंत्री बनेंगे। यह देश पुनः महाशक्ति बनेगा। हम लोग आरा का कायाकल्प कर रहे है। नामांकन सभा में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि यह चुनाव बिहार का भविष्य बनाने के लिए है, जिस जंगलराज ने जातीय लहर के कहर से डरा दिया था। बिहारी शब्द को जिसने बदनाम किया। परिवारवाद को बढ़ाता हो। आज नोटों के ढेर पर बैठने वाला, बिहारी को लूटने वाला नहीं बल्कि बिहारी की सेवा करने वाला सेवक चाहिए। राम कृपाल यादव राजद छोड़कर भाजपा में क्यों आए ? लालू का चप्पल-जूता उठाते थे, बेटी का चप्पल उठाने के लिए बोलते थे। लोगों को पक्का मकान मिल रहा है।

जवान की मौत कहा था-मतदान खत्म करवाकर घर लौटूंगा



अररिया। में मंगलवार को इलेक्शन ड्यूटी के दौरान होम गार्ड जवान की मौत हो गई। मृतक होम गार्ड जवान की पहचान सीतामढ़ी के रंजीतपुर गांव निवासी महेंद्र साह(56) के रूप में हुई है। वे 1989 बैच के थे। 4 साल बाद वो रिटायर होने वाले थे। पूरा मामला अररिया के प्लासी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचैली स्थित बूथ सेंटर 49 ,50, 51 से जुड़ा है। मृतक होम गार्ड जवान के साथी राम किशुन साह ने बताया कि महेन्द्र सीतामढ़ी के डुमरा में पोस्टेड थे। लोकसभा चुनाव के दो चरणों के बाद तीसरे चरण के चुनाव की ड्यूटी अररिया के प्लासी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचैली स्थित बूथ सेंटर 49 ,50, 51 पर लगी थी। इसे लेकर वे बाकी साथियों की तरह कल ही बूथ पर ड्यूटी देने पहुंच थे। शाम की चाय पी और सोने से पहले खाना खाया। रात में उन्होंने सभी से हंस बोलकर बातचीत की। इसके बाद उन्होंने घर वालों से बातचीत की। घर वालों से कहा था कि चुनाव खत्म कराकर आऊंगा और घर में इत्मीनान से कुछ दिन अपनों के साथ रहूंगा। इसके बाद बाकी जवानों की तरह वे भी सोने चले गए। सुबह काफी समय हो जाने के बाद भी जब वे नहीं उठे तो वे लोग उन्हें नींद से जगाने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि महेंद्र साह लंबी सांसें ले रहे हैं। इसके बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सीतामढ़ी में रहने वाले परिजनों को दे दी गई है। जिसके बाद परिजन वहां से अररिया के लिए रवाना हो चुके हैं।

राजभवन और शिक्षा विभाग के बीच तनातनी जारी दोनों मीटिंग में नहीं पहुंचे एसीएस

बिहार। में राजभवन और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के बीच तनातनी की स्थिति बनी हुई है। इसी बीच पटना में सोमवार को शिक्षा विभाग और राजभवन के बीच दो अहम बैठकें हुई। बड़ी बात यह है कि किसी भी मीटिंग में केके पाठक शामिल नहीं हुए। पहली मीटिंग आज राजधानी के होटल मौर्या में हुई। यह मीटिंग पटना हाई कोर्ट के आदेश पर शिक्षा विभाग ने आयोजित की थी। इसमें सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति (वाइस चांसलर) शामिल हुए। इस मीटिंग में शिक्षा विभाग के कई बड़े अधिकारी मौजूद थे। इसके बाद शाम 5 बजे के करीब राजभवन में दूसरी मीटिंग हुई। होटल मौर्या के बाद सभी कुलपति राजभवन पहुंचे। इस बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को भी निमंत्रण भेजा गया था। लेकिन, यहां भी वह नहीं पहुंचे। राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के निर्देश पर सभी कुलपतियों की बैठक बुलाई गई है। पर समीक्षा की गई। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चांग्थू ने बैठक को लेकर सभी कुलपतियों को पिछले सप्ताह गुरुवार को पत्र भेजा था।

नाबालिगों को फंसाकर शादी कराने वाले गिरोह का खुलासा

सीतामढ़ी। में नाबालिग बच्चियों की शादी से जुड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। बचपन बचाव आंदोलन की टीम और पुलिस को रविवार की रात एक नाबालिग बच्ची की शादी की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने नाबालिगों को फांस कर शादी कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। वहीं, इस रैकेट में शामिल यूपी के तीन आरोपी समेत आधा दर्जन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना रुन्नी सैदपुर प्रखंड के एक गांव की है। जहां नाबालिग लड़कियों को झांसे में लेकर शादी कराई जा रही थी। जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर बचपन बचाओ आंदोलन की टीम व जिला के ग्रामीण पुलिस पदाधिकारी और स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले लड़की की शादी हो चुकी थी। पुलिस ने लड़की को उसके बंधन से मुक्त कराया। वहीं, मौके पर मौजूद दूल्हे और विवाह कराने वाले पंडित को गिरफ्तार कर लिया गया। बचपन बचाओ आंदोलन के सहायक प्रोजेक्ट अधिकारी मुकुंद कुमार चौधरी ने बताया, बीडीओ और स्थानीय थाना से समन्वय स्थापित किया गया। जिसके बाद टीम तुरंत मौके पर पहुंची। लेकिन, तब तक नाबालिग लड़की की शादी करवा दिया गया था। पूछताछ में यह उजागर हुआ कि नाबालिग से शादी करने वाला तीस वर्षीय युवक पहले से ही शादीशुदा था। बाल-विवाह गिरोह के मास्टरमाइंड यूपी के लखीमपुर खीरी के रहने वाले मो. इकबाल ने यह शादी तय की थी। शादी के एवज में दुल्हा ने उसे 70 हजार रुपए का भुगतान किया था। इस धंधे में सहयोगी के तौर पर तरुण कुमार और भगलू प्रसाद शामिल है। जो उत्तर प्रदेश से एक पिकअप वैन पर सवार होकर रुन्नी सैदपुर पहुंचे थे।

बांका में किराएदार की शादीशुदा बेटी से था अफेयर भाई-पति ने किया मर्डर

बांका। में किराएदार की शादीशुदा बेटी से अवैध संबंध में व्यवसायी के बेटे आशीष मोदी(35) की हत्या कर दी गई। मृतक आशीष पेशे से ढलएऊ कॉन्ट्रैक्टर था, और रविवार से गायब था। सोमवार शाम पुलिस ने 12 घंटे के भीतर उसका शव सुईया थाना क्षेत्र से एक जले हुए कार से बरामद किया है। आशीष का शव भी पूरी तरह से जल गया है। मामला अलीगंज मोहल्ले का है। पुलिस का मानना है कि आशीष की हत्या कर उसके शव को डिक्की में डालकर कार को जला दिया गया है। शव भी पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। इस दौरान कार भी धू-धू कर जल गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना में शामिल मुख्य आरोपी गोलू को पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा कि घटना को अंजाम देने के बाद बचने के लिए लड़की के भाई गोलू कुमार और पति सहित अन्य आरोपी ने कार के अंदर ढलएऊ कॉन्ट्रैक्टर के शव को रखकर उसमें आग लगा दी। जिसमें कार सहित बॉडी दोनों जलकर नष्ट हो गई। बताया जाता है कि अशोक मोदी बेटे आशीष मोदी रविवार की सुबह से गायब था। घर वालों ने जब काफी खोजबीन की, लेकिन आशीष का कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने शाम को बांका थाने में इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बांका पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई थी। सोमवार शाम सूचना पर पुलिस ने बांका के सुईया थाना क्षेत्र स्थित गड़वा जंगल से जली हुई कार के अंदर से जला हुआ शव बरामद किया। आशीष का शादी 31 जनवरी 2023 को कहलगांव में हुई थी।

मधेपुरा में 3 बजे तक 46.59% वोटिंग हुई

मधेपुरा। में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। दोपहर 3 बजे तक 46.59% वोटिंग हुई है। उदाकिशुनगंज में पहली बार मतदान करने निकले युवा मतदाताओं में उत्साह दिख रहा। युवाओं ने वोट देने के बाद कहा कि देशहित में मतदान किया है। प्रमानंदपुर के हरिजन बूथ पर वोट करने के लिए महिलाओं की लंबी लाइन लगी है। मतदान में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी देखने को मिल रही है। SNPM बूथ पर राजद प्रत्याशी प्रो. कुमार चंद्रदीप ने अपना वोट डाला है। उन्होंने लोगों से वोट देने की अपील की है। कहा कि जनता अगर जिताएगी तो विकास और रोजगार दोनों मिलेगा। मदनपुर पंचायत के वार्ड 11 में उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय मैनिरही की बूथ संख्या 187 पर लोगों ने सड़क की मांग को लेकर वोट बहिष्कार किया था। हालांकि दोपहर में अधिकारियों के समझाने के बाद लोगों ने वोट बहिष्कार के निर्णय को वापस ले लिया है।

नाव से बूथ तक पहुंचे वोटर्स महिलाओं का भी जोश हाई

पटना। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बिहार की 5 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग हो रही है। इसमें मधेपुरा, सुपौल, अररिया, खगड़िया और मिथिलांचल का झंझारपुर शामिल हैं। वोटिंग के दौरान कई ऐसी तस्वीरें सामने आई, जिसे लोकतंत्र की खूबसूरती से नवाजा जा सकता है। कई बूथ पर महिला वोटर्स की लंबी कतार नजर आई तो कहीं पहली बार मतदान की करने की खुशी नजर आई। कहीं दिव्यांगता को हरा मतदान के लिए बुजुर्ग महिला बूथ तक पहुंचीं।

बेतिया में आंधी के साथ बारिश दिन में रात सा नजारा



बिहार। में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बेतिया में दोपहर डेढ़ बजे बाद तेज आंधी के साथ बारिश हुई। दिन में रात सा नजारा देखने को मिला। अंधेरा छा गया। इधर, बगहा में भी बारिश हुई है। कई शहरों में सुबह से बादल छाए हुए हैं।पश्चिम चंपारण के कुछ भागों में अगले एक से तीन घंटे में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया गया है। किशनगंज, गोपालगंज और सीवान जिले के कुछ भागों में अगले एक से 3 घंटे में आकाशीय बिजली और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को उत्तर बिहार के अधिकतर हिस्सों में आंधी के साथ बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस के साथ अररिया जिला का रहा। वहीं प्रदेश का सबसे गर्म 40 डिग्री सेल्सियस के साथ डेहरी रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। कटिहार, पूर्णिया,अररिया, मधेपुरा, किशनगंज, सुपौल और सहरसा के यलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली,समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बिहार में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा का प्रवेश होने जा रहा है जिससे मौसम बदलने की पूरी संभावना बनी हुई है। 5 मई की शाम से कई जिलों में नमी युक्त हवा का प्रवाह होने के साथ बादल छाए रहेंगे। इसके प्रभाव से नमी की मात्रा में वृद्धि होने के साथ अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। छह मई से नौ मई के दौरान पटना समेत प्रदेश के मौसम में बदलाव की संभावना है।

संक्षिप्त डायरी

जेपी यूनिवर्सिटी में पीजी के एडमिट कार्ड मिल रहे

छपरा। जय प्रकाश विश्वविद्यालय में पीजी सेकंड और थर्ड सेमेस्टर के लिए एडमिट कार्ड का वितरण शुरू कर दिया गया है। सोमवार और मंगलवार को एडमिट कार्ड का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश पांडेय ने दी है। सोमवार को एडमिट कार्ड जारी हुआ था, लेकिन वेबसाइट पर सूचना ससमय जारी नहीं किये जाने से छात्रों को परेशानी हो रही है। सोमवार को कम संख्या में छात्रों ने एडमिट कार्ड लिया था जिसको लेकर आज मंगलवार को सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी के पीजी विभाग में एडमिट कार्ड का वितरण किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के पीजी सत्र 2020-22 के थर्ड सेमेस्टर और 2021-23 के सेकंड सेमेस्टर का एग्जाम 8 मई से विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होना है। मंगलवार को सभी कॉलेज में विशेष रूप से एडमिट कार्ड का वितरण किया जा रहा है। सभी छात्र अपना एडमिट कार्ड ले सकते हैं। ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी किए जाने को लेकर पूर्व में सूचना जारी किया गया था। इसे लेकर छात्र वेबसाइट देखते रहे लेकिन टेक्निकल त्रुटि के कारण ससमय एडमिट कार्ड और सूचना जारी नहीं हो सकी है। इसे लेकर छात्रों को थोड़ी सी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनिवर्सिटी के पीजी डिपार्टमेंट सहित सभी संबंधित कॉलेजों में आज एडमिट का का वितरण हो रहा है। पीजी का परीक्षा कल बुधवार 8 मई से विश्वविद्यालय स्थित नव निर्मित परीक्षा भवन में आयोजित होगा।

शिक्षिका ने वीडियो जारी कर बताई समस्या 30 अप्रैल से हेड मास्टर गायब व्यवस्था बदहाल

जमुई। के सदर प्रखंड के हरला गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय। यह विद्यालय पिछले 8 दिनों से बंद है। शिक्षक और छात्र हर रोज मिशन दक्ष के तहत स्कूल आ रहे हैं, लेकिन कमरे का ताला बंद होने की वजह से बरामदे में बैठते हैं और यही पढ़ते हैं। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की परेशानी को लेकर शिक्षिका सरिता कुमारी ने मंगलवार को एक वीडियो बनाया और उसे वायरल कर लिया। वायरल वीडियो में शिक्षिका जिला प्रशासन से स्कूल खुलवाने की गुहार लग रही है। वीडियो में शिक्षिका अव्यवस्था को दिखाते और बताते दिख रही है। विभाग से सवाल करती है कि इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ अब तक कोई आदेश क्यों नहीं आया है। कब तक बरामदे पर शिक्षक और बच्चे बैठे रहेंगे। जबकि हर रोज समय पर सब आते है और फिर चले जाते है। समान्य दिनों में अगर एक दिन भी स्कूल बंद होता है तो अफरा-तफरी मच जाती है। 30 अप्रैल से विद्यालय का ताला नहीं खुला है। इसके बाद भी विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वीडियो के अंत में शिक्षिका सभी से निवेदन करती है और कहती हैं वीडियो को जितना हो सके शेयर करिए, ताकि विद्यालय खुल सके और बच्चों की क्लास अच्छे से हो सके। बताया जा रहा है कि स्कूल के हेड मास्टर चमक लाल पासवान की मनमानी और लापरवाही के कारण स्कूल का हाल बेहाल है। स्कूल के शिक्षक टुनटुन सिंह ने बताया कि हेड मास्टर स्कूल क्यों नहीं आ रहे है।

बिलासपुर में सिटी कोतवाली का किया घेराव; कैंपस सिलेक्शन के नाम पर पैसे वसूल कर भाग गया एचआर

बिहार। के बेगूसराय स्थित ITI के स्टूडेंट्स ने बिलासपुर के सिटी कोतवाली थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। दरअसल, 120 छात्रों को कैंपस सिलेक्शन के बाद बिलासपुर लाकर होटल में ठहराया गया था, जहां उनसे कथित कंपनी का एचआर पैसे वसूल कर भाग गया। इससे परेशान ठगी का शिकार छात्रों ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की। लेकिन, पुलिस ने उनकी शिकायत पर कार्रवाई से इनकार कर दिया और उन्हें बिहार जाकर शिकायत करने को कहा। बिहार के बेगूसराय के रहने वाले आदित्य कुमार ने बताया कि वह ताजपुर के गौतम बुद्ध आइटीआई में पढ़ता है। संस्थान में दिल्ली की एक कंपनी की ओर से कैंपस सिलेक्शन का आयोजन किया गया था। इसमें 200 से ज्यादा बेरोजगार छात्र शामिल हुए। इनमें से 120 छात्रों का चयन पुणे स्थित एक फर्म में होने की जानकारी दी गई। कैंपस सिलेक्शन के बाद 120 छात्रों को नौकरी देने की बात कहकर ट्रेन से बिलासपुर लाया गया।

अमेरिकी बैंक क्यों हो रहे दिवालिया?

प्रहलाद सबनानी

पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियां अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रही हैं। अब तो अमेरिकी अर्थशास्त्री भी मानने लगे हैं कि आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में साम्यवाद के बाद पूंजीवाद भी असफल होता दिखाई दे रहा है एवं आज विश्व को एक नए आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है। इन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट इशारा भारत की ओर है क्योंकि इस बीच भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित मॉडल भारत में आर्थिक समस्याओं को हल करने में सफल रहा है।

अमेरिका में वर्ष 2023 में 3 बैंक (सिलिकन वैली बैंक, सिगनेचर बैंक, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक) डूब गए थे एवं वर्ष 2024 में भी एक बैंक (रिपब्लिक फर्स्ट बैंक) डूब गया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अमेरिकी केंद्रीय बैंक, यूएस फेडरल रिजर्व, द्वारा ब्याज दरों में की गई वृद्धि के चलते बैंकों के असफल होने की यह परेशानी बहुत बढ़ गई है।

सिलिकन वैली बैंक ने कई तकनीकी स्टार्ट अप एवं उद्यमी पूंजी फर्म को ऋण प्रदान किया था। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 20,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्तियां थी और यह अमेरिका के बड़े आकार के बैंकों में गिना जाता था और हाल ही के समय में डूबने वाले बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक माना जा रहा है। इसी प्रकार, सिगनेचर बैंक ने न्यूयॉर्क कानूनी फर्म एवं अचल सम्पत्ति कम्पनियों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर रखी थीं। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 11,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति थी और अमेरिका में हाल ही के समय में डूबने वाले बड़े बैंकों में चौथे स्थान पर आता है। 31 जनवरी 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल सम्पत्तियां 600 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं जमाराशि 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर थीं। न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक की 32 शाखाएं थीं जिन्हें अब फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में जाना जाएगा क्योंकि फुल्टन बैंक ने इस बैंक की सम्पत्तियों एवं जमाराशि को खरीद लिया है।

पीयू रिसर्च संस्थान के अनुसार, चार शताब्दी पूर्व, वर्ष 1980 एवं वर्ष 1995 के बीच अमेरिका में 2,900 बैंक असफल हुए थे। इन बैंकों के पास संयुक्त रूप से 2.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्ति थी। इसी प्रकार, वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच अमेरिका में 500 बैंक, जिनकी कुल सम्पत्ति 95,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, असफल हो गए थे। ऐसा कहा जाता है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अमेरिका में सामान्यतः बैंक असफल नहीं होते हैं। परंतु, इस सम्बंध में अमेरिकी रिकार्ड कुछ और ही कहानी कह रहा है। वर्ष 1941 से वर्ष 1979 के बीच, अमेरिका में औसतन 5.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 1996 से वर्ष 2006 के बीच औसतन 4.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं एवं वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के

बीच औसतन 3.6 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 2022 में अमेरिकी बैंकों को 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ था। इसके पूर्व, वर्ष 1921 से वर्ष 1929 के बीच अमेरिका में औसतन 635 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। यह अधिकतर छोटे आकार के बैंक एवं ग्रामीण बैंक थे और यह एक ही शाखा वाले बैंक थे। अमेरिका में आई भारी मंदी के दौरान वर्ष 1930 से वर्ष 1933 के बीच 9,000 से अधिक बैंक असफल हुए थे। इनमें कई बड़े आकार के शहरों में कार्यरत बैंक भी शामिल थे और उस समय इन बैंकों में जमाकताओं की भारी भरकम राशि डूब गई थी। वर्ष 1934 से वर्ष 1940 के बीच अमेरिका में औसतन 50.7 बैंक प्रतिवर्ष बंद किए गए थे। अमेरिका में इतनी भारी मात्रा में बैंकों के असफल होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल है कि वहां छोटे छोटे बैंकों की संख्या बहुत अधिक होना है। बैंकों के ग्राहक बहुत पढ़े लिखे और समझदार हैं। बैंक में आई छोटी से छोटी परेशानी में भी वे बैंक से तुरंत अपनी जमाराशि को निकालने पहुंच जाते हैं, जबकि बैंक द्वारा इस राशि से खड़ी की गई सम्पत्ति को रोकड़ में परिवर्तित करने में कुछ समय लगता है। इस बीच बैंक यदि जमाकर्ता को जमाराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है और इस प्रकार बैंक असफल हो जाता है। कई बार बैंकों द्वारा किए गए निवेश (सम्पत्ति) की बाजार में कीमत भी कम हो जाती है, इससे भी बैंकें अपने जमाकताओं को जमाराशि का भुगतान करने में असफल हो जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी की गई है, जिससे इन बैकों द्वारा अमेरिकी बांड में किये गए निवेश की बाजार में कीमत अत्यधिक कम हो गई है। अब इन बैंकों को बांड में निवेश की बाजार कीमत कम होने के स्तर तक प्रावधान करने को कहा गया है और यह राशि इन बैकों के पास उपलब्ध ही नहीं है, जिसके चलते भी यह बैंक असफल हो रहे हैं। एक सर्वे में यह बताया गया है कि आने वाले समय में अमेरिका में 190 अन्य बैंकों के असफल होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ब्याज दरों के बढ़ने से ऋण की मांग बहुत कम हो गई है। विभिन्न कम्पनियों ने अपने विस्तार की योजनाओं को रोक दिया है, इससे निर्माण की गतिविधियों में कमी आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व, का पूरा ध्यान केवल मुद्रा स्फीति को कम करने पर है एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विकास दर को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उत्पादों की मांग कम हो और मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाया जा सके। इसके चलते कई कम्पनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही है एवं देश में युवा वर्ग बेरोजगार हो रहा है।

पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियां अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रही हैं। अब तो अमेरिकी अर्थशास्त्री भी मानने लगे हैं कि आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में साम्यवाद के बाद पूंजीवाद भी असफल होता दिखाई दे रहा है एवं आज विश्व को एक नए आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है। इन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट इशारा भारत की ओर है क्योंकि इस बीच भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित मॉडल भारत में आर्थिक समस्याओं को हल करने में सफल रहा है। अमेरिका में बैंकों के असफल होने की समस्या मुख्यतः मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में की गई वृद्धि के कारण उत्पन्न हुई हैं। दरअसल, मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उत्पादों की मांग को कम करने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि करने के स्थान पर बाजार में उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि इन उत्पादों की कीमत को कम रखा जा सके। प्राचीन भारत में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिसके कारण मुद्रा स्फीति की समस्या भारत में कभी रही ही नहीं है। बल्कि भारत में उत्पादों की प्रचुरता के चलते समय समय पर उत्पादों की कीमतें कम होती रही हैं। ग्रामीण इलाकों की मंडियों में आसपास ग्रामों में निवास करने वाले ग्रामीण व्यापारी एवं उत्पादक अपने उत्पादों को बेचने हेतु एकत्रित होते थे, सायंकाल तक यदि उनके उत्पाद नहीं बिक पाते थे तो वे इन उत्पादों को कम दामों पर बेचना प्रारम्भ कर देते थे ताकि गांव जाने के पूर्व उनके समस्त उत्पाद बिक जाएं एवं उन्हें इन उत्पादों को अपने गांव वापिस नहीं ले जाना पड़े। इस प्रकार भी विभिन्न उत्पादों की भारतीय मंडियों में मांग से अधिक आपूर्ति बनी रहती थी। अतः उत्पादों की कमी के स्थान पर उत्पादों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता पर ध्यान दिया जाता था, इससे प्राचीन भारतीय ग्रंथों में मुद्रा स्फीति का जिक्र ही नहीं मिलता है। दूसरे, पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में आर्थिक मॉडल एवं नियमों को बहुत जटिल बना दिया गया है। इससे भी कई प्रकार की आर्थिक समस्याएं खड़ी हो रही है जिसका हल विकसित देश नहीं निकाल पा रहे हैं।

संपादकीय

सहभागी और सक्रिय अदालतें

सर्वोच्च न्यायालय ने आपराधिक मामलों की सुनवाई में अदालतों को सहभागिता-सक्रियता का निर्देश दिया है। कहा है कि अदालतें गवाहों, खास कर गुमराह हुए गवाहों, के बयान दर्ज करने वाला टेप-रिकार्डर भर नहीं हैं। दरअसल, यह पैसिवनेस है, जो दोतरफा मार करती है। पहले तो सरकारी वकील ऐसे गवाहों के प्रति ढीले पड़ जाते हैं। वे उससे जरूरी सवाल भी नहीं करते जिनसे कि उसके मुकरने की सटीक वजह मालूम होती। कोई भी आपराधिक मुकदमा गुमराह गवाहों की बदौलत जीता जाता है। इसमें सरकारी वकील, जो अभियोजन पक्ष के होते हैं, वे अपने पैने सवालों से सच उगलवा सकते हैं, पर वे इन सवालों को जानबूझ कर टाल जाते हैं। उनका यह कतराना भी बिका हुआ होता है, जबकि उन्हें सरकार से मोटी पगार मिलती है। इस स्थिति में बदलाव के लिए सरकारी वकीलों के पदों को वकील की राजनीतिक निष्ठा के आधार पर नहीं, उसकी पेशेवर सक्षमता के अनुसार भरा जाना चाहिए। योग्यता और नैतिक निष्ठा सबसे जरूरी आस्पेक्ट है। गलत और अक्षम वकीलों के चयन से मुकदमा जरूरी स्टेज पर कमजोर होने लगता है। दोषी मुकदमा जीत जाता है। पीड़ित को कभी भरोसा ही नहीं होता कि उसकी सुनवाई निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से होगी, उसे अंततः न्याय मिलेगा। यहां सबसे बड़ी क्षति न्यायाधीशों की अ-सक्रियता से होती है, जब वे अपनी भूमिका को गवाहों के बयान दर्ज करने तक सीमित कर अ-सहभागी हो जाते हैं। यह दोहरा घाटा है। इससे न्याय के उस प्राथमिक सिद्धांत का खंडन हो जाता है, जिसे सुलभ कराने के लिए न्यायपालिका का गठन हुआ है। इससे बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय अदालतों से गवाहों से जिरही होने की ताकीद करती है ताकि सच का खुलासा हो सके। मुकदमे पर रोशनी पड़े। पीड़ितों को न्याय मिले। यह बिल्कुल वाजिब ताकीद है। प्रायः देखा गया है कि बड़े से बड़ा कांड, यहां तक कि नरसंहार मामलों में भी गवाहों के मुकरने और अदालतों के जिरही न होने से दोषी छूटते रहे हैं। इससे न्याय व्यवस्था की भारी किरकिरी होती रही है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश में इस नासूर हो चुकी स्थिति की एक बुनियादी पड़ताल है। अदालतों को सक्रिय होना है। इस अंदाज में कि अपराध का दूसरा पहलू सामने आ सके क्योंकि ह्यकोई अपराध आखिर में एक व्यक्ति के विरु द्ध ही नहीं, समाज के विरु द्ध भी होता है।ह्न क्या यह न्यायिक सक्रियता का आगाज है? नहीं, इसकी अपनी सीमा है पर यह कई बार न्याय व जन हित में लाजिमी है।

चिंतन-मनन

व्यापारी के बेटे

एक व्यापारी के दो पुत्र थे। मरने से पहले उसने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बराबर-बराबर बांट दी। एक पुत्र ने अपने व्यापार को काफी बढ़ाया। वह अत्यंत संपन्न होकर समाज के प्रतिष्ठत लोगों में गिना जाने लगा। जबकि दूसरे को व्यापार में घाटा हो गया और उसके परिवार को दो जून की रोटी जुटाने में भी अत्यंत तकलीफें उठानी पड़ीं। अपने भाई की तरक्की और अपनी दुर्दशा देखकर दूसरा भाई एक संत के आश्रम में पहुंचा और बोला, महाराज, मुझे लगता है कि ईश्वर केवल कल्पना है और यदि उसका अस्तित्व कहीं है भी तो वह पक्षपाती है। क्या वह भी पक्षपात करता है? मैं और मेरे भाई दोनों एक ही पिता की संतान हैं। पिता ने दोनों को बराबर हिस्सा दिया। लेकिन वह लगातार तरक्की कर रहा है और मैं रसातल की ओर जा रहा हूं। भला ऐसा क्यों?

उसकी बात सुनकर संत उसे अपने साथ एक बगीचे में ले गए और बोले, देखो, वहां एक कोने में गन्ना बोया हुआ है, दूसरे कोने में चिरायता है, एक ओर चमेली के फूल अपनी सुगंध बिखेर रहे हैं तो दूसरी ओर गुलाब के पौधों पर फूलों के साथ कांटे भी नजर आ रहे हैं । इनकी इस भिन्नता के लिए इन्हें पैदा करने वाली जमीन दोषी या पक्षपाती नहीं है। जैसा बीज बोया गया है वैसा ही फल मिला है। सुख-दुख और उन्नति-अवनति के लिए ईश्वर जिम्मेदार नहीं बल्कि स्वयं मनुष्य जिम्मेदार है। उसके कर्म और संस्कार जिम्मेदार हैं। तुम्हारे भाई ने मेहनत और योग्यता से अपने काम को संभाला तो उसकी उन्नति होती गई, इसके विपरीत तुमने आलस्य और भोग-विलास में अपना समय व्यतीत किया तो तुम्हारा धन धीरे-धीरे खत्म होता गया। तुमने मेहनत की ही कब थी जो ईश्वर को दोष दे रहे हो। जैसा कर्म तुमने किया है वैसा ही फल पाया है। ह सुनकर दूसरे पुत्र की आंखें खुल गईं। वह अपनी गलती सुधारने का निश्चय कर वहां से चला आया।

मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें

संजय गोस्वामी

देश में पहला लोकसभा चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था। उस समय पूरे देश में चुनाव कराया एक जटिल प्रक्रिया थी। सबकुल नया भी था। भारत के पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे। चुनाव आयोग के पास बड़ी जिम्मेदारी थी। देश का पहला आम चुनाव 68 चरणों में कराया गया था। पहले इलेक्शन कमिशन ने तय किया था कि वोटिंग 1952 के फरवरी और मार्च महीने में होगी। लेकिन हिमाचल प्रदेश की चिनी तहसील के लोगों को अक्टूबर 1951 में ही मौका मिल गया, क्योंकि सर्दियों में बर्फबारी के चलते यह इलाका बाकी जगहों से कट जाता है। देश के पहले लोकसभा चुनाव में 401 निर्वाचन क्षेत्रों की कुल 489 सीटों के लिए मतदान हुआ था। तब बैलेट पेपर पर चुनाव हुआ करता था।संविधान हमें वोट देने का अधिकार देता है, जो एक मौलिक अधिकार है जिसका प्रयोग भारत के सभी नागरिकों को करना चाहिए। मतदान प्रतिशत में गिरावट को रोकने के लिए वर्तमान राजनीतिक रुझानों और प्रणालियों में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। मतदान करते समय सतर्क रहना और सोच-समझकर निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। हाल के चुनावों के नतीजों में मतदाता मतदान में कमी देखी गई है, जिससे यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक बदलावों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है कि मतदाताओं को सरकार में एक सच्चा प्रतिनिधि मिले। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर और 1 एक जून तक वोटिंग होगी। सात फेज में इलेक्शन होंगे और 4 जून को नतीजे आएंगे। लेकिन ये बात भी गौर करने वाली है कि इस बार लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 44 दिनों में पूरी होगी जो 1951-52 के पहले ससंदीय चुनाव के बाद मतदान की सबसे लंबी अवधि होगी। बता दें कि पहले चुनाव में वोटिंग 4 महीने से अधिक समय तक चली थी। इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा से लेकर मतगणना होने तक तक चुनाव प्रक्रिया कुल 82 दिनों में पूरी होगी। मतदान न केवल एक अधिकार है बल्कि एक कर्तव्य भी है जो हमारे देश के भविष्य को आकार देने में मदद करता है। इसमें सरकारों को बदलने, देश को बेहतर बनाने और सामाजिक परिवर्तन लाने की शक्ति है। मतदान करके, हम उन प्रतिनिधियों को चुनते हैं जो हमारे देश पर शासन करते हैं, इसलिए हमारे देश के विकास के लिए सभी नागरिकों के लिए इस प्रक्रिया में भाग लेना महत्वपूर्ण है। मतदान हमें उस प्रकार की सरकार में अपनी बात कहने का अधिकार देता है जो हम चाहते हैं और देश की प्रगति में योगदान करते हैं। यह हमें महिलाओं, बच्चों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों की वकालत करने में भी सक्षम बनाता है। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान छात्रों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में शिक्षित करते हैं। सभी के लिए जरूरी है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

'राहुल गांधी, आसान नहीं रायबरेली की डगर...!'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहां सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा।

क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहां से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थी, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पाई है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए।

ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन-फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहां कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू-गांधी परिवार की विरासत भी है।

कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं।

मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा। उसके बाद एक बार भाजपा ने भी परचम लहराया है। इसलिए यह कहा जाना कि रायबरेली में कांग्रेस आसानी से विजय प्राप्त करेगी, कठिन ही है। आज कांग्रेस की स्थिति देखकर यह भी कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज की कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसा नेता नहीं है। जब इंदिरा गांधी चुनाव हार सकती हैं, तब आज तो कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसा तो तब हुआ, जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं था, इसलिए कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अच्छी खासी जीत हासिल करती थी। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है। अब कांग्रेस के पास पहले जैसा वोट बैंक भी नहीं है, हालांकि इस चुनाव में सपा का समर्थन कांग्रेस के पास है, इसलिए चुनाव में सपा के कार्यकर्ता भी राहुल का प्रचार करेंगे, ऐसे में निश्चित ही कांग्रेस का वजूद बढ़ेगा ही, यह तय है, लेकिन कितना बढ़ेगा, यह कहने में जल्दबाजी ही होगी।

वर्तमान में कांग्रेस के लिए यह पेचीदा सवाल ही था कि कांग्रेस की ओर से अमेठी और रायबरेली से किसको उम्मीदवार घोषित किया जाए, क्योंकि इन दोनों सीटों पर प्रथम तो गांधी परिवार का पुख्ता दावा बनता था। इसलिए दोनों क्षेत्रों में से किसी एक से प्रियंका वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने की कवायद भी की जा रही थी, लेकिन प्रियंका को इस बार चुनाव लड़ने से दूर कर दिया। लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी के रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस अमेठी के चुनाव को गंभीरता से लेगी, क्योंकि अब कांग्रेस का पूरा जोर राहुल गांधी को जिताने में लगेगा।

राहुल गांधी को जिताना कांग्रेस की मजबूरी है, क्योंकि अब राहुल गांधी ही नहीं, पूरी कांग्रेस की साख दांव पर लगी है। अगर कांग्रेस रायबरेली से चुनाव हारती है तो देश में कांग्रेस के बारे में गलत सन्देश जाएगा। यहां पर एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी आ रहा है कि राहुल गांधी द्वारा पिछले चुनाव में भी दो स्थानों से चुनाव लड़े थे, जिसमें अमेठी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब वायनाड से उम्मीदवारी के बाद रायबरेली की रुख करके फिर से संदेह को जन्म दिया है। ऐसा लग रहा है कि इस बार वायनाड का चुनाव बहुत ही टक्कर का माना जा रहा है। कुछ खबरें तो राहुल गांधी के हारने तक की बात कह रही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि इसलिए ही राहुल गांधी को फिर से दो स्थानों से चुनाव लड़ाया जा रहा है। राहुल गांधी का उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ना कोई नया नहीं है, वे अमेठी से भी चुनाव लड़ चुके हैं। इसलिए उनके नाम का जादू कोई नया प्रभाव छोड़ेगा, यह पूरी तरह विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता।

- सुरेश हिंदुस्तानी (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

चीन के अस्पताल में चाकू से हमला, 2 की मौत, 21 घायल



युन्नान । चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत युन्नान के अस्पताल में चाकू से किए गए हमले में करीब दो लोगों की मौत हुई और 21 अन्य घायल हो गए। मीडिया के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हमला जेनक्सिओनग काउंटी के स्थानीय अस्पताल में हुआ। घटनास्थल के कई वीडियो सामने आए हैं, इन वीडियों में पुलिस वेलनेस सेंटर में एक संदिग्ध को पकड़ती हुई दिख रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़ा गया संदिग्ध वास्तव में हमलावर है या नहीं।

पाक फौजी अफसरों पर बच्चों के यौन शोषण का आरोप, 100 बच्चों के 600 वीडियो सामने आए ; सेना ने आरोप खारिज किए

इस्लामाबाद । पाकिस्तानी सेना के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल का खुलासा हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा के कबाइली इलाकों में तैनात कर्नल से मेजर रैंक तक के कुछ अफसरों के बच्चों से यौन शोषण के 600 से ज्यादा वीडियो सामने आए हैं। बच्चों की उम्र 14 साल से कम बताई गई है। लगभग सौ से ज्यादा बच्चों का पांच साल से यौन शोषण किया जा रहा था। कुछ अफसरों को पाराचिनार कैंट से पेशावर कमांड हेडक्वार्टर बुला लिया गया है। कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हसन अजहर हयात ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी में आदेश देते हुए किसी भी अफसर के यौन शोषण में शामिल होने से इनकार किया है। सेना का दावा है कि तीन साल पहले भी अफसरों पर 13 साल के लड़के के यौन शोषण के आरोप लगे थे जो झूठे पाए गए थे। इस बीच, एफआईआर के बाद पुलिस ने यौन शोषण केस में एक स्थानीय दुकानदार को गिरफ्तार किया है।

गरीब बच्चों की सप्लाई

इलाके का एक दुकानदार ताहिर कबादी सेना का करीबी था। वही गरीब बच्चों की सप्लाई करता था। बताया जाता है कि वह बच्चों को लालच देकर अफसरों के पास भेजता था। उसने ही बच्चों के यौन शोषण के वीडियो भी बनाए। इससे वह बच्चों के माता-पिता से पैसे भी ऐंठता था। साथ ही वीडियो के जरिए वह बच्चों को ब्लैकमेल करके बार-बार अफसरों के पास भेजता था। पुलिस ने उसके लैपटॉप से ये वीडियो बरामद किए हैं।

पहले भी आरोप लगे थे

खुर्रम के स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेना के कुछ अफसरों पर पहले भी बच्चों के यौन शोषण के आरोप लगे थे, लेकिन पाक सेना के मेजर और कैप्टन रैंक के अफसरों ने पुलिस वालों पर दबाव डालकर आरोपियों को छुड़ा लिया था। पाकिस्तान में 2015 में बच्चों के यौन शोषण के वीडियो वायरल करने का बड़ा रैकेट सामने आया था। इसमें करीब 400 वीडियो थे। इन वीडियो को 50-50 रुपए में बेचा गया था। हालांकि, इस मामले में फौज के अफसर शामिल नहीं थे।

भारत से पंगा मालदीव को पड़ा महंगा... पर्यटकों की संख्या में 40 फीसदी गिरावट , मालदीव के पर्यटन मंत्री भारतीयों से आने की कर रहे अपील

माले । भारत से तनाव का असर मालदीव के टूरिज्म पर तगड़ा पड़ा है। चार महीने में मालदीव पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 40 फीसदी की गिरावट आई है। इस बीच मालदीव ने भारतीय पर्यटकों से वहां आने की अपील की है। मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल ने भारत और मालदीव के ऐतिहासिक संबंधों पर जोर देकर कहा कि हमारी सरकार भारत के साथ मिलकर काम करना चाहती है। हमारे लोग और हमारी सरकार मालदीव आने वाले भारतीयों का गर्मजोशी से स्वागत करने को तैयार हैं। मैं पर्यटन मंत्री के रूप में भारतीयों से कहना चाहता हूं कि आप मालदीव आएं। हमारी अर्थव्यवस्था दरअसल पर्यटन पर ही निर्भर है। बता दें कि मालदीव के पर्यटन मंत्री की ये अपील उस वक्त आई है, जब भारत के साथ उसके रिश्तों में तनाव है। पिछले साल दिसंबर में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की तस्वीरें साझा कर यहां आने की अपील की थी, तब मालदीव सरकार के तीन मंत्रियों ने पीएम मोदी और लक्षद्वीप को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद भारतीयों ने मालदीव का बायकॉट कर दिया था।

क्या यूक्रेन के मामले में पश्चिमी देशों से सीधे भिड़ जाएगा रुस , पुतिन की हालिया बयान से लग रहा

मास्को । रूस ने कहा कि यूक्रेन के साथ युद्ध में करीब से शामिल होने की संभावनाओं को लेकर पश्चिमी देशों की टिप्पणियों से बढ़े तनाव के बीच वह युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर योजना बना रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पांचवे कार्यालय की शुरुआत से पहले यह घोषणा की गई। यह घोषणा क्रेमलिन द्वारा यूक्रेन में युद्ध के बारे में वरिष्ठ पश्चिमी अधिकारियों की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करने के कुछ दिनों बाद आई है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास रूसी संघ के संबंध में कुछ पश्चिमी अधिकारियों के उत्तेजक बयानों और धमकियों के जवाब में है। 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कीव को सैन्य समर्थन बढ़ाने से हतोत्साहित करने के लिए पश्चिमी देशों को मॉस्को की परमाणु ताकत के बारे में बार-बार याद दिलाया है। पुतिन ने रूस की रक्षा के लिए आवश्यक सभी साधनों का उपयोग करने की चेतावनी के जरिए मास्को के परमाणु शस्त्रागार की याद समय समय पर दिलाई है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि वह यूक्रेन में सेना भेजने से इंकार नहीं करते हैं और ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड कैमरन ने कहा कि कीव की सेनाएं रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने के लिए ब्रिटिश लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने में सक्षम होंगी। क्रेमलिन ने उन टिप्पणियों को खतरनाक बताया, जिससे रूस और नाटो के बीच तनाव बढ़ गया। युद्ध ने पहले ही मॉस्को और पश्चिम के बीच संबंधों पर काफी दबाव डाल दिया है।

इजराइल ने राफा में रातभर चलाया ऑपरेशन....मुस्लिम देश ने दी चेतावनी

राफा । इजरायल और हमास आतंकियों के बीच सीजफायर की वार्ता असफल होती दिख रही है। रिपोर्ट है कि इजराइल रक्षा बलों ने राफा सीमा पार के गाजा हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। आईडीएफ ने क्षेत्र में रात भर ऑपरेशन चलाया है। रिपोर्ट मिली हैं कि इजरायली सैनिक गाजा में लगभग 3.5 किमी तक घुस गए हैं। इजरायल ने राफा सीमा के पास बड़ी संख्या में टैंक खड़े कर दिए हैं। इजरायल के राफा में ऑपरेशन से पहले उसके मुस्लिम देश जॉर्डन ने चेतावनी दी है। जॉर्डन ने कहा कि राफा में एक और इजरायली नरसंहार रोकने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय विफल रहा है। जॉर्डन ने चेतावनी दी कि दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में एक और इजरायली नरसंहार को रोकने में विफलता अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर एक अमिट दाग होगी। बता दें कि इजरायली सेना ने राफा के पूर्वी इलाकों में फिलिस्तीनियों के लिए तत्काल निकासी आदेश जारी कर अल-मवासी शहर में जाने का आह्वान किया। इजरायल का कहना है कि वह जल्द ही राफा में अपना ऑपरेशन शुरू करेगा। इसके लिए उसने सीमा पर बड़ी संख्या में टैंक खड़े कर दिए हैं। इजराइली मीडिया के अनुसार, राफा शहर में लगभग 100000 फिलिस्तीनी नागरिकों के रहने का अनुमान है। एक और बड़ी त्रासदी की आशंका जताकर जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी ने कहा, फिलिस्तीनियों का एक और नरसंहार होने वाला है। इजरायल फ़िलिस्तीनियों को राफा छोड़ने की चेतावनी दे रहा है, क्योंकि उन पर हमले का खतरा है।

इजरायल में एंटीडोम मिसाइल सिस्टम गाजा से दागे हमास के रॉकेट को गिराती हुई।

पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बने, 33 शब्दों में शपथ ली, कहा- दुश्मनों से भी रिश्ते सुधारेंगे ; सेना ने 21 तोपों की सलामी दी

मॉस्को (ईएमएस)। व्लादिमीर पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। शपथ के बाद पुतिन ने कहा कि हम और मजबूत होंगे। हम उन देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करेंगे जो हमें दुश्मन समझते हैं। मैं जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश करूंगा। रूस में 15-17 मार्च को हुए चुनाव में पुतिन को 88 प्रतिशत वोट मिले थे। उनके विरोधी निकोले खारितोनोव को सिर्फ 4 प्रतिशत वोट मिले थे। रूस में हुए पुतिन के शपथ ग्रहण समारोह का अमेरिका, ब्रिटेन और कई यूरोपीय देशों ने बहिष्कार किया है। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं।

रूस की सेना अब परमाणु हथियारों के साथ युद्धाभ्यास करेगी

नाटो सैनिकों की यूक्रेन में तैनाती की आशंकाओं के बीच पुतिन का फैसला

मॉस्को (एजेंसी)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी सेना को परमाणु हथियारों की ड्रिल करने का आदेश दिया है। इस युद्धाभ्यास में नेवी और यूक्रेनी सीमा के पास तैनात सैनिकों को भी शामिल करने को कहा गया है। अलजजीरा के मुताबिक, पुतिन ने यह फैसला तब लिया जब नाटो और पश्चिमी देशों ने यूक्रेन की मदद के लिए सेना भेजने की बात कही थी।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपेन की तैनाती पर फोकस किया जाएगा। हालांकि, यह ड्रिल कब होगी, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। दरअसल, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले हफ्ते कहा था कि अगर यूक्रेन ने मदद मांगी तो वे अपने सैनिकों को वहां भेज सकते हैं। इसके ठीक एक दिन बाद ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरून ने कहा था कि यूक्रेन अगर चाहे तो वह रूस पर हमला करने के लिए ब्रिटिश हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। रूस ने दोनों बयानों का विरोध किया था।

अमेरिका ने यूक्रेन में सैनिक भेजे तो जंग बढ़ेगी

पुतिन ने करीब 2 महीने पहले एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिका को परमाणु हमले की चेतावनी दी थी। पुतिन ने कहा था कि अगर अमेरिका अपने सैनिकों को यूक्रेन में भेजेगा तो इससे जंग और बढ़ सकती है। दरअसल, रूसी न्यूज एजेंसी ने पुतिन ने सवाल पूछा था कि क्या रूस परमाणु जंग के लिए तैयार है। इस पर रूसी राष्ट्रपति ने कहा था कि हम फिलहाल परमाणु युद्ध की तरफ नहीं बढ़ रहे हैं। हमें अब तक इसकी जरूरत नहीं महसूस हुई। लेकिन अगर मिलिट्री या तकनीक के आधार पर कहा जाए तो हम इसके लिए तैयार हैं। अमेरिका इस बात को समझता है कि अगर उसने रूसी या यूक्रेन में अमेरिकी सैनिकों को भेजा तो रूस इस कदम को हस्तक्षेप के रूप में लेगा। इसके अलावा रूस के अलग-अलग मंत्री और अधिकारी कई बार यूक्रेन को परमाणु हमले की धमकी भी दे चुके हैं।

दौरान अमेरिका को परमाणु हमले की चेतावनी दी थी।

रूस ने बेलारूस में तैनात किए परमाणु हथियार

यूक्रेन के साथ 3 साल से जारी जंग के बीच पिछले साल 25 मार्च को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बेलारूस में रूस के परमाणु हथियार तैनात करने की घोषणा की थी। पुतिन ने कहा था कि बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको काफी समय से परमाणु हथियारों को उनके देश में तैनात करने की मांग कर रहे हैं। बेलारूस के साथ रूस के करीबी सैन्य संबंध हैं। पुतिन ने कहा था कि रूसी परमाणु हथियारों की बेलारूस में तैनाती का कारण ब्रिटेन का यूक्रेन को आर्मर पियर्सिंग शेल मुहैया कराना बताया था, जिसमें यूरेनियम होता है। पुतिन का कहना था कि परमाणु हथियारों को बेलारूस में रख कर रूस वही कर रहा है जो अमेरिका ने कई दशकों से बेल्जियम, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स और तुर्की में परमाणु हथियारों को रख कर किया।

जयशंकर के बयान पर कनाडाई मंत्री मिलर का पलटवार

टोरंटो (एजेंसी)। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने भारत द्वारा नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से कथित तौर पर जुड़े तीन भारतीयों की हालिया गिरफ्तारी के संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी का विरोध किया। कनाडाई मंत्री मिलर ने जयशंकर की उस टिप्पणी पर कहा कि कनाडा संगठित अपराध से जुड़े लोगों को देश में प्रवास की अनुमति देता है। रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के आव्रजन मंत्री मिलर ने एक साक्षात्कार में जयशंकर की टिप्पणियों पर अपनी अस्वीकृति व्यक्त करते हुए कहा कि यह सटीक नहीं है।

जयशंकर ने नई दिल्ली की चेतावनियों के बावजूद संगठित अपराध से जुड़े भारत के व्यक्तियों का स्वागत करने के लिए कनाडा की आलोचना की। जयशंकर ने दावा किया कि कनाडा में पाकिस्तान समर्थक झुकाव वाले कुछ व्यक्तियों ने राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लॉबी बनाई है। जब आरोपी की वीज़ा स्थिति के बारे में पूछा गया, तब मंत्री मिलर ने चल रही पुलिस जांच के कारण विशिष्ट जानकारी देने से परहेज करते हुए कहा कि ऐसी पूछताछ रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को निर्देशित की जानी चाहिए। जयशंकर ने मुक्त भाषण की आड़ में अतिवाद, अलगाववाद और हिंसा के समर्थकों को अनुमति देने के लिए ट्रूडो सरकार की आलोचना की। जयशंकर ने कहा कि खालिस्तान समर्थक लोगों का एक वर्ग कनाडा के लोकतंत्र का उपयोग कर रहा है, एक लॉबी बना रहा है और जस्टिन ट्रूडो की अल्पमत सरकार के लिए वोट बैंक बन गया है।

अमेरिका और ईरान के बीच फंसा पाकिस्तान... गले की फांस बनी गैस पाइपलाइन

कराची (एजेंसी)। ईरान और पाकिस्तान के बीच दशकों पहले प्रस्तावित गैस पाइपलाइन अभी भी अधर में लटकी हुई है। हाल ही में अमेरिका ने पाकिस्तान को चेतावनी देकर कहा था कि अगर ईरान के साथ कोई भी डील होती है, तब कंगाल देश को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका की इस धमकी के बाद ईरान का भी बयान सामने आया है। ईरान ने कहा है कि पाकिस्तान और ईरान प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहते हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव की वजह से इसमें देरी हो रही है।

ईरान के महावाणिज्य दूत हसन नौरानी ने कहा कि पाकिस्तान की सरकार प्रोजेक्ट को पूरा करने में तत्परता दिखा रही है। उन्होंने कहा, ईरान और पाकिस्तान प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहते हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव देरी की वजह बन रहा है। नौरान ने कहा कि ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट बेहद अहम प्रोजेक्ट है। ईरान और पाकिस्तान साल 2010 में ईरान के गैस फील्ड से पाकिस्तान के बलूचिस्तान और सिंध प्रांत तक गैस पाइपलाइन बिछाने पर सहमत हुए थे। समझौते में तय हुआ था कि 1,900 किलोमीटर की पाइपलाइन की मदद से ईरान प्रतिदिन 1 अरब क्यूबिक फीट प्राकृतिक गैस 25 सालों तक पाकिस्तान को देगा। ईरान ने अपने क्षेत्र में पाइपलाइन बिछा ली है। उसका कहना है कि अपने क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने में करीब 2 अरब डॉलर का खर्च आया है।

शांति प्रस्ताव पर राजी होने के बाद भी इजराइल ने कर दिया हमला?

गाजा (एजेंसी)। इजराइल हमास को खत्म करने के लिए कुछ भी कर रहा है। शांति प्रस्ताव स्वीकारने के बाद भी हमला कर देता है। बीते सोमवार को भी संघर्ष विराम का प्रस्ताव मान लिया था इसके बाद भी राफा पर हमला बोल दिया। हमास की ओर से कहा गया कि अब उसको इजराइल के जवाब का इंतजार है। हमास के ऐलान के बाद सबको लग रहा था कि अब गाजा में खून-खराबा बंद हो जाएगा लेकिन हुआ इसका उल्टा। शांति की जगह इजराइल ने राफा में हमले कर डाले।

दरअसल, हमास ने प्रस्ताव तो मान लिया है लेकिन इजराइल इससे सहमत नहीं है। इजराइल की ओर से कहा गया है कि हमास ने जिस प्रस्ताव पर रजामंदी जताई है, वे 'नरम' प्रस्ताव है यानी हमास का मकसद अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ये दिखाना कि उसने संघर्ष विराम प्रस्ताव को मान लिया है।

संघर्ष विराम को लेकर इजराइल द्वारा रखे गए प्रस्ताव में बंधकों रिहाई के साथ फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ना, गाजा में मानवीय मदद पहुंचाना और अपने सैनिको को सऊथ गाजा और सेंट्रल गाजा से पीछे हटाना शामिल था। इसमे पूर्ण संघर्ष विराम और इजराइल सैनिकों के पूरी तरह गाजा से वापसी न शामिल होने पर कई फिलिस्तीन समर्थकों ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई थी। सूत्रों के हवाले से बताया कि मध्यस्थता ने हमास के द्वारा स्वाकार किए गए प्रस्ताव की बाधाओं पर फिर चर्चा शुरू की है, जिनपर इजराइल राजी नहीं है। कतर के विदेश मंत्रालय ने एलान किया कि वे एक डेलिगेशन को मिस्र की राजधानी कायरो भेज रहे हैं। इजराइल की ओर से भी अधिकारी कायरो जा रहे हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने राफा में अपने हमले जारी रखने के संकेत दिए हैं।

इजराइल ने राफा के रास्ते में रहने वाली करीब एक लाख आबादी को रास्ता खाली करने के लिए कहा है। खबरों के मुताबिक सोमवार रात राफा पर गनफायर और हवाई स्ट्राइक भी की गई हैं। राफा गाजा की सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है। राफा में सोमवार को हुई स्ट्राइक में करीब 5 लोगों के मरने की खबर है। हमास को उसके 'आखरी ठिकाने' में हराने के लिए इजराइल ने राफा पर इंवेजन जारी रखने की प्रतिबद्धता दिखाई है। जिसपर अमेरिका ने इजराइल को चेतावनी दी है।

गाजा के राफा इलाके में टैंक लेकर घुसे इजराइली सैनिक

-मिस्र से सटे बॉर्डर पर कब्जा किया, 1 लाख फिलिस्तीनियों को निकाला जाएगा

तेलअवीव (एजेंसी)। हमास के सीजफायर समझौते स्वीकार करने के बाद मंगलवार को इजराइल की सेना टैंक लेकर दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में घुस गई। उसने मिस्र से सटी गाजा की सीमा पर कब्जा कर लिया है। इजराइल ने दावा किया है कि इस ऑपरेशन के दौरान उन्होंने 20 हमास लड़ाकों को मार गिराया। सैनिकों को इलाके में हमास की 3 सुरंगें मिली हैं।

हमास के साथ जंग में राफा इजराइली सेना के ऑपरेशन का आखिरी पड़ाव है। इजराइल ने इंटेलिजेंस के हवाले से दावा किया था कि हमास सीमा का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए करता है। राफा पर हमले से पहले इजराइल ने एक लाख फिलिस्तीनियों को इलाके से निकालने की बात कही है।

हमास ने सीजफायर कबूल किया लेकिन यह इजराइल को नामंजूर

इजराइल से जंग के 7 महीने बाद हमास ने मिस्र और कतर के सीजफायर के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। हमास ने सोमवार (6 मई) को इसे लेकर आधिकारिक बयान जारी किया। हमास के लीडर इस्माइल हानिए ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल-थानी और मिस्र की खुफिया एजेंसी से फोन पर बात की। उन्होंने दोनों से कहा कि वे इजराइल के साथ युद्धविराम के लिए उनकी शर्तों को स्वीकार कर रहे हैं। हमास ने कहा कि अब फैसला इजराइल के हाथ में है कि वह सीजफायर के लिए तैयार होता है या नहीं। हालांकि, इजराइल ने कहा है कि हमास जिन शर्तों पर तैयार हुआ उसे वो मंजूर नहीं है। इसके बाद इजराइल ने जंग के आखिरी फेज की शुरुआत करते हुए दक्षिणी गाजा के राफा पर हमले किए।

अमेरिका ने गोला-बारूद की सप्लाई रोकी

राफा में सैन्य अभियान की घोषणा करके नेतन्याहू ने एक बार फिर अमेरिका को नाराज कर दिया है। यही कारण है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद पहली बार अमेरिका ने इजराइल भेजे जाने वाले गोला- बारूद की खेप रोक दी है। इस खेप में मिसाइल समेत जंग से जुड़े कई सामान थे। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नेतन्याहू से कहा था कि राफा में सैन्य अभियान से अमेरिका-इजराइल के संबंधों पर गलत असर पड़ेगा।

समझौता करवाने में जुटे हैं मिस्र, कतर और अमेरिका

मिस्र, कतर और अमेरिका साथ मिलकर हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम करवाने की कोशिश कर रहे हैं। तीनों देशों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रपोजल पर बातचीत करने के लिए एक हाई-लेवल डेलिगेशन इजराइल भेजा था। इससे पहले कतर और मिस्र की मध्यस्थता के बाद नवंबर में इजराइल-हमास के बीच पहली बार 4 दिन के लिए युद्धविराम हुआ था। इस दौरान हमास ने 112 बंधकों को रिहा किया था। वहीं इजराइल ने भी जेल में बंद 240 से ज्यादा फिलिस्तिनियों को छोड़ा था।

इजराइल ने हमास को दिया था आखिरी मौका

6 महीने की जंग में इजराइल ने राफा छोड़कर पूरे गाजा पर कब्जा कर लिया है। राफा पर हमले से पहले इजराइल ने हमास को समझौते का आखिरी मौका दिया था। इजराइल ने कहा था कि अगर हमास समझौता स्वीकार नहीं करता है, इजराइल राफा पर बड़ा हमला करेगा। इसी कारण मिस्र का डेलिगेशन दोनों पक्षों में समझौते करवाने को कोशिश कर रहा है। पिछले दिनों रिपोर्ट आई थी कि मिस्र बंधकों को छोड़ने के लिए हमास पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है। दरअसल राफा मिस्र की बॉर्डर के पास है। इसलिए उसे डर है कि अगर इजराइली सेना राफा पर हमला करेगी, तो बड़ी संख्या में शरणार्थी मिस्र में घुसने की कोशिश करेंगे। इसी से बचने के लिए इजिप्ट का एक डेलिगेशन इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते करवाने की कोशिश में जुटा है। इस समय 10 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनियों ने राफा शहर में पनाह ली हुई है।

टॉक्सिक में करीना की जगह लेंगी नयनतारा!

सफल केजीएफ फ्रेंचाइजी में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध यश ने दो आगामी फिल्मों में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इनमें से एक गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित टॉक्सिक और दूसरी नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रामायण है। टॉक्सिक का फिल्मांकन वर्तमान में प्रगति पर है। यश, नितेश तिवारी की रामायण के साथ इस फिल्म का सह-निर्माण भी कर रहे हैं। इसी बीच खबर आई कि करीना कपूर खान ने फिल्म से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। वहीं, अब करीना के किरदार के लिए दमदार साउथ हसीना का नाम सामने आया है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। टॉक्सिक के लिए कास्टिंग के संबंध में रोमांचक घटनाक्रम सामने आए हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि गीतू मोहनदास की फिल्म में यश की बहन की भूमिका के लिए प्रसिद्ध साउथ अभिनेत्री नयनतारा से बातचीत चल रही है। जानकारी हो कि नयनतारा को लेडी सुपरस्टार भी कहा जाता है। ऐसे में वो अगर इस फिल्म का हिस्सा बनेंगी तो निश्चित रूप से फैंस और भी ज्यादा उत्साहित होंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गीतू मोहनदास और यश ने हाल के हफ्तों में नयनतारा के साथ कई चर्चाएं की हैं और बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। नयनतारा ने इस भूमिका में गहरी रुचि दिखाई है, फिलहाल चर्चा साजो-सामान संबंधी व्यवस्थाओं पर केंद्रित है। एक मजबूत महिला के रूप में वर्णित चरित्र, नयनतारा के ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व के साथ अच्छी तरह मेल खाता है और वह कथित तौर पर गीतू मोहनदास के महिला पात्रों के चित्रण से प्रभावित हैं। गीतू मोहनदास और यश दोनों नयनतारा के टॉक्सिक के कलाकारों में शामिल होने की संभावना से उत्साहित हैं। विवरणों को अंतिम रूप देने के प्रयास चल रहे हैं और अगर सब कुछ सुचारू रूप से चला तो नयनतारा के अगले दो सप्ताह के भीतर आधिकारिक तौर पर बोर्ड पर आने की उम्मीद है। टॉक्सिक, 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली है, जिसमें यश के साथ कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में हैं। यह सहयोग प्रशंसित निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ यश की पहली परियोजना है। वयस्कों के लिए एक परी कथा के नाम से मशहूर इस फिल्म ने अपनी घोषणा के बाद से ही काफी ध्यान आकर्षित किया है। मुख्य कलाकारों के अलावा, फिल्म महिला पात्रों के एक मजबूत समूह का वादा करती है, जिसके बारे में अधिक जानकारी की प्रशंसकों द्वारा उत्सुकता से प्रतीक्षा की जा रही है।



50 साल की उम्र पार कर चुकी हैं ये अभिनेत्रियां, खूबसूरती में नई हीरोइनों को भी देती हैं मात

बॉलीवुड अभिनेत्रियों की खूबसूरती के चर्चे विश्वभर में हैं। भारतीय अभिनेत्रियों ने मिस वर्ल्ड से लेकर मिस यूनिवर्स तक का खिताब जीतकर देश का मान बढ़ाया है। हिंदी सिनेमा की अभिनेत्रियों की अदा और खूबसूरती पर उनके प्रशंसक जान छिड़कते हैं। बॉलीवुड की कुछ ऐसी भी चुनिंदा अभिनेत्रियां हैं जिनके ऊपर उम्र का भी कोई खास असर नहीं है। उनकी खूबसूरती आज भी बरकरार है। यहां तक की सुंदरता में वह नई हीरोइनों को भी टक्कर देती हैं। आज हम ऐसी ही अभिनेत्रियों के बारे में बात करेंगे जिनकी उम्र तो 50 साल के पार हो गई है पर उन्हें देखकर आज भी उनके प्रशंसकों का दिल धड़क उठता है।

माधुरी

बॉलीवुड में 'धक-धक गर्ल' के नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की खूबसूरती बेमिसाल है। उनके डांस के लाखों दिवाने हैं। अपने करियर की शुरुआत तो माधुरी ने 'अबोध' नाम की फिल्म से किया था, लेकिन उन्हें पहचान फिल्म तेजाब से मिली। फिल्म 'तेजाब' के आइटम सॉन्ग 'एक दो तीन' से उन्हें घर-घर पहचान मिल गई। उस दौर में हर किसी की जुबान पर माधुरी का गाना रहता था। 56 साल की अभिनेत्री इस उम्र में भी नौजवान हीरोइनों को खूबसूरती के मामले में पीछे छोड़ देती हैं। उनकी अदा, डांस और खूबसूरती के आज भी लाखों दिवाने हैं।

भाग्यश्री

भाग्यश्री ने बॉलीवुड में सलमान खान की फिल्म 'मैनें प्यार किया' से डेब्यू किया था। अभिनेत्री की खूबसूरती और मासूमियत के उनके फैंस कायल हैं। उन्होंने अपनी पहली फिल्म के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार जीता था। अभिनेत्री ने बॉलीवुड के अलावा कन्नड़, मराठी, तेलुगु और भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। इस साल फरवरी में उन्होंने अपना 55वां जन्मदिन मनाया। 55 साल की उम्र में भी अभिनेत्री बेहद खूबसूरत दिखती हैं।

तब्बू

तब्बू बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई हिट फिल्में बॉलीवुड को दी हैं। उनकी अदाकारी की सराहना भी खूब होती है। तब्बू ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत साल 1985 में आई फिल्म 'हम नौजवान' से की थी। आखिरी बार तब्बू हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'क्रू' में अभिनय करते हुए नजर आई हैं। 54 साल की उम्र में भी अभिनेत्री बेहद खूबसूरत और आकर्षक लगती हैं। उनकी खूबसूरती के चर्चे बी-टाउन से लेकर प्रशंसकों तक है।

रेखा

बॉलीवुड की सदाबहार अदाकारा रेखा अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। रेखा पर उनकी बढ़ती उम्र का कोई असर नही हैं। उनके प्रशंसक आज भी उनकी सुंदरता की सराहना करने से पीछे नहीं हटते। 69 साल की उम्र में भी वह बेहद खूबसूरत लगती हैं।

संगीता बिजलानी

संगीता बिजलानी ने 16 साल की उम्र में मॉडलिंग शुरू कर दी थी। अभिनेत्री ने 1980 में मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब भी जीता। बॉलीवुड में उन्होंने आदित्य पंचोली की फिल्म 'कातिल' से डेब्यू किया। संगीता की खूबसूरती के भी उनके प्रशंसक कायल हैं। 63 साल की अभिनेत्री आज भी देखने में बेहद खूबसूरत हैं।

वरुण-जान्हवी की फिल्म में अहम भूमिका निभाएंगे अक्षय ओबेरॉय

अभिनेता अक्षय ओबेरॉय कथित तौर पर आगामी रोमांटिक कॉमेडी सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के लिए बोर्ड पर आ गए हैं। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में डायनामिक जोड़ी वरुण धवन और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। बीते दिन इस फिल्म से रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा के जुड़ने की खबर सामने आई थी। फिल्म पर आ रहा लगातार नया अपडेट फैंस के उत्साह को बढ़ा रहा है। फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में अक्षय ओबेरॉय के शामिल होने की खबर ऑनलाइन जारी की। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के मुताबिक, ओबेरॉय फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और वरुण धवन और जान्हवी कपूर के साथ सितारों से भरे समूह में शामिल होंगे। यह जानकारी कलाकारों में सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ को शामिल करने की हालिया रिपोर्टों के बाद सामने आई है। फिल्म के विषय के बारे में बताते हुए, रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि यह एक सर्वोत्कृष्ट पारिवारिक मनोरंजन फिल्म है, जिसका मूल रोमांस है, जो खेतान की पिछली फिल्मों में देखी गई सिग्नेचर शैली की प्रतिध्वनि है। अक्षय ओबेरॉय को पीकू, गुड़गांव और फितूर जैसी फिल्मों में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है।

नितेश तिवारी की रामायण में हुई इस कलाकार की एंट्री

निर्देशक नितेश तिवारी की बहुचर्चित फिल्म 'रामायण' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में भगवान राम और माता सीता के किरदार में रणबीर कपूर और साई पल्लवी नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हालांकि, ये किसी को नहीं पता है कि फिल्म की शूटिंग कहां पर हो रही है। सोशल मीडिया पर राम सीता के रूप में रणबीर और साई की कई तस्वीरें भी सामने आ चुकी हैं। हाल ही में फिल्म से जुड़े एक और कलाकार ने रणबीर के साथ अपनी तस्वीर साझा कर इस बात की पुष्टि की है कि वह 'रामायण' का हिस्सा होंगे। रामायण में रणबीर के को-एक्टर ने अपना उत्साह साझा करते हुए एक तस्वीर पोस्ट की है। अजिंक्य देव भी नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' का हिस्सा होंगे। उन्होंने एक पोस्ट साझा कर खुद इस बात की पुष्टि की है। हालांकि अभिनेता ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। अजिंक्य ने रणबीर के साथ तस्वीर साझा कर लिखा, तो अब इस फोटो पर स्पष्टीकरण के लिए... आरके के साथ फिल्म रामायण में एक शानदार भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हूं। यह डेढ़ साल बेहद ही अद्भुत रहा है, क्योंकि मैंने पहली बार मां नीतू सिंह कपूर के साथ स्क्रीन साझा की थी। इसके बाद एक वेब सीरीज के लिए करिश्मा कपूर के साथ हूं और अब रणबीर कपूर के साथ। 'रामायण' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म से जुड़ी हर अपडेट जानने के लिए दर्शक उत्सुक हैं। वहीं, फिल्म से कई कलाकारों की तस्वीरें सामने आ चुकी हैं।

यूनिसेफ इंडिया की नेशनल एंबेसडर बनीं करीना कपूर

करीना कपूर खान को यूनिसेफ इंडिया का नेशनल एंबेसडर नियुक्त किया गया है। वे 2014 से ही इस ऑर्गेनाइजेशन के साथ बतौर सेलिब्रिटी एडवोकेट जुड़ी हुई थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक लंबा नोट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है।

करीना ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि आज का दिन उनके लिए बहुत भावुक कर देने वाला है। करीना ने लिखा- मैं 10 साल से इस ऑर्गेनाइजेशन के साथ जुड़ी हूं। इन 10 सालों में मैंने बच्चों के अधिकारों के लिए काम किया है। मैं आगे भी पूरी तन्मयता के साथ इस संगठन से जुड़ी रहूंगी।

बच्चो के अधिकार के आवाज उठाती रहूंगी

करीना कपूर खान ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर आगे लिखा- हमने अभी तक जो काम किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है। मैं बच्चों के अधिकारों के लिए अभी भी प्रतिबद्ध हूं और आगे भी इनके लिए काम करती रहूंगी। इसके अलावा अपनी पूरी टीम को भी विशेष धन्यवाद देना चाहती हूं। आप लोग महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर मैं यूनिसेफ इंडिया को बधाई देना चाहती हूं। पिछले 75 साल से यह ऑर्गेनाइजेशन बच्चों के हित के लिए काम कर रहा है। मैं उनकी आवाज बनने के लिए दृढ़ निश्चय करती हूं।

इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दी जाने वाली फीस से खुश नहीं लारा दत्ता

बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार किरदार निभाए हैं। हालांकि, लारा दत्ता इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दिए जाने वाली फीस से कुछ खास खुश नहीं हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी सिनेमा में वेतन असमानता को लेकर खुलकर बात की है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

वेतन असमानता पर की बात

हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने खुलासा किया कि महिलाएं इंडस्ट्री में अपने कई पुरुष कलाकारों की तुलना में कड़ी मेहनत करती हैं फिर भी ज्यादातर महिलाएं भाग्यशाली हैं कि उन्हें पुरुष अभिनेताओं को मिलने वाले वेतन का दसवां हिस्सा मिलता है। लारा दत्ता ने बताया कि वे प्रक्रिया में हैं और बहुत सारी महिलाएं हैं, जो इस धारणा में बदलाव करने की कोशिश कर रही हैं उन्होंने कहा कि पहले, यह सोचा जाता था कि जब आप 30 वर्ष की उम्र तक पहुंचते हैं, तो आपके लिए घर बसाने का समय आ जाता है क्योंकि आपका करियर खत्म हो जाता है।

रामायण को लेकर चर्चा में हैं

इस बीच, लारा दत्ता नितेश तिवारी की रामायण में कैकेयी की भूमिका को लेकर भी काफी चर्चा में चल रही हैं। अभिनेत्री ने इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसी कई रिपोर्ट्स सुनी हैं, लेकिन वह अटकलों का आनंद ले रही हैं, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, कौन रामायण का हिस्सा नहीं बनना चाहेगा?

सीरीज को लेकर मिल रही हैं तारीफें

अभिनेत्री के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में, वे 'रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड' में नजर आई हैं। यह सीरीज 25 अप्रैल को स्ट्रीम हुई है। लारा दत्ता के साथ इसमें जिमी शेरगिल, आशुतोष राणा और आशीष विद्यार्थी समेत कई अन्य कलाकार हैं। इसके अलावा उनके पास वेलकम टू द जंगल और रामायण जैसी फिल्में हैं।

आलिया भट्ट स्टारर जिगरा में नजर आएंगे जेसन शाह

हाल ही में रिलीज हुई संजय लीला भंसाली की ओटीटी डेब्यू हीरामंडी - द डायमंड बाजार में अपने काम से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले एक्टर जेसन शाह अपकमिंग फिल्म जिगरा में बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट और एक्टर वेदांग रैना के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। यह फिल्म भाई-बहन के प्यारे रिश्ते पर आधारित है। फिल्म के लिए जेसन को फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना होगा। दरअसल, हीरामंडी में उन्होंने अपने किरदार को दमदार बनाने के लिए वजन बढ़ाया था, लेकिन इस फिल्म के लिए उन्हें अपना वजन घटाने की जरूरत पड़ेगी। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, हां, जेसन को फिल्म के लिए चुना गया है और एक्टर ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है और डबिंग स्टेज पर हैं। जेसन द्वारा निभाई गई भूमिका हीरामंडी में उनके लुक और व्यक्तित्व से बिल्कुल अलग है। दर्शक उन्हें जिस लुक में देखने के आदी हैं, वह उससे बिल्कुल हटकर नजर आएंगे। वह जिस किरदार को निभा रहे हैं, उसके लिए उन्हें अपनी फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना होगा। ये ट्रांसफॉर्मेशन हर किसी के लिए एक सरप्राइज पैकेज होने वाला है। जिगरा का निर्देशन वासन बाला ने किया है।

आईपीएल में आज होगा सनराइजर्स और सुपर जायंट्स में मुकाबला

हैदराबाद (एजेंसी)। सनराइजर्स हैदराबाद बुधवार को आईपीएल में अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतकर प्लऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बरकरार रखने का प्रयास करेगी। जो भी टीम इस मैच में हारी उसका बाहर जाना तय है। ऐसे में इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। इस मैच के परिणाम से अन्य टीमों की प्लेऑफ की संभावनाओं पर भी प्रभाव पड़ेगा। सनराइजर्स को पिछले मैच में मुम्मई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसका मनोबल कमजोर हुआ है। शुरुआती मैच में जमकर रन बनाने वाले सनराइजर्स के बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों से विफल रहे हैं। टीम हालांकि इस मैच में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद करेगी। उसका लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा क्योंकि उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है। कप्तान पीट कमिंस के अलावा उसके अन्य गेंदबाज अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। दूसरी ओर केएल राहुल की कप्तानी में लखनऊ की टीम भी पिछले मैच में केकेआर से हारी थी। तब लखनऊ की टीम बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी नाकाम रही। उसकी बल्लेबाजी की कमान राहुल के अलावा मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन के पास रहेगी। टीम की गेंदबाजी यश ठाकुर के अलावा रवि बिश्नोई के पास रहेगी। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है इससे उसे नुकसान हुआ है।

हेड को छोड़कर सनराइजर्स के अन्य बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और 137 रन पर

आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके।

इस मैच में हालांकि बारिश से बाधा आ सकती है। हैदराबाद में मैच के दिन सुबह मौसम साफ रहने की उम्मीद है पर मैच शुरू होने से पहले बारिश के आसार हैं। ऐसे में अगर बारिश के कारण ये मैच नहीं होता है तो लखनऊ और सनराइजर्स को झटका लगेगा।

अब तक सनराइजर्स हैदराबाद ने 11 मैचों में से 6 जीते है और वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर है उसके 12 अंक हैं वहीं नेट रन रेट -0.065 का है जबकि दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी 11 मैचों में से 6 जीते हैं और वह भी 12 अंकों और -0.371 के नेट रन रेट के साथ तालिका में 5वें स्थान पर

टीम

सनराइजर्स हैदराबाद = पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, मार्को जानसन, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, सनवीर सिंह, ट्रैविस हेड, मयंक अग्रवाल, नितीश कुमार रेड्डी

लखनऊ सुपर जाइट्स = केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, एश्टन टर्नर, आयुष बदोनी, क्रुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, मोहसिन खान, यश ठाकुर, अर्शिन कुलकर्णी, युद्धवीर सिंह, दीपक हुडा, निकोलस पूरन।

हैं। ऐसे में इस मैच को जीतने वाली टीम 14 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी पर बारिश के कारण अगर खेल नहीं हो पाता है तो दोनों ही टीमों को एक-एक अंक मिलेगा और दोनों टीमें 13 अंक तक पहुंच जाएंगी। जिससे चेन्नई सुपर किंग्स अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी वह 12 अंकों के साथ ही तीसरे नंबर पर है।

शुभमन गुजरात टाइटंस की कप्तानी के लिए सबसे बेहतर पर उन्हें काफी कुछ सीखना होगा: मिलर

अहमदाबाद (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि युवा शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की कप्तानी के लिए सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं पर उन्हें अभी काफी कुछ सीखना होगा। शुभमन को इस सत्र की शुरुआत में हार्दिक पंड्या के मुम्बई टीम में जाने के कारण नया कप्तान बनाया गया था। उनके लिए ये सत्र हालांकि अच्छा नहीं रहा और टीम के साथ ही शुभमन का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा। इसके बाद भी मिलर इस युवा खिलाड़ी को कप्तानी देने को सही मानने हैं। मिलर ने आरसीबी और जीटी मैच के बाद कहा कि शुभमन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जैसा कि हम सभी जानते हैं। वह अब भी युवा है लेकिन मुझे अब भी लगता है कि वह कप्तानी के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। शुभमन ने आरसीबी के खिलाफ 7 गेंदों में 2 रन बनाए जबकि मिलर ने 20 गेंदों में 30 रन बनाये। मिलर ने इसी को लेकर कहा कि शुभमन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जैसा कि हम सभी जानते हैं, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने को साबित किया है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदें तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। टीम को अपने 11वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पडा था। इस मैच में गुजरात टाइटंस गुजरात आईपीएल 2024 की अंक तालिका में 9वें स्थान पर आ चुकी है। टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहने से शुभमन पर सवाल उठ रहे हैं।

आईपीएल में एक शतक और लगते ही बनेगा सबसे अधिक शतकों का रिकार्ड

अब तक 12 शतक लगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल में इस बार जिस प्रकार से शतक लग रहे हैं। उससे साफ है कि शतकों के मामले में एक नया रिकार्ड बनेगा। आईपीएल में मुम्बई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार यादव के शतक के साथ ही इस सत्र में अब तक 12 शतक लग गये हैं। इससे पहले 2023 सत्र में इतने शतक लगे थे। वहीं एक और शतक के साथ ही आईपीएल में सबसे अधिक शतक का नया रिकॉर्ड बन जाएगा क्योंकि सत्र में अभी 19 मैच और होने हैं। सनराइजर्स के खिलाफ 102 रन की पारी खेलने के साथ ही सूर्यकुमार ने भी एक उपलब्धि हासिली की है। वह ऐसे दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस की ओर से दो शतक बनाए हैं। उनसे पहले केवल रोहित शर्मा ने यह रिकार्ड बनाया था। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 51 गेंद पर 102 रन बनाये। यह आईपीएल 2024 में 12वां मौका है, जब किसी बल्लेबाज ने शतकीय पारी खेली है।

सूर्यकुमार ने टी20 क्रिकेट में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथा शतक बनाया है। इस नंबर पर उनसे ज्यादा शतक सिर्फ ग्लेन मैक्सवेल 5 ही लगा सके हैं। डेविड मिलर 4 शतक के साथ बराबरी पर हैं। सूर्यकुमार ने शतकीय पारी के दौरान तिलक वर्मा 37 के साथ 143 रन की नाबाद साझेदारी की। यह मुंबई इंडियंस के लिए चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है। आईपीएल की बात करें तो ये लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। सूर्या-तिलक महज एक रन से रिकॉर्ड तोड़ने से दूर रह गए। 144 रन की साझेदारी का यह रिकॉर्ड गुरकीरत सिंह और शिमरन हेटमायर के नाम है। सूर्या का यह टी20 क्रिकेट में ओवरऑल छठा शतक है।

टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम की जर्सी लॉन्च हुई

मुम्बई(एजेंसी)। अगले माह वेस्टइंडीज और अमेरिका में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम की जर्सी लॉन्च हो गयी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस जर्सी को लॉन्च करने का एक वीडियों भी सोशल मीडिया पर डाला है। इसमें भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और अनुभवी स्पिनर कुलदीप यादव भी नजर आ रहे हैं। वहीं भारतीय टीम ने भी इस वीडियो को रीपोस्ट किया। वीडियो के साथ लिख है- एक जर्सी। एक राष्ट्र। पेश है नई टीम इंडिया टी20 जर्सी। आगामी आईसीसी शोपीस इवेंट के लिए भारत की जर्सी में वी-आकार की गर्दन पर तिरंगे रंग की रेखाएं और केसरिया रंग की आस्तीन पर क्लासिक एडिडास धारियां होंगी। जर्सी के केंद्र में इंडिया लिखा होने के साथ आगे की तरफ नीला रंग शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने गत सप्ताह ही इस आईसीसी टूर्नामेंट के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम भी घोषित

कर दी थी। भारत को आईसीसी टूर्नामेंट के ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम इसमें अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा, इसके बाद 9 जून को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा। इसके बाद भारत क्रमशः 12 और 15 जून को अमेरिका और कनाडा से खेलना है।

ब्रेट ली ने सुपर जाइंट्स के कप्तान राहुल के रवैये पर सवाल उठाये

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल के रवैये की अलोचना करते हुए कहा है कि उनके कम स्ट्राइक रेट के कारण अन्य बल्लेबाजों पर जरुरत से ज्यादा दबाव पड़ रहा है। ब्रेट ली के अनुसार राहुल की उतार-चढ़ाव वाली स्ट्राइक रेट के कारण आने वाले बल्लेबाजों को तेजी से खेलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। आईपीएल के इस सत्र में पांच सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल होने के बाद भी राहुल की स्ट्राइक रेट पर काफी सवाल उठे हैं। ली ने कहा, मुझे लगता है कि अगर आप केकेआर और लखनऊ दोनों तरफ के शुरुआती बल्लेबाजों को देखें, तो समझ में आत है। केकेआर ने तेज से रन बनाये हैं।

आईपीएल के समय पीएसएल का आयोजन पीसीबी के लिए होगा नुकसानदेह

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अगले साल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का आयोजन अप्रैल-मई में करने जा रहा है। वहीं इसी समय पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल का आयोजन करता है। ऐसे में पीएसएल का आयोजन पीसीबी को महंगा पड़ सकता है। इसका कारण ये है कि पीएसएल के लिए आईपीएल जैसी विश्व की सबसे महंगी टी-20 लीग का मुकाबला करना कठिन रहेगा। इसका कारण है कि पीएसएल को को विदेश खिलाड़ी मिलना कठिन हो जाएंगे क्योंकि सभी की पसंद आईपीएल होता है। अब तक रोवमैन पॉवेल, शेन रदरफोर्ड, सिकंदर रजा, ल्यूक वुड, राइली रूसो, शेमार जोसफ, शाई होप और डेविड विली ही आईपीएल के अलावा पीएसएल के इस सत्र में नजर आए थे। वहीं पिछले कुछ सत्र में आंद्रे रसेल, राशिद खान और सुनील नरेन ने भी पीएसएल में खेला था। यदि दोनों टूर्नामेंट एक ही समय हुए तो विदेशी खिलाड़ी आईपीएल की तरह आयेंगे और पीएसएल को दूसरे दर्जे के ही क्रिकेटर मिल पायेंगे। इसके अलावा पीसीबी को प्रसारण अधिकार के लिए भी मुश्किल होगी क्योंकि दोनो ही टूर्नामेंट एक ही समय पर होते हैं। ऐसे में मैच का समय एक होने से पीएसएल की व्यूवरशिप कम होना तय है। वैसे ही टूर्नामेंट के दौरान स्टेडियम में कम होते दर्शकों से पीसीबी पहले ही परेशान है। अब तक देखा गया है कि आईपीएल के दौरान कोई अन्य क्रिकेट बोर्ड अपनी घरेलू लीग नहीं आयोजित करता है।

द्रविड़ से कही श्रीसंत की एक बात ने बदली सैमसन की तस्वीर

नई दिल्ली। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का कहना है कि एस श्रीसंत का उनकी सफलता में बड़ा योगदान है। सैमसन के अनुसार तेज गेंदबाज एस श्रीसंत के बोले एक झूठ से उनकी किस्मत बदल गयी। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने काफी पहले रॉयल्स के कप्तान राहुल द्रविड़ से कहा था कि एक स्थानीय मैच में संजू ने उनकी गेंदों पर छह छक्के मारे थे। इसके बाद ही मुझे अवसर मिले। सैमसन ने 2009 में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से आईपीएल में प्रवेश किया हालांकि उन्हे खेलने का अवसर नहीं मिला। पहला खिताब जीतने के बाद फ्रैंचाइजी ने सैमसन को बिना उतारे ही रिलीज कर दिया। यह वही समय था जब सैमसन को अपनी योग्यता साबित करने की जरूरत थी। एक वीडियो में सैमसन ने कहा, केकेआर के साथ होने के कारण मुझे कोई अवसर नहीं मिल रहा था पर पर आरआर के खिलाफ मैच के दौरान जब राहुल द्रविड़ उनकी कप्तानी कर रहे थे तो श्रीसंत ने उन्हें होटल लॉबी में देखा और मेरी सहायता की। उन्होंने उनसे कहा, केरल का एक लड़का है, जिसने मुझे स्थानीय टूर्नामेंट में एक ओवर में छह छक्के लगाए हैं। हमें निश्चित रूप से उसे एक ट्रायल का अवसर देना चाहिए। श्रीसंत की इस बात से सैमसन को सहायता मिली। रॉयल्स ने उन्हें चुना और 2013 में अपने डेब्यू के बाद से ही वे उनकी टीम में एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। एक होनहार बल्लेबाज से लेकर फ्रैंचाइजी का पोस्टर बॉय बनने और अब इसके कप्तान बनने तक सैमसन ने सब कुछ देखा है। सैमसन की कहानी की पुष्टि तब हुई जब श्रीसंत ने स्वीकार किया कि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज को आरआर सेट-अप में लाने के लिए उन्होंने झूठ बोला था हालांकि द्रविड़ ने उनकी बात को पकड़ लिया।

टी20 विश्वकप में नजर नहीं आयेंगे आईपीएल में धूम मचाने वाले नरेन

मुम्बई (एजेंसी)। आईपीएल 2024 सत्र में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से धूम मचाने वाले वेस्ट इंडीज के सुनील नरेन आगामी टी20 विश्वकप कप में नजर नहीं आयेंगे। नरेन से विश्वकप में खेलने के लिए इंडीज टीम के कप्तान रोवमन पॉवेल ने संन्यास से वापसी की अपील की थी पर इस क्रिकेटर ने ये कहते हुए इंकार कर दिया कि ये स्थान किसी युवा क्रिकेटर को मिलना चाहिये। नरेन ने आईपीएल में 400 से ज्यादा रन बनाए हैं जबकि14 विकेट भी लिए हैं। वह आईपीएल में सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की सूची में तीसरे नंबर पर हैं और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में छठे नंबर पर है। नरेन इस सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने अब इस टी20 लीग में 41.90 की औसत और 183.66 स्ट्राइक रेट से 461 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने 14 विकेट भी लिए हैं। अब तक केवली 5 गेंदबाज ही उनसे ज्यादा विकेट ले पाए हैं इसके बाद भी वह वेस्टइंडीज की टीम में नहीं रहेंगे।

पॉवेल ने नरेन को मनाने की बहुत कोशिश की पर वह नहीं माने। पॉवेल ने कहा कि नरेन को वेस्टइंडीज की विश्व कप टीम का हिस्सा बनना चाहिये। पॉवेल ने कायरन पोलार्ड सहित कई दिग्गजों से भी अपनी बात नरेन तक पहुंचाई पर नरेन ने साफ इंकार कर दिया और कहा कि उन्होंने बहुत सोच समझकर संन्यास लिया है और अब वे इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी नहीं करेंगे। सुनील नरेन ने नवंबर 2023 में ही संन्यास का ऐलान किया है। 34 साल के सुनील नरेन ने वेस्टइंडीज के लिए 6 टेस्ट, 65 वनडे और 51 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच 2019 में खेला था। इसके बाद से वह वेस्टइंडीज के लिए कभी नहीं खेले हैं. हालांकि, आईपीएल समेत दुनिया की तमाम टी20 लीग में वह खेलते रहे हैं। उन्होंने अब तक 509 टी20

मैच खेले हैं। उन्होंने इन मैचों में 549 विकेट लिए हैं और 4195 रन भी बनाए हैं।

गावस्कर ने विराट के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये बयान का बचाव किया

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल में विराट कोहली के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये अपने बयान का बचाव किया है। गावस्कर ने कहा कि कमेंटरी करने पर जो दिखता है वही हम बोलते हैं। इस सत्र में 500 से अधिक रन बनाने विराट पावर प्ले में कम स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का केन्द्र बने थे। इसके बाद कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में 44 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेलकर सबका मुंह बंद कर दिया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स को को मिली जीत के बाद विराट ने स्ट्राइक रेट को लेकर अपनी आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया थी। वहीं उनके बयान से गावस्कर नाराज दिखे। गावस्कर ने कहा कि कमेंटेटर कोहली से सवाल इसलिए पूछ रहे थे क्योंकि वह 118 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे और 14-15वें ओवर में आउट हुए थे। वहीं विराट ने गुजरात के खिलाफ 70 रन बनाकर कहा था कि वो सभी लोग जो स्ट्राइक रेट और मेरे अच्छे से स्पिन नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं वो नहीं जानते कि मेरे लिए केवल टीम को जीत दिलाना ही मायने रखता है। 15 साल तक ऐसा करने की वजह है कि मैंने बहुत से मैदानों पर टीम के लिए मैच खेले और जीते भी हैं। ऐसे में मुझे नहीं लगता कि जो खुद मैदान पर नहीं होते, उन्हें कमेंटरी बॉक्स में बैठकर ऐसी बातें करनी चाहिए। वहीं इससे पहले गावस्कर ने कहा था कि यदि आप पारी शुरु करते हैं, फिर 14वें या 15वें ओवर में आउट हो जाते हैं और तब भी आपका स्ट्राइक रेट 118 रहता है तो इस स्थिति में अगर आप चाहते हैं कि तालियां मिलें तो यह थोड़ा अजीब है।

सनराइजर्स की हार से सीएसके, सुपरजायंट्स और दिल्ली के प्लेऑफ की राह बनी

मुम्बई(एजेंसी)। आईपीएल लीग मुकाबले में मुंबई इंडियंस की सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत से चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके), लखनऊ सुपरजायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स को लाभ हुआ है। वहीं सनराइजर्स के प्लेऑफ की उम्मीदें कमजोर हुई हैं। वहीं

सनराइजर्स हैदराबाद इस हार के बाद भी अंक तालिका में चौथे नंबर पर कायम है। सनराइजर्स की टीम एक समय अंक तालिका में पहले नंबर पर थी और तब वह टॉप-2 में रहने की उम्मीद कर रही थी पर अब उसे टॉप-4 के लिए भी कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। अंक तालिका में चेन्नई सुपरकिंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपरजायंट्स के एक बराबर 12-12 अंक हैं। इस प्रकार नेट रनरेट के आधार पर उनकी रैंकिंग तीसरी, चौथी और पांचवीं है। तीनों ही



टीमों के अब 3-3 मैच बचे हैं। ऐसे में एक गलती से ये टीमें प्लेऑफ से बाहर होंगी।

यही कारण है कि जब मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया तो चेन्नई सुपरकिंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के प्रशंसकों ने खुशी जाहिर की। चेन्नई और लखनऊ ही नहीं, दिल्ली कैपिटल्स के फैंस की प्लेऑफ की उम्मीद भी हैदराबाद की हार से जाग गई है। दिल्ली की टीम 11 मैचों में से 5 जीतकर 10 अंकों के साथ छठे नंबर पर है। दिल्ली के प्रशंसकों उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी पसंदीदा टीम बाकी बचे तीन मैच जीतकर प्लेऑफ में जगह बना सकती है। ऐसा संभव भी है और अगर चेन्नई, हैदराबाद व लखनऊ में से कोई दो टीम जीत जाएं तो दिल्ली आगे निकल सकती है।

सनराइजर्स हैदराबाद की हार से कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स को भी थोड़ी राहत ही मिली होगी। कोलकाता और राजस्थान दोनों ही टीमें 16-16 अंक लेकर पहले दो स्थान पर हैं. अगर वे एक-एक मैच और जीत लेती हैं तो टॉप-2 में रहने का उनका दावा बेहद मजबूत हो जाएगा।

ब्रायन लारा की भविष्यवाणी- इन 2 टीमों में हो सकता है टी20 विश्व कप का फाइनल

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप 2024 में भारत-वेस्टइंडीज के बीच फाइनल की ख्वाहिश जताते हुए महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा है कि सूर्यकुमार यादव को भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। लारा ने यह भी कहा कि विश्व कप में भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल होने से 2007 में हुई गलती की भरपाई हो जाएगी जब वेस्टइंडीज में हुए वनडे विश्व कप में भारत के जल्दी बाहर होने से मेजबान को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा।

भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को टीम में रखा है जबकि शुभमन गिल और रिंकू सिंह जैसे युवा रिजर्व में हैं। सूर्यकुमार मुख्य टीम में है। लारा ने कहा कि मेरी सलाह यह होगी कि सूर्यकुमार यादव को तीसरे नंबर पर उतारा जाए। वह टी20 क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से है। अगर आप सर विव जैसे खिलाड़ियों से बात करें तो वह आपको बताएंगे कि वह कैसे बल्लेबाजी को बेताब रहते थे। उन्होंने कहा कि मुझे सूर्यकुमार के साथ भी यही लगता है। उसे जल्दी से उतारना जरूरी है और अगर वह 10-15 ओवर खेल जाता है तो कमाल कर सकता है।

लारा ने कहा कि अगर आप उसको जल्दी उतारते हैं तो वह आपको जीत की स्थिति में पहुंचा देगा और बाद में बल्लेबाजी करने पर जीत दिला देगा। सूर्यकुमार आम तौर पर चौथे और कोहली तीसरे नंबर पर उतरते हैं। आईपीएल में कमेंट्री कर रहे लारा ने कहा कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल हो सकता है जिससे 2007 विश्व कप में हुई त्रासदी की भरपाई हो जाएगी जब भारतीय टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी।

लारा ने कहा कि इंग्लैंड टीम को वेस्टइंडीज बहुत पसंद है। इंग्लैंड भी अंतिम 4 में होगा और चौथे स्थान पर डार्कहॉर्स के रूप में अफगानिस्तान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल से अतीत में हुई गलती की भरपाई हो जाएगी। भारत 2007 में दूसरे दौर में नहीं पहुंच सका था और इसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ा। हम नहीं चाहते कि ऐसा फिर हो इसलिए भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल होना चाहिए जिसमें बेहतर टीम जीते।

भारत ने युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के रूप में चार स्पिनरों को चुना है जिनमें से 2 हरफनमौला हैं। लारा ने कहा कि चार स्पिनरों के होने पर मैं ज्यादा नहीं बोलना चाहूंगा। लेकिन मुझे नहीं लगता कि चारों स्पिनर खेलेंगे। मुझे खुशी है कि चहल टीम में है। वह आईपीएल स्टार ही नहीं है बल्कि काफी दिमाग लगाकर गेंदबाजी करता है। कुलदीप भी। ये आपको विकेट दिलाएंगे और रनगति पर अंकुश भी लगाएंगे। कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही चर्चा के बीच लारा ने कहा कि आपको अंतिम एकादश में विराट जैसा एक खिलाड़ी चाहिए ही।

टी20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी होंगे ये दो खिलाड़ी : शास्त्री

दुबई। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने आईसीसी से कहा, 'दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। एक यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है।' चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा, 'मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिये छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है।' उन्होंने कहा, 'तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छठे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी। अगर कोई 20.25 ओवर में खेल का नक्शा बदल सकता है, तो वह है। उसका स्ट्राइक रेट 200 के आसपास है जिससे भारत को काफी मदद मिलेगी।'

मतदान करने अमेरिका से गुजरात आई युवती, टिकट पर खर्च किए 3 लाख रुपए

बनासकांठा । चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए निर्वाचन आयोग समेत विभिन्न संगठन जागृति अभियान चलाते हैं। चुनाव के दिन मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें, इसके लिए सार्वजनिक अवकाश का ऐलान भी किया जाता है। बावजूद इसके कई मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग नहीं करते। ऐसे मतदाताओं को अमेरिका से केवल वोट डालने आई युवती से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने एक वोट की अहमित को समझते हुए युवती अमेरिका से गुजरात आई। टिकट पर तीन लाख रुपए खर्च करके युवती केवल वोट डालने के लिए गुजरात आई है। बनासकांठा जिले के डीसा की मूल निवासी युवती ने आज सुबह शहर की नगर प्राथमिक स्कूल में अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान करने अमेरिका से आई इस युवती का पहले पोलिंग बूथ पर स्वागत किया गया।

चंद्रबाबू की जमानत के खिलाफ सुनवाई टली

नई दिल्ली । आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू को हाईकोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह इस मामले को 10 हफ्ते बाद सुनेगी। यह



याचिका आंध्र प्रदेश सरकार की तरफ से दाखिल की गई है। नायडू को स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन घोटाला मामले में 9 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। 31 अक्टूबर को स्किल डेवलपमेंट घोटाले में आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने उन्हें मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत दी थी। तब वे राजमुंदरी जेल से करीब 53 दिन बाद बाहर आए थे। 20 नवंबर को हाईकोर्ट ने उन्हें रेगुलर बेल दे दी। नायडू के खिलाफ आंध्र प्रदेश की जांच एजेंसियों ने पांच अलग-अलग मामलों में जांच चल रही है। इसके बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील करते हुए हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने के निर्देश की मांग की थी। सरकार ने कहा है कि नायडू एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वे एक सरकारी कर्मचारी सहित अपने दो प्रमुख सहयोगी पहले ही देश से भागने की व्यवस्था कर चुके हैं।

पश्चिम बंगाल बारिश से 12 लोगों की मौत

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही भारी बारिश से अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है। सीएम ने सोशल मीडिया पर दुख व्यक्त करते हुए बताया कि बिजली गिरने से पूर्व बर्धमान में 5 और पश्चिम मेदिनीपुर और पुरुलिया में 2-2 लोगों की मौत हो गई। वहीं नादिया में दीवार ढहने से 2 और साउथ 24 परगना में पेड़ गिरने से 1 शख्स की मौत हो गई। मौसम विभाग ने 10 मई तक राज्य में इसी तरह आंधी-तूफान की आशंका जताई है। ममता बनर्जी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग पीड़ितों के परिवार को राहत और मुआवजा राशि देगा। पिछले कुछ दिनों से चिलचिलाती गर्मी से जूझ रहे कोलकाता समेत राज्य के कई जिलों में सोमवार को कई जिलों में तेज हवाओं के साथ मध्यम से भारी बारिश हुई। जिससे तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली।

गुजरात के इस पोलिंग बूथ पर फिर एक बार हुआ 100 प्रतिशत मतदान

अहमदाबाद । भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां प्रत्येक वोट की कीमत मायने रखती है7 गुजरात में एक ऐसा पोलिंग बूथ है जहां वर्षों से सिर्फ एक वोटर के लिए पूरा मतदान केन्द्र तैयार किया जाता है और वहां 15 कर्मचारियों का स्टाफ शाम 6 बजे तक तैनात रहता है। यह बूथ मध्य गिर के जंगलों के बीच है, जो जूनागढ़ से 110 किलोमीटर की दूरी पर पौराणिक मंदिर के पास है। बाणेज नामक पोलिंग बूथ के महंत हरिदास इकलौते मतदाता हैं। हरिदास पौराणिक मंदिर के महंत हैं और उनके मतदान करते ही 100 प्रतिशत मतदान के संकेत मिल जाते हैं। आज भी महंत हरिदास के वोटिंग करते ही सौ फीसदी मतदान हो गया। मतदान के बाद महंत हरिदास ने कहा कि लोकतंत्र की जीवंत रख मेरे लिए खास व्यवस्था करने पर मैं निर्वाचन आयोग का आभारी हूं। उन्होंने हरेक मतदाता से अपने मताधिकार का उपयोग करने की और कहा कि मतदान करना हमारा कर्त्तव्य है। चुनाव लोकतंत्र की धरोहर है, जिसे संभालना हम सभी की जिम्मेदारी है। दरअसल निर्वाचन आयोग वर्ष 2002 से बाणेज में विशेष मतदान केन्द्र की व्यवस्था करता आ रहा है। महंत हरिदास से पहले महंत भरतदास के लिए यहां खास पोलिंग बूथ बनाया जाता था। महंत भरतदास के लिए निर्वाचन आयोग हर चुनाव में बाकायदा 5 से 8 लोगों की टीम भेजकर विशेष मतदान केन्द्र की व्यवस्था करता था। 1 नवंबर 2019 को बाणेज के महंत का निधन हो गया था। जिसके बाद से निर्वाचन आयोग महंत भरतदास के अनुगामी हरिदास के लिए खास पोलिंग बूथ की व्यवस्था करता है। गिर जंगल एशियाटिक शेरों का ठिकाना है, जहां खूंखार वन्यजीव होने के बावजूद भरतदास मंदिर में अकेले ही रहते थे। भरतदास के बाद अब उनके अनुगामी महंत हरिदास भी मंदिर में अकेले रहते हैं और लोकतंत्र के पर्व में भाग लेकर लोगों को प्रेरित करते हैं।

उत्तराखंड में जंगलों में आग के बीच टल गया बड़ा हादसा... जलता पेड़ वाहन पर गिरा

देहरादून । उत्तराखंड में जंगलों की आग कई दिनों से धधक रही है, इसकारण अभी तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं एक बड़ा हादसा मंगलवार को टल गया। दरअसल, हल्द्वानी से निर्माण सामग्री लेकर पदमपुरी जा रहे पिकअप वाहन के ऊपर चांफी के पास जलता पेड़ गिर गया। वाहन में फंसे चालक को लोगों ने बाहर निकाला। गनीमत रही कि समय रहते ड्राइवर को बचा लिया। पीड़ित चालक नवीन ने बताया कि बीते चार दिनों से जंगल लगातार जल रहे हैं। नवीन ने बताया कि चालकों की मदद से उसे बाहर निकाल लिया गया, जिससे उसकी जान बच गई। वहीं डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा, 'जंगल में आग लगाने वालों को चिन्हित किया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई होगी। अगर जरूरत पड़ी तब गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई होगी। अबतक 13 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं 4 लोग पकड़े गए हैं। वहीं वन विभाग के आईएफएस निशांत वर्मा ने कहा कि आग की घटनाओं को लेकर सभी जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। हर दिन इन नोडल अधिकारियों से रिपोर्ट ली जाएगी। फायर वॉचर का भी इंश्योरेंस किया जाएगा। पौड़ी और अल्मोड़ा के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए एनडीआरएफ को बुलाया जाएगा।

सलमान खान के घर फायरिंग मामले में हुआ नया खुलासा

- मुंबई क्राइम ब्रांच ने कहा-शूटरों को रुपया और रेकी करने में की थी मदद

मुंबई, । बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस मामले में पांचवें आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है, जिसका नाम मोहम्मद चौधरी है। टीम ने बताया कि चौधरी ने दोनों शूटरों सागर पाल और विक्की गुप्ता को रुपया पहुंचाने और रेकी करने में मदद की थी। चौधरी को आज मुंबई लाया जा रहा है, जहां उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और हिरासत की मांग की जाएगी।

बता दें कि इससे पहले सलमान खान के घर फायरिंग करने वाले एक आरोपी ने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थी। आरोपी अनुज थापन के परिवार ने उसकी मौत की जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए बंबई हाईकोर्ट का रुख किया था। पुलिस का दावा है कि अनुज थापन ने हवालात में आत्महत्या की जबकि उसकी मां रीता देवी ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या की गई है।

दिल्ली एलजी ने की केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

-दो लोगों ने वीके सक्सेना को पत्र लिखकर की जांच की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। कथित शराब घोटाले की वजह से जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की मुसीबत कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। अब दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। एलजी को शिकायत मिली थी कि आप और इसके मुखिया ने खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से फंडिंग ली है।

सूत्रों के मुताबिक एक अप्रैल को आशू मोंगिया नाम के एक व्यक्ति ने एलजी वीके सक्सेना को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। मोंगिया खुद को वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन का महासचिव बताते हैं। आम आदमी पार्टी के सदस्य रहे मुनीष रायजादा ने भी एलजी से जांच की मांग की थी। अब राजभवन ने गृहमंत्रालय से जांच की सिफारिश की है। मोंगिया का कहना है कि उन्होंने वॉट्सएप पर एसएफजे के गुरपतवंत सिंह पन्नू का वीडियो देखा था जिसमें उसने दावा किया था कि केजरीवाल ने आतंकी भुल्लर को छोड़ने का वादा करते हुए 16 मिलियन डॉलर की फंडिंग ली थी। मोंगिया का कहना है कि वॉट्सएप पर वीडियो देखने के बाद उन्होंने शिकायत करने का फैसला लिया। आम आदमी पार्टी का कहना है कि मोंगिया बीजेपी नेता हैं। मोंगिया इससे इनकार करते हुए खुद को एक हिंदू संगठन का नेता बताते हैं।

राजभवन की ओर से गृहमंत्रालय को भेजे गए पत्र में आप के पूर्व नेता मुनीश रायजादा का भी जिक्र किया गया है। अमेरिका के शिकागो में डॉक्टर रायजादा 2015 तक आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी थे। संगठन की गतिविधियों को लेकर एक वेबसाइट बनाने की वजह से आप से उन्हें निकाल दिया गया था। पन्नू के वीडियो के बाद उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट करके केजरीवाल पर कई आरोप लगाए थे। एलजी को केजरीवाल के खिलाफ शिकायत के साथ एक पेन ड्राइव भी सौंपी गई है, जिसे अब जांच के लिए भेजा गया है।

दरअसल, पन्नू ने एक वीडियो जारी करके दावा किया था कि आम आदमी पार्टी ने 2014 से 2022 के बीच उससे 16 मिलियन यूएस डॉलर (करीब 134 करोड़) रुपए की फंडिंग ली थी। पन्नू ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने आतंकी देवेंद्र पाल सिंह भुल्लर को जेल से रिहा करने का भरोसा दिया था, जिसे पूरा नहीं किया। वहीं, आम आदमी पार्टी ने एलजी की ओर से की गई जांच की सिफारिश को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई साजिश करार दिया है। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी दिल्ली में सभी सात सीटों पर हार रही है इसलिए वह हमारे नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई-नई साजिश रच रही है।

मुसलमानों को आरक्षण जरूर मिलना चाहिए, लालू प्रसाद के बयान से बिहार की राजनीति गरमाई

पटना। इस समय देश में लोकतंत्र का महाकुंभ चल रहा है। इस चुनाव में देश की राजनीतिक पार्टियां अपने वोटरों को लुभाने के लिए कई वादे भी कर रही हैं। वहीं इस लोकसभा चुनाव के दौरान धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण एक बड़ा मुद्दा बन गया है। इसको लेकर पक्ष और विपक्ष तरह-तरह की बयानबाजी कर रहा है। एक ओर जहां इंडिया गठबंधन के नेता इसका समर्थन कर रहे तो वहीं एनडीए और बीजेपी खेमा इसका विरोध करता नजर आ रहा है। इस बीच राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पटना में पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में सीधे तौर पर कहा कि मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए। लालू प्रसाद यादव विधान परिषद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। यहां उन्होंने पत्रकारों से मुखातिब हुए कहा कि मुसलमानों को आरक्षण जरूरी मिलना चाहिए। उनसे पत्रकारों ने पूछा कि पीएम मोदी और बीजेपी आरोप लगा रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाएगा। इस पर लालू ने मुसलमानों के आरक्षण का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुसलमनों को भी आरक्षण मिलना चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक में धर्म आधारित आरक्षण पर बीजेपी हमलावर है। पीएम मोदी कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए आरक्षण के मुद्दे को आधार बनाकर जनता के बीच जा रहे हैं। पीएम मोदी चुनावी जनसभाओं में कई बार कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना संविधान के खिलाफ है। कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति के लिए ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे रही है। अब लालू यादव ने मुसलमानों के आरक्षण का समर्थन कर सियासत को और गर्मा दिया है। बता दें कि एमएलसी शपथ ग्रहण समारोह में लालू प्रसाद यादव विधान परिषद में पहुंचे और इस दौरान लालू और नीतीश आमने सामने भी हुए, लेकिन दोनों ने बातचीत नहीं की।

मायावती ने जातिगत समीकरणों को आधार बना सजाई सियासी फील्डिंग

-बारामती लोकसभा सीट पर पवार परिवार की लड़ाई का फायदा उठाने का प्रयास

नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के बारामती लोकसभा सीट पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। बारामती इलाके में पवार वर्सेज पवार की लड़ाई है। इस लड़ाई के बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने जातिगत समीकरणों को आधार बनाकर यहां सियासी फील्डिंग सजाने का दावा कर रही है। बसपा नेता मानते हैं कि उनको दोनों पवार परिवार में हुई लड़ाई का फायदा मिलने वाला है। इसके अलावा बसपा जातिगत समीकरणों के आधार पर खुद को इस लड़ाई में मान रही है। पार्टी का मानना है कि मीडिया महाराष्ट्र में बसपा को हल्के में ले रही है, लेकिन यहां पर सियासी परिणाम चौंकाने वाले आएंगे।

चुनाव प्रचार खत्म होने से कुछ घंटे पहले बसपा में एक बड़ी जनसभा की। इस जनसभा में मौजूद महाराष्ट्र पश्चिम के जोन प्रभारी कालू राम चौधरी ने कहा कि बारामती लोकसभा सीट के इतिहास को अगर आप देखेंगे, तो पता चलेगा कि यह बसपा का गढ़ रही है। यहां पर हाथी चुनाव चिन्ह से एमपी भी चुने गए हैं और एमएलए भी। यह तो मीडिया है, जो उनको चुनावी लड़ाई में शामिल नहीं करता है। बसपा ने इस सीट पर प्रियदर्शनी कोकरे को प्रत्याशी बनाया है। कोकरे धनकर समाज से आती हैं और 23 लाख में इस लोकसभा क्षेत्र में साढ़े छह लाख वोटर धनकर समाज का है। इसके अलावा दलित और मुस्लिम समाज भी उनके साथ है।

इसके अलावा दोनों पार्टियां, जो यहां पर पहले से मैदान में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही थीं, लेकिन यहां पर पवार वर्सेस पवार की लड़ाई हो गई। तो वह नाराज लोग भी तो हमारे साथ आ गए हैं। इसलिए यह कहना कि बसपा यहां पर कमजोर है गलत है। बसपा यहां पर मजबूत स्थिति में है। परिणाम चौकाने वाले हो सकते हैं। सभा में बाबू पवार ने कहा कि बारामती में पवार परिवार ने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। जो घोटाले किए गए थे उससे डरकर अजित पवार भाजपा के साथ मिल गए। इसकी जानकारी महाराष्ट्र में बच्चे-बच्चे को है। इसलिए यहां की जनता ने इस बार बसपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुकी है।

जनसभा को संबोधित करते हुए धनकर समाज से यशवंत ब्रिगेड के प्रमुख ने कहा कि बारामती का धनखड़ समाज पूरी तरीके से बसपा के साथ जुड़ चुका है। पवार परिवार सिर्फ अपने घर की लड़ाई लड़ रहा है। जबकि यह इलाका पानी जैसी मूलभूत सुविधा से जूझ रहा है। अब यहां पर कोई अपनी बेटी के लिए लड़ाई लड़ रहा है, तो कोई अपनी पत्नी के लिए लड़ाई लड़ रहा है। जनता की जरूरत और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए तो कोई लड़ ही नहीं रहा है।

बसपा के जिला सचिव उमेश ने कहा यहां से दस किलोमीटर दूर उनका गांव है। वहां जाकर देखिए लोग पानी के लिए कैसे तरसते हैं। अजित दादा, जो यहां पर विकास की बात करते हैं वह बहुत सीमित है। उस विकास का न तो इलाके में कोई असर है और न ही बारामती शहर में। यहां का युवा नौकरी के लिए दूसरे शहरों में जा रहा है। जो इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप हुआ है, वहां पर उनके क्षेत्र के लोगों को नौकरियों नहीं दी गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रचार के लिए 500-500 रुपये खर्च करके यूपी और बिहार से आने वाली महिलाओं को क्षेत्र में ले जाया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से बसपा में आकाश आनंद ने एंट्री ली है, उससे उनकी पार्टी को बड़ा फायदा होने वाला है। हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक कर बारामती में सियासी माहौल बना लिया है। यह सीट बसपा ही जीतेगी।

आज भारत के प्रधानमंत्री ने रोक रखा है तीसरा विश्व युद्ध

-बीजेपी प्रत्याशी कंगना बोलीं-रूस और यूक्रेन भी चाहते हैं मोदी का मार्गदर्शन

मंडी (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी सीट से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत का एक बयान वायरल हो रहा है। इसमें कंगना कहते हुए दिख रही है कि आज पीएम नरेंद्र मोदी ने तीसरे विश्व युद्ध होने से रोक रखा है। यह बयान कंगना ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए दिया था। कंगना ने कहा था कि आज रूस और यूक्रेन पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ देखते हैं और उनका मार्गदर्शन भी चाहते हैं। यही कारण है आज तीसरा विश्वयुद्ध रुका हुआ है, क्योंकि मोदी खुद विश्व शांति के पक्षधर हैं। कंगना ने कहा कि नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। आज हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हम उस पार्टी से ताल्लुक रखते हैं, जो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा सक्षम नेतृत्व है।

बता दें कि इससे पहले भी कंगना के कई ऐसे बयान दिए हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं जिसमें उन्होंने कभी पीएम मोदी को भगवान राम का अवतार बताया तो कभी भगवान विष्णु का। जारी वायरल वीडियो 3 मई 2024 का है और यह बयान सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले चौकी गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिया गया था।

कंगना ने कहा कि 4 जून को चुनावी नतीजे जब बीजेपी के पक्ष में होंगे तो कांग्रेस के नेताओं को एहसास हो जाएगा कि हिमाचल में टुकड़े गैंग सोच का कोई स्थान नहीं हैं। कंगना ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर हमला बोले हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अहंकार में आकर बीजेपी नेताओं का अपमान कर रहे हैं। चुनावी नतीजे आने के बाद रावण व कौरवों की तरह विक्रमादित्य सिंह का अहंकार चकनाचूर हो जाएगा।

मतदान का आंकड़ा जारी करने में चुनाव आयोग क्यों कर रहा देरी

-खड़गे ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को लिखा पत्र, आवाज उठाने का आग्रह

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन के सहयोगी नेताओं को पत्र लिखकर चुनाव आयोग के रवैये और मतदान के आंकड़े जारी करने में देरी पर सवाल उठाए हैं। खरगे ने पत्र में इंडिया गठबंधन के नेताओं से आग्रह किया कि वे ऐसी विसंगतियों के खिलाफ आवाज उठाएं और हमारा एकमात्र उद्देश्य एक जीवंत लोकतंत्र की संस्कृति और संविधान की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि हमें केंद्रीय चुनाव आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करनी चाहिए और इसे जवाबदेह बनाना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि इंडिया के तौर पर लोकतंत्र की रक्षा करना और चुनाव आयोग की स्वतंत्र कार्यप्रणाली की रक्षा करना हमारा सामूहिक प्रयास होना चाहिए। उपरोक्त सभी तथ्य हमें यह सवाल पूछने के लिए मजबूर करते हैं। क्या यह अंतिम परिणामों में गड़बडी करने का प्रयास तो नहीं है?

उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पीएम मोदी और बीजेपी पहले दो चरणों में मतदान के रुझानों से किस तरह घबराए हुए और निराश दिख रहे हैं। पूरा देश जानता है कि सत्ता के नशे में चूर एक निरंकुश शासन पद पर बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

नीलेश बने बीजल मेहता, 2024 का लोकसभा चुनाव उनके लिए है खास

-सेक्स चेंज कराकर बने महिला अब संभालेंगे चुनाव का काम

वडोदरा (एजेंसी)। गुजरात के एक अधिकारी 2009 से बराबर लोकसभा चुनाव में ड्यूटी कर रहे हैं, लेकिन 2024 का चुनाव उनके लिए बेहद खास है। इसकी वजह है कि वह पहली बार महिला बनकर चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने जा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने तीन चुनाव में पुरुष रहकर चुनावी काम किया था।

एक रिपोर्ट के मुताबिक वडोदरा में डिप्टी मामलतदार नीलेश मेहता अब बीजल मेहता बन चुके हैं। उन्होंने 2020 में सेक्स चेंज करा लिया है। वह नीलेश मेहता के तौर पर 2009 से 2019 तक तीन लोकसभा चुनाव में ड्यूटी कर चुके हैं। 2024 में वह बीजल बनकर चुनाव में ड्यूटी करते नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि मैं एक महिला के तौर पर अपनी ड्यूटी निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यहां मेरे सहकर्मी परिवार से भी ज्यादा हैं और मुझे सहज महसूस कराते हैं। मेहता वडोदरा कलेक्ट्रेट की चुनावी शाखा में पदस्थ हैं। नामांकन से लेकर वेबकास्टिंग समेत कई जिम्मेदारियां उनके पास हैं।

इससे पहले बीजल मेहता पोरबंदर में थे, लेकिन इलाज के दौरान 2023 में वह वडोदरा आ गई थीं। उन्होंने बताया कि वह इलाज के लिए कई बार वडोदरा और अहमदाबाद आती रहती थीं। ऐसे में वडोदरा शिफ्ट होना उनके लिए आसान रहा। उन्होंने कहा कि चार सालों की काउंसिलिंग और हॉर्मोनल थैरेपी के बाद उन्होंने सर्जरी कराई थी जिसके बाद वह नीलेश मेहता से बीजल मेहता बनीं। बीजल मेहता बताती हैं कि कक्षा 9 से ही वह अपने जेंडर को लेकर सहज नहीं थीं। उन्होंने कहा कि उस समय उनकी फीलिंग्स किसी के भी साथ शेयर करना मुश्किल था। 2012 के आसपास उन्होंने फैसला किया कि उनको महिला बनना है। वह स्वीकार करती हैं कि सर्जरी के बाद उन्हें अपनी नौकरी को लेकर भी चिंता थी, लेकिन उन्हें कोई दिक्कत नहीं हुई उनके सभी साथी उन्हें सेपार्ट करते हैं।

मौसम बदलेगा मिजाज, कई राज्यों में हो सकती है बारिश और ओलावृष्टि

- देश कुछ राज्यों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस वक्त देश में गर्मी अपने शबाब पर है। इस गर्मी से बचने लोग ठंडा पेय और मुंह ढंककर घर से बाहर निकल रहे हैं। देश के कई राज्यों में तो हीटवेव का जोर है। इससे बीमार लोगों से अस्पताल भरे पड़े हैं। वही मौसम भी अपने मिजाज बदल रहा है। देश कुछ राज्यों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है तो वहीं कुछ इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावनाएं है। वहीं मौसम विभाग ने 7 मई को पूर्वी मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, झारखंड और विदर्भ के कुछ हिस्सों में ओले गिरने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के मुताबिक गुजरात, विदर्भ, तमिलनाडु, राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में हीटवेव का दौर जारी रहेगा। इसके अलावा गंगीय पश्चिम बंगाल में आंधी और बारिश भी हो सकती है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 42 डिग्री तापमान के बीच आंधी और धूल भरी हवाएं चलने की संभावना है। दिल्ली में गर्मी के साथ 9 मई तक तेज हवाओं चलने की संभावना है। हालांकि, 11 और 12 मई को दिल्ली में गरज-चमक के साथ बारिश होने के भी आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस हफ्ते दिल्ली का अधिकतम तापमान 41-42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

पूर्वोत्तर भारत में मध्यम बारिश और गरज के साथ बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। 7 मई को असम और मेघालय में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं गंगीय पश्चिम बंगाल में 7 और 8 मई को अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इसके अलावा 7 से 9 मई के बीच पूर्वी बिहार, पूर्वी झारखंड, ओडिशा, दक्षिणी छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और दक्षिणी कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश और तूफान, बिजली और ओलावृष्टि हो सकती है।

वहीं पूर्वी और दक्षिणी मध्य प्रदेश, विदर्भ में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। उत्तराखंड और केरल में हल्की बारिश संभव है। अगले 24 घंटों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों और तटीय

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और तमिलनाडु में एक या दो स्थानों पर लू चल सकती है लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।